
आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 150 | उज्जैन, सोमवार 15 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, होर्मुज खोलेगा

**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए तैयार किए गए ड्राफ्ट में न्यूक्लियर प्रोग्राम, ऑयल बैन, फ्रीज प्रॉपर्टी और होर्मुज से जुड़े मुद्दों पर सहमति बन गई है। यह दावा रॉयटर्स न्यूज एजेंसी ने एक सीनियर ईरानी अधिकारी के हवाले से किया है। रिपोर्ट के मुताबिक ड्राफ्ट में ईरान ने कहा है कि वह न परमाणु हथियार बनाएगा और न ही किसी दूसरे देश से हासिल करेगा। फाइनल समझौता होने तक ईरान अपने मौजूदा परमाणु कार्यक्रम में कोई बड़ा बदलाव नहीं करेगा। वो यूरेनियम एनरिच्ड नहीं करेगा और नए न्यूक्लियर सेंटर्स का विस्तार भी नहीं करेगा। ईरान सभी कारोबारी जहाजों के लिए होर्मुज तुरंत खोल देगा। इसके बदले अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर लगी अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाना शुरू करेगा।

### आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन : मोहन भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन इसे सबसे ज्यादा गलत समझा जाता है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि बाहर से देखने पर संघ लोगों को अलग-अलग तरह का दिखाई देता है। भागवत ने कहा- कुछ लोग इसे अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, जबकि भारतीय खेलों और पारंपरिक युद्ध कलाओं को बढ़ावा देने के कारण कुछ लोगों को यह एक बड़े जिम जैसा लगता है। उन्होंने कहा कि संघ को बाहर से देखकर पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। आरएसएस को समझने का सबसे अच्छा तरीका उसके साथ जुड़ना और उसके काम को करीब से देखना है।

### बॉयफ्रेंड रचित के एक्टिंग डेब्यू पर हुमा कुरैशी का पोस्ट



**मुंबई।** एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड रचित सिंह को फिल्म इंडस्ट्री में 'हार्ड-लॉन्च' किया है। रचित सिंह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'बेबी डू डाई डू' से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसमें हुमा कुरैशी भी मुख्य भूमिका में हैं। हुमा ने सोशल मीडिया पर रचित की तस्वीरें शेयर करते हुए उनके एक दशक लंबे संघर्ष और काम के प्रति उनकी लगन की तारीफ की है। इसके जवाब में रचित ने भी हुमा को अपना सबसे बड़ा सपोर्टर बताया है। पिछले साल दोनों की सगाई की खबरें सामने आई थीं। बनारस से मुंबई तक 10 साल किया संघर्ष हुमा कुरैशी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि रचित उत्तर प्रदेश के बनारस के रहने वाले हैं। वे आंखों में एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई आए थे। जब उन्हें तुरंत सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने हार नहीं मानी। हुमा ने बताया कि रचित ने पिछले 10 सालों में कई अन्य कलाकारों को ट्रेनिंग दी, उनके मेंटर बने और वर्कशॉप्स में काम किया। वे पर्दे के पीछे रहकर दूसरों को आगे बढ़ाते रहे और अपने सही समय का इंतजार करते रहे। उन्होंने एक्टिंग के लिए कभी कोई शॉर्टकट नहीं अपनाया और अपने काम पर भरोसा रखा। रचित ने हुमा को कहा- सबसे बड़ी सपोर्टर हुमा की इस पोस्ट पर रचित सिंह ने भी कमेंट करते हुए लिखा, "हार्ड-लॉन्च करने के लिए

### लंदन में 26 साल के भारतीय युवक की चाकू मारकर हत्या

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में 26 साल के भारतीय मूल के युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके से 20 से 30 साल की उम्र के 7 लोगों को हत्या के शक में हिरासत में लिया था। जांच के बाद 6 लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि एक व्यक्ति को जमानत पर रिहा किया गया है। उससे आगे भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, गुरभेज सिंह पर करीब रात 12.30 बजे हमला हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। घटना में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद अब वह खतरे से बाहत है।

### भारतीय फौज ने उतारे गुलामी के दौर के निशान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने जवानों की यूनिफॉर्म से गुलामी के दौर की निशानियों को हटा दिया है। 174 पेज की नई आर्मी यूनिफॉर्म-2026 बुक में कॉलोनियल एरा के नियमों में भी बदलाव किया है। सेना का कहना है कि ये बदलाव भारत की संप्रभु पहचान और राष्ट्रीय भावना के मुताबिक किए गए हैं। नए नियमों में रिव्यूइंग ऑफिसर के लिए परेड में तलवार रखना वैकल्पिक कर दिया गया है। वहीं, कुछ मैस ड्रेस के साथ इस्तेमाल होने वाली पाउच बेल्ट हटाई गई है। इसके साथ ही रॉयल जैसे पुराने शब्दों का इस्तेमाल बंद किया गया है। पहली बार फॉर्मल सिविल ड्रेस में स्वदेशी बंदी जैकेट को भी शामिल किया गया है। बंद गले वाली बंदी जैकेट को फुल स्लीव शर्ट, फॉर्मल ट्राउजर और बंद जूतों के साथ पहना जा सकेगा।

---

मुरैना जिले के हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा

# तीन महिलाओं और एक मासूम बच्चे समेत छह लोगों की मौत

## उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए और दूसरी लाइन पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुरैना





मुरैना जिले के हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए और दूसरी लाइन पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

हादसे में तीन महिलाओं और एक मासूम बच्चे समेत कुल छह लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

जानकारी के मुताबिक, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ग्वालियर से मुरैना की ओर जा रही थी। इसी दौरान किसी यात्री ने डिब्बे में आग लगने की बात कही, जिससे बोगी में अफरातफरी मच गई। घबराए यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींचकर ट्रेन रोक दी और कई लोग नीचे उतर गए। इसी दौरान पास की लाइन पर धौलपुर की ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस वहां पहुंच गई और कुछ यात्री उसकी चपेट में आ गए।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और मुरैना पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया तथा मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों से संपर्क करने की प्रक्रिया जारी है।

### रेलवे की टीमें सभी पहलुओं की जांच कर रही

इस हादसे के चलते दिल्ली-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए रेल यातायात प्रभावित रहा। कई ट्रेनों को रास्ते में रोका गया, जबकि प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गईं। बाद में ट्रैक को क्लियर कर रेल यातायात सामान्य किया गया। रेलवे प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ट्रेन में आग लगने की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों का मानना है कि अफवाह के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस और रेलवे की टीमें सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं।

---

## कॉकरोच पार्टी का बेंगलुरु में बारिश के बीच प्रदर्शन

### ऐक्टर प्रकाश राज शामिल हुए, हैदराबाद में वांगचुक की स्पीच, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु




कॉकरोच जनता पार्टी ने रविवार शाम बेंगलुरु में बारिश के बीच प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में एक्टर प्रकाश राज भी शामिल हुए और उनके हाथ में फूल था।

बारिश में लोग हाथों में पोस्टर और छाता लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक और सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रोसेस में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर प्रदर्शन हुआ, जिसमें सोनम वांगचुक ने भाषण दिया। पिछले 9 दिनों में सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक देश के 5 शहरों में विरोध जता चुके हैं। इसकी शुरूआत 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर से हुई थी। इसके बाद 11 जून को पुणे, 12 जून को लखनऊ, 13 जून को अमृतसर में प्रदर्शन किया था। सीजेपी यह प्रदर्शन शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कर रही है।

**आगे एक रोडमैप तैयार किया जाएगा**

हैदराबाद में ऐक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा, यह शिक्षा मंत्री बनने या कोई पार्टी बनाने का आंदोलन नहीं है। यह देश में युवाओं के साथ हो रही गलतियों को सुधारने का आंदोलन है। यह एक जागरण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में हमें ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनानी चाहिए, जहां भारत भयमुक्त हो, नफरत से मुक्त हो और हर व्यक्ति को बिना किसी सवाल के स्वतंत्रता मिले। वांगचुक बोले- यह आंदोलन सिर्फ परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। इसका मकसद व्यवस्था की बुनियाद को मजबूत करना भी है, जिसके लिए आगे एक रोडमैप तैयार किया जाएगा। लेकिन फिलहाल सबसे बड़ी समस्या परीक्षाओं की है।

## राममंदिर चढ़ावे की जांच के लिए दिल्ली से आईपीएस पहुंचे

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला तूल पकड़ रहा है। सरकार ने जांच के लिए शनिवार को एसआईटी बना दी, जो रविवार रात तक अयोध्या पहुंचेगी। वहीं, 3 दिन पहले ही केंद्र सरकार ने एक आईपीएस अफसर को यहां भेज दिया था। उनकी देख-रेख में चढ़ावा चोरी मामले की गोपनीय जांच चल रही है। हालांकि, इसको लेकर अधिकारी अभी चुप्पी साधे हैं। इधर, चढ़ावा चोरी में अब तक 5 लोगों के नाम सामने आए हैं।

## सीएम बोले-पीएम के नेतृत्व में देश अमृत स्नान कर रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पिछले 12 वर्षों से 'अमृत स्नान' कर रहा है। भारत आज दुनिया के सामने एक मजबूत आर्थिक ताकत बनकर खड़ा है।

सीएम ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले कम्युनिस्टों ने बंगाल को खराब किया, बाद में ममता बनर्जी ने निर्ममता से पूरे बंगाल का सत्यनाश कर दिया। मुख्यमंत्री ने ये बातें भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्यप्रदेश' कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीएम ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के सीएम थे, तब अमेरिका उनको आने के लिए वीजा नहीं देता था। आज जब भी प्रधानमंत्री अमेरिका की ओर कदम बढ़ाते हैं, चाहे ओबामा हो या ट्रंप हो सभी पीएम मोदी जी को याद करते हैं। उनका इंतजार करते हैं।

---

## ब्राजील- बंजी जम्पिंग के दौरान रस्सी बांधे बिना फेंका, 21 साल की युवती की मौत

एजेंसी ▸▸ ब्राजिलिया




ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में बंजी जंपिंग के दौरान एक हादसे में 21 साल की युवती की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्मचारियों ने युवती को सेफ्टी रोप लगाए बिना ही पुल से छलांग लगवा दी, जिससे वह 130 फीट से ज्यादा गहराई में जा गिरी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक युवती की पहचान मारिया एडुआर्डा रोड्रिग्स डी फ्रेटास के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी की ओर से आयोजित बंजी जंपिंग एक्टिविटी में हिस्सा लेने पहुंची थी। यह हादसा स्केलेटन ब्रिज पर हुआ।

वीडियो में कई लोग जोर से चिल्लाते सुनाई देते हैं, रोप... रोप..., लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और युवती गहरी खाई में गिर चुकी थी। पुलिस ने घटना के बाद मौके से छह लोगों को हिरासत में लिया है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा पाटलिपुत्र स्टेशन पर पथराव-तोड़फोड़

**पटना।** बिहार में रविार को सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया। मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छात्रों ने कई ट्रेनों को रोक दिया था। स्टेशन पर दुकानों, एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ की। इसके चलते कांच के टुकड़े स्टेशन पर बिखर गए। आईजी जितेन्द्र राणा को हालात काबू करने के लिए फायरिंग करनी पड़ी।

प्रदेश में 18 जून तक मानसून की एंट्री संभव

## भोपाल में आंधी-बारिश, रायसेन में उड़े छप्पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिव है। कहीं तेज आंधी चल रही है तो कहीं ओले और बारिश हो रही है। रविवार को मौसम ने करवट ली। भोपाल, सीहोर, इंदौर, रायसेन और खरगोन में अच्छी बारिश हुई। कई इलाकों में तेज हवाओं से बिजली गुल हो गई, जबकि रायसेन में मकानों के छप्पर उड़ गए। खरगोन में निंदाई और बुआई का काम प्रभावित हुआ।

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, मानसून आने तक प्रदेश में प्री-मानसूनी गतिविधियां जारी रहेंगी। मानसून 3 से 4 दिन की देरी से चल रहा है और 18 जून तक मध्य प्रदेश में प्रवेश कर सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में एक ट्रफ की एक्टिविटी है। इसलिए अगले 4 दिन का वेदर फोरकास्ट जारी किया गया है। इसके अनुसार, आंधी-बारिश के साथ रविवार को इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में तेज गर्मी का असर भी रहेगा।

---

राजस्थान की चौमहला कोर्ट ने मध्यप्रदेश पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

# दो टीआई समेत 100 लोगों पर एफआईआर के आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा




राजस्थान की चौमहला कोर्ट ने आगर कोतवाली पुलिस की एनडीपीएस कार्रवाई को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। शुक्रवार को कोर्ट ने थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित लगभग 100 लोगों के खिलाफ जिनमें कई पुलिसकर्मी और अन्य लोग शामिल हैं, उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई इसी साल जनवरी में झालावाड़ जिले के घाटाखेड़ी गांव में की गई थी, जो अब कानूनी विवादों में घिर गई है।

यह मामला 28 जनवरी 2026 को राजस्थान के डग थाना क्षेत्र के ग्राम घाटाखेड़ी में हुई कार्रवाई से संबंधित है। आगर कोतवाली पुलिस ने दावा किया था कि उन्होंने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और ड्रग्स निर्माण सामग्री पकड़ी थी, साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सुसनेर निवासी फैजान से मिली जानकारी के आधार पर की गई थी।

हालांकि, गिरफ्तार आरोपियों के पिता हमीद खान ने इस कार्रवाई को शुरू से ही झूठा और मनगढ़ंत बताया था। उन्होंने चौमहला न्यायालय में एक परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि मध्यप्रदेश पुलिस ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिए बिना उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की, परिजनों को प्रताड़ित किया और उनके बेटों को झूठे एनडीपीएस मामले में फंसा दिया। न्यायालय के निर्देश पर झालावाड़ एसपी ने मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचन्द्र मीणा को सौंपी थी। इस जांच के दौरान कई ऐसे तथ्य सामने आए, जिन्होंने पुलिस की पूरी कार्रवाई की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। जांच रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने जिस तलाशी, गिरफ्तारी और जब्ती का दावा किया था, उससे संबंधित कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिले। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताए गए कई सामान जब्ती दस्तावेजों में दर्ज नहीं पाए गए। इसके अलावा, कार्रवाई के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने का पुलिस का दावा भी जांच में पुष्ट नहीं हो सका।

### अदालत में वकीलों ने रखे तर्क

- 11 जून को याचिककर्ता हमीद खान की ओर से उनके अधिवक्ताओं ने न्यायालय में तर्क पेश किए। अधिवक्ताओं ने कहा कि एनडीपीएस जैसी संवेदनशील कार्रवाई में स्थानीय राजस्थान पुलिस को सूचना नहीं देना, स्वतंत्र गवाहों को राजस्थान के बजाय आगर से साथ ले जाना, तलाशी, गिरफ्तारी और जब्ती की वीडियोग्राफी नहीं करना, ये प्रक्रिया संबंधी कई नियमों का पालन नहीं किया जाना कार्रवाई को संदिग्ध बनाता है।
- कोर्ट में पेश सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का हवाला देते हुए बताया गया कि मध्यप्रदेश पुलिस के सभी वाहन घाटाखेड़ी में लगभग 30 मिनट ही रुके थे। इसी दौरान तलाशी, गिरफ्तारी, जब्ती और अन्य संपूर्ण कार्रवाई किए जाने का दावा किया गया है, जबकि इतने कम समय में एनडीपीएस अधिनियम के तहत पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन कर कार्रवाई संभव नहीं प्रतीत होती।

## शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 2.27 करोड़ की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर शहर की एक महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। साइबर सेल ने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्वालियर निवासी आसिम अहमद सिद्दीकी को भोपाल से पकड़ा है। जांच में सामने आया है कि आरोपी भोपाल स्थित एक कार सर्विस सेंटर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है और उसके बैंक खाते का इस्तेमाल ठगी की रकम के लेन-देन में किया गया था। साइबर सेल द्वारा की जा रही जांच में खुलासा हुआ कि महिला से ठगी गई करोड़ों रुपये की राशि अलग-अलग बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की गई थी। लेन-देन की पड़ताल के दौरान दो लाख रुपये की रकम आसिम अहमद सिद्दीकी के बैंक खाते में पहुंचने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उसके बैंकिंग रिकॉर्ड और गतिविधियों की जांच शुरू की।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

सिंहस्थ और बढ़ती यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे ने दी बड़ी सौगात, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

# कोटा-उज्जैन के बीच आज से दौड़ेगी पहली सीधी मेमू रेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने यात्रियों को बड़ी सौगात देते हुए कोटा और उज्जैन के बीच पहली सीधी मेमू रेल सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह सेवा आज 15 जून से नियमित रूप से संचालित होगी। उज्जैन में आगामी सिंहस्थ महापर्व तथा कोटा और मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या को देखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, पहले कोटा से चौमहला तक संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 61624/61623 कोटा-चौमहला मेमू का विस्तार कर अब इसे उज्जैन तक चलाया जाएगा। इस नई व्यवस्था से कोटा, झालावाड़



और मालवा क्षेत्र सहित उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों को सीधा रेल संपर्क मिलेगा तथा यात्रा अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

### सुबह कोटा से रवाना होकर दोपहर में पहुंचेगी उज्जैन

गाड़ी संख्या 61624 प्रतिदिन सुबह 5:40 बजे कोटा से रवाना होगी। यह ट्रेन मार्ग में रामगंजमंडी, भवानीमंडी, शामगढ़, चौमहला, विक्रमगढ़ आलोट और नागदा सहित विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए दोपहर 12 बजे उज्जैन पहुंचेगी। इससे दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलेगा।

### वापसी में दोपहर 12:30 बजे उज्जैन से होगी रवाना

वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 61623 दोपहर 12:30 बजे उज्जैन से रवाना होगी और मार्ग के सभी निर्धारित स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए शाम 7:05 बजे कोटा पहुंचेगी। इस समय-सारिणी से दोनों शहरों के बीच एक ही दिन में आना-जाना भी संभव हो सकेगा।

### श्रद्धालुओं सहित अन्य यात्रियों को मिलेगा लाभ

उज्जैन में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों, विशेष रूप से सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सेवा अत्यंत उपयोगी साबित होगी। साथ ही महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा कोटा, नागदा, चौमहला और मालवा क्षेत्र के यात्रियों को भी बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी। नई मेमू सेवा शुरू होने से क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा और सड़क परिवहन पर निर्भरता भी कम होगी।

## न्याय मांगती सयानी नीलगायें

मालवा ही नहीं आसपास के क्षेत्र की फसलों एवं कृषकों की वर्षों से समस्या बन चुकी नीलगाय ग्रामीणों के अनुसार बहुत ही सयानी और चतरी कहीं जाती है। ये बुआई के दौरान अनाज चाट लेती है और फसल आने पर उसे चट तो करती ही है उस पर लौट लगाती है जिससे फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाती है। इन्हें भगाना भी आसान नहीं है। अधिकांश रात के समय ही ये खेतों को अपना लक्ष्य बनाती है और झूंड के रूप में खेतों में पहुंचकर बबार्दी करती है। एक साथ झूंड के रूप में दौड़ने के दौरान अगर कोई बीच में आ जाए तो ये रौंदते हुए निकल जाती है। घोड़े के आकार और प्रवृत्ति की होने से इन्हें मालवा में घोड़ा रोज भी कहा जाता है। पास के जिले में इन्हें जंगलों में घेरकर बहुत ही आसानी से बोमा में कैद कर लिया गया था। धर्मनगरी के जिला मुख्यालय की तहसील में ऐसा संभव नहीं हो सका है। इन्हें पकड़ने वाले विभाग के लोगों एवं किसानों में चर्चा है कि जिस तहसील में ये पकड़ने की कवायद की जा रही है उसी में करंट से दो नीलगाय की मौत के मामले में विभागीय प्रक्रिया पर सवाल खड़े हुए हैं। इसे लेकर शेष नीलगाय न्याय की मांग करते हुए बोमा को बायपास कर निकल रही हैं और विभाग खाली हाथ जगन्नाथ के हाल में हैं। नीलगायों ने सयाना और चतरापन दिखा दिया है। मैदानी इलाके में ये बोमा तक पहुंचने को ही तैयार नहीं हैं। अब तक किए गए प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। अंगुलियों पर गिने जाने वाली नीलगायें भी किसानों ने अपने तरीके से ही पकड़ दी है और बांध ली थी। खुसूर-फुसूर है कि अपने दो साथियों की मौत के मामले में न्याय की आस में नीलगायों का बोमा से बायपास विभाग के प्रति विरोध का तरीका तो नहीं है जिसके चलते वे किसी भी प्रलोभन में आने को तैयार नहीं हैं। किसी हांका के आगे भी वे घिरने को तैयार नहीं हैं। ना ही वे लाठियों से भी घेरी जा पा रही हैं। अब विभाग का बोमा कितना सफल हो पाता है ये अलग बात है।




बिजली कंपनी की नईसड़क शाखा मनमानी पर उतरी

# बगैर सूचना के बिजली कटौती शिकायत सुनने वाला कोई नहीं

### उपभोक्ताओं को टका सा जवाब मिल रहा शिकायत सुबह करो या फिर 1912 पर ही बात करो

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

एक तो बगैर सूचना के बिजली कटौती उपर से उपभोक्ताओं को जवाब दिया जा रहा है कि शिकायत सुबह करो या फिर 1912 पर ही बात करो। ये आलम है बिजली कंपनी की नईसड़क शाखा के। मनमानी पर उतारू कंपनी के कर्मचारी किसी की सूनने को तैयार नहीं है या यूं कहें कि उन पर किसी का जोर नहीं तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आम उपभोक्ता के लिए जारी नंबरों को उठाने पर शिकायत के निवारण की बजाय उसे टका सा जवाब मिल रहा है।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर संभाग अंतर्गत पश्चिम जोन के नईसड़क शाखा पर सभी काम मनमानी से हो रहा है। विद्युत कंपनी के नियमों को ताक पर रख दिया गया है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बगैर सूचना के ही संधारण के नाम पर कटौती की जा रही है। यहां तक कि स्ट्रीट लाइट के फाल्ट को भी तत्काल ठीक करने की बजाय उसे भी दूसरे दिन पर टाला जा रहा है। ऐसी स्थितियों में होने वाली दुर्घटना के लिए जिम्मेदारी लेने को अधिकारी तैयार नहीं हैं।




### आसपास के क्षेत्र के भी यही हाल

वार्ड 32 ही नहीं उसके आसपास के क्षेत्र में भी बिजली कंपनी की और से यही स्थिति आम उपभोक्ता बता रहा है। बहादुरगंज, दूध तलाई, मालीपुरा सहित आसपास के जुड़े क्षेत्रों में भी अक्सर 2-3 घंटों की कटौती ऐसे की जा रही है जैसे कंपनी की कोई विधि मत जिम्मेदारी ही नहीं है। छोटी-छोटी बातों के लिए उपभोक्ताओं से राशि लेने वाली कंपनी के अधिकारी आम उपभोक्ता को दुधारू गाय समझकर अपने काम को अंजाम देने की स्थिति में आ गए हैं। शहरी गौपालकों की तरह सिर्फ राजस्व के लिए उपभोक्ता पर दबाव देने वाले कंपनी के अधिकारी उपभोक्ता को सूचना तक देना वाजिब नहीं समझ रहे हैं और मनमानी कर रहे हैं।

### बगैर सूचना के जमकर कटौती

क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 में उपभोक्ता इनकी मनमानी से बूरी तरह से परेशान हैं। पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश रामी बताते हैं कि बगैर सूचना के लाईट कटौती की मनमानी अब चरम पर पहुंच चुकी है। रात में स्ट्रीट लाइट में बिजली कंपनी के फाल्ट होने से क्षेत्र की स्ट्रीट लाईटें बंद होने पर जोन कार्यालय पर सूचना दिए जाने पर उनका कहना था कि कल सुबह शिकायत दर्ज होगी। इसके साथ ही 1912 पर शिकायत का सुझाव दिया गया। अधिकारियों से बात करने पर वे भी संतुष्टिपूर्वक जवाब न देते हुए मनमानी को प्रश्रय दे रहे हैं। क्षेत्र में छोटी मोटी कटौती की सूचना सोश्यल मीडिया के व्हाट्सप ग्रुप में डालकर उपभोक्ताओं को बेवकूफ बनाया जा रहा है। मनमानी की कटौती घंटों की जा रही है जिसकी कोई सूचना नहीं दी जा रही है। शनिवार को ही बगैर सूचना सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक कटौती की गई। उमस और गर्मी में क्षेत्र के उपभोक्ताओं के बुरे हाल थे। शिकायत करने वालों को जोन से टका सा जवाब दिया कि 1912 पर शिकायत करो। अधिकारियों से बात करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया। अक्सर 2-3 घंटों के लिए बिजली गायब होना क्षेत्र में आए दिन का काम हो गया है।

सोमतीर्थ कुंड पर श्रद्धालुओं सुविधार्थ आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की गई

## आज अमृत सिद्धि योग में सोमवती अमावस्या, नगर निगम ने कमरकसी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोमवार को तड़के से ही शहर में अमृत सिद्धि योग में सोमवती अमावस्या का स्नान होगा। सोमतीर्थ पर बड़ी संख्या में अंचल के श्रद्धालु जुटेंगे, इसके साथ ही शिप्रा के विभिन्न घाटों पर भी स्नान होगा। नगर निगम ने श्रद्धालु स्नान के सुविधार्थ तैयारियां पूर्ण कर ली है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के अनुसार सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुलभ सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

सोमवती अमावस्या स्नान को लेकर रविवार को नगर निगम आयुक्त ने स्थल निरीक्षण किया है। इस दौरान नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ सोमतीर्थ कुंड एवं रामघाट पर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग तक चौड़ीकरण के दौरान आवश्यक बैरिकेटिंग करे पर्व स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, घाटों पर सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे।

निगम द्वारा सोमतीर्थ पर श्रद्धालुओं के लिए स्नान हेतु फव्वारों की व्यवस्था, मार्ग के सूचना संकेतक बोर्ड, समतलीकरण,कंट्रोल रूम, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक चेंजिंग रूम, टेंट-शामियाने, पार्किंग स्थल तथा चलित शौचालयों एवं सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सोमवती अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। इसके साथ ही निगम द्वारा अन्य प्रमुख घाटों पर भी शिफ्ट वार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे सफाई, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं निरंतर संचालित हो सकें, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निगम आयुक्त द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## न्यूज कॉलम

### आचार्य शैलेंद्र पाराशर को सारस्वत जीवन गौरव सम्मान



**उज्जैन/** विंध्याचल अकादमी, देवास में तीन दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ दिवस पर मुख्य अतिथि प्रबोधक आचार्य शैलेन्द्र पाराशर को उनकी शिक्षा एवं समाज को समर्पित साधना एवं सेवाओं के लिए सारस्वत जीवन गौरव सम्मान 2026 अलंकरण से अलंकृत एवं शाल, श्रीफल, अभिनंदन-पत्र भेंट कर अकादमी के संचालक दिनेश गुप्ता एवं प्राचार्य श्रीमती मानसी दिघे द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यशाला में आचार्य पाराशर ने प्रेरक प्रबोधन में शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की शिक्षक ज्ञान ही नहीं देता बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। अपनी अन्तर्निहित शक्तियों को जागृत करना ही शिक्षा है। विशेष रूप से शिक्षकों को तीन महत्वपूर्ण सूत्र बताये, निरंतर सीखते रहने की प्रवृत्ति बनाए रखें। शिक्षक को विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील, परानुभूतिपूर्ण एवं करुणाशील रहना चाहिए। शिक्षक स्वस्थ मानसिकता, आचरण, अनुशासन और चरित्र से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी के संचालक दिनेश गुप्ता एवं मुख्य अतिथि आचार्य शैलेन्द्र पाराशर ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजन एवं प्रार्थना के साथ किया। अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण प्रधानाध्यापिका जसविन्दर कौर गाँधी ने दिया।

### एमपी का पहला साइंस सेंटर उज्जैन में शुरू, एक महीने तक एंट्री फ्री

**उज्जैन।** उज्जैन में मध्य प्रदेश का पहला साइंस सेंटर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अप्रैल में इसका लोकार्पण किया था। अब यह बच्चों, युवाओं और विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए खास आकर्षण बन गया है। आम लोगों के लिए यहां एक महीने तक निशुल्क प्रवेश रखा गया है। उज्जैन की खगोलीय विरासत को ध्यान में रखते हुए यहां आधुनिक एस्ट्रोनॉमी गैलरी बनाई गई है। इसमें ग्रह, तारे, ब्रह्मांड और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारियां आधुनिक तकनीक के जरिए दिखाई गई हैं। साथ ही भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विरासत को भी प्रदर्शित किया गया है। साइंस फन गैलरी में ऐसे इंटरएक्टिव मॉडल लगाए गए हैं, जिनसे बच्चे आसान तरीके से विज्ञान के सिद्धांत समझ सकते हैं। यहां सीखने के साथ मनोरंजन का भी पूरा इंतजाम है। सेंटर परिसर में साइंस पार्क भी बनाया गया है। यहां लगे मॉडल और उपकरणों के जरिए बच्चे गुरुत्वाकर्षण, गति, संतुलन और ऊर्जा जैसे विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकते हैं।

## महाकाल मंदिर में लेजर शो अब नहीं रहेगा मुफ्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर दर्शनों के लिए आने वालों को अब लेजर शो मुफ्त देखने को नहीं मिलेगा। श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने शो देखने के लिए शुल्क निर्धारित कर दिया है। श्रद्धालुओं को अब शो देखने के लिए प्रति व्यक्ति 100 रुपये का शुल्क देना होगा। इस शुल्क व्यवस्था को लागू भी कर दिया गया है।

18 करोड़ रुपये से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा तैयार किए गए लेजर शो का उद्घाटन पिछले वर्ष 25 अक्टूबर को



मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने किया था। श्रद्धालुओं को 25 मिनट तक यह शो बिना कोई शुल्क लिए मुफ्त में ही दिखाया जाता रहा। इसमें श्रद्धालुओं को वाटर स्क्रीन, फाउंटेन, लेजर लाइट और साउंड इफेक्ट्स के माध्यम से भगवान महाकाल के दर्शन होते थे।

नगर निगम ने चौड़ीकरण करते समय मदद का आश्वासन दिया और अब नियम बता रहे

## चौड़ीकरण की जद में आए पट्टेधारी चौतरफा संकट में घिरे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में चौतरफा जारी चौडीकरण में क्षेत्र के पट्टेधारी चौतरफा संकट से घिर गए हैं। ऐसे में उनके मकानों का सिंहस्थ तक निर्माण होना संशय में दिखाई देने लगा है। चौडीकरण की शुरूआत में अधिकारी पट्टेधारियों को आश्वासन दे रहे थे और चौडीकरण में मकान तोड़ने के बाद से उनके बोल ही बदल गए हैं।

शहर में बारह खोली, जयसिंहपुरा मार्ग के साथ गेल इंडिया-नीलगंगा मार्ग का चौड़ीकरण अन्य क्षेत्रों के साथ बराबर चल रहा है। इन मार्गों के कई निवासी पट्टाधारी है और बीपीएल श्रेणी से हैं। चौड़ीकरण की शुरूआत में उन्हें नगर निगम के अधिकारियों ने कहा था कि चौड़ीकरण में सहयोग के उपरांत उनके नक्शे पास होंगे और उन्हे वैधानिकता मिल सकेगी। ऐसे में उन्हें नगर निगम बैंकों से ऋण में भी सहयोग करेगी, लेकिन अब जब मकान टूट चुके हैं और काम हो चुका है। ऐसे में पट्टेधारी मकान वाले आर्थिक संकट से घिर गए हैं। पट्टेधारी क्षेत्र में 20-50 वर्षों से निवास कर रहे हैं। इनमें से कई के पट्टे पर नामांतरण हो चुका है और वे नियमित संपत्तिकर, पेयजल का पैसा जमा कर रहे हैं।



**कोई वैधता की स्थिति नहीं-** चौड़ीकरण में मकान टूटने पर कई पट्टेधारियों की आर्थिक स्थिति खराब है। जब वे अपने पट्टे पर लोन के लिए बैंकों में संपर्क कर रहे हैं तो उनके पट्टे की वैधता पर सवाल करते हुए मना किया जा रहा है। इसके साथ ही न तो उनके पट्टे के नक्शे पास हो रहे हैं न ही क्षेत्र का ही नगर तथा ग्राम निवेश विभाग का ही नक्शा है जिसे लेकर भी सवाल खड़ा हो रहा है। खास तो यह है कि वैधानिक पट्टे पर नगर निगम भी नक्शा पास करने से बच रही है उसके अधिकारी अन्यानेक दस्तावेज मांग रहे हैं जबकि इन क्षेत्रों में चौड़ीकरण से पूर्व अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ऐसे निवासियों को आश्वस्त किया था कि उन्हें हर संभव मदद की जाएगी।

**मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के वोटर-** खास बात यह है कि ये दोनों ही क्षेत्र मुख्य मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। नगर निगम के सूत्रों के अनुसार दोनों मार्ग पर करीब 100 से अधिक ऐसे पट्टेदार हैं जो दशकों से यहां रह रहे हैं लेकिन उनके नक्शे नहीं होने से उन्हें मकान बनाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं मिल पा रहा है। इन क्षेत्रों में कई पट्टेदारों ने तो कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.50 लाख रूपए लेकर अपने मकानों का निर्माण भी किया था और हालिया चौड़ीकरण में इनके मकान जद में आ गए हैं। ऐसे में इन्हें अब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलना भी मुश्किल हो गया है। कुछ पट्टेदार ऐसे हैं जिनके आवासों पर अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला था और चौड़ीकरण में उनके पूरे मकान ही हिल गए हैं। जर्जर मकानों में अगर ज्यादा समय तक वे रहे तो किसी भी दिन हादसे की स्थिति बनना तय है।

रतलाम सराफा लूटने की थी तैयारी, पुलिस ने पहले ही दबोचा, रेकी कराने वाला स्थानीय आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा

# हथियारबंद खूंखार अंतरराज्यीय गैंग के 6 डकैत गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम/उज्जैन**

स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सराफा बाजार (चांदनी चौक) में डकैती डालने की तैयारी कर रहे हथियारबंद खुंखार अंतर्राज्यीय गैंग के 6 डकैत पुलिस के कब्जे में हैं। पुलिस ने बेहद सनसनीखेज योजना को विफल कर दिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर घातक हथियारों से लैस पारदी गैंग के बदमाशों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया एक आरोपी बुरहानपुर की बड़ी डकैती में फरार चल रहा था, जिस पर इनाम भी घोषित था। अंधेरे का फायदा उठाकर गैंग को रेकी कराने वाला रतलाम का स्थानीय आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

स्टेशन रोड थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह जादौन को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि उंकाला रोड पर पंचपीर दरगाह (नई ईदगाह) के पास 6-7 संदिग्ध लोग धारदार हथियारों के साथ बैठे हैं और चांदनी चौक सराफा बाजार की किसी बड़ी ज्वेलर्स दुकान में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जादौन के नेतृत्व में तत्काल तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने रात के अंधेरे में घेराबंदी कर दबिश दी और मौके से 6 शातिर बदमाशों को दबोच लिया।



### घातक हथियार बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में डकैती और शटर काटने में इस्तेमाल होने वाले एक लोहे की धारदार तलवार और एक फालिया, एक लोहे की रॉडनुमा गुप्ती और एक टॉमी, एक लकड़ी का डंडा, एक काले रंग का बैग जिसमें हाइड्रोलिक कटर, गुलेल, पाने और पेचकस जैसे औजार व हथियार जब्त किए हैं।

### आईसीजेएस से खुला आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना स्टेशन रोड पर अपराध क्रमांक 458/2026, धारा 310(4), 310(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) एवं धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जब पुलिस ने आईसीजीएस पोर्टल के माध्यम से इन आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाला, तो इनके खिलाफ मप्र और यूपी के विभिन्न जिलों में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज पाए गए। इनमें से कई आरोपियों के खिलाफ पहले से ही गिरफ्तारी और स्थाई वारंट लंबित हैं। दिनेश हांडा पिता बने सिंह हांडा, निवासी- बजरंग नगर, रतलाम । यह आरोपी स्थानीय स्तर पर सरार्फा बाजार की रेकी कर रहा था, जिसकी तलाश जारी है।

### इनका रहा सराहनीय कार्य

डकैती की योजना को नाकाम करने में स्टेशन रोड थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह जादौन, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह कनेश, विजय सिंह बामनिया, प्रधान आरक्षक हेमंत परमार, मुकेश सिंह चौहान, विजय मीणा, आरक्षक दीपक मकवाना, ललित वर्मा, गोपाल आंजना, हरिकिशन पंवार, लखन सिंह, वीरेंद्र सोनी और लोमेश शर्मा (सीसीटीएनएस) की सराहनीय भूमिका रही।

### वारदात से पहले ये दबोचे गए

- कैलाश पिता सुखदेव मोंगिया (56 वर्ष), निवासी- मुंडरा, जिला अशोकनगर (पूर्व में एनडीपीएस, लूट और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज)
- मेहरसिंह उर्फ नेहरसिंह पिता गुलाबसिंह मोंगिया (60 वर्ष), निवासी- गुलगांव, जिला रायसेन (डकैती की तैयारी का आरोपी)।
- नामेश उर्फ सोल्जर पिता मेहरसिंह मोंगिया (20 वर्ष), निवासी- गुलगांव, जिला रायसेन (आबकारी व बीएनएस के मामले दर्ज)।
- प्रभात उर्फ चेतन पिता मेहरसिंह मोंगिया (27 वर्ष), निवासी- गुलगांव, जिला रायसेन (नेपानगर बुरहानपुर की बड़ी डकैती का फरार इनामी आरोपी)
- निखिल पिता सुजीत मोंगिया (19 वर्ष), निवासी- बिरलाग्राम नागदा, जिला उज्जैन (मूल निवासी गुना)
- वजूद उर्फ अंगद पिता संटिया मोंगिया (29 वर्ष), निवासी- रतवास चक, जिला अशोकनगर

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### इंजी.तिवारी के शोध पत्र को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल ने किया प्रकाशित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के कार्यपालन अभियंता इंजी. हितेश कुमार तिवारी का शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया): सीरीज बी, में प्रकाशित हुआ है। यह जर्नल इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के स्वामित्व में है और स्प्रिंगर नेचर जर्मनी और स्प्रिंगर इंडिया द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इस अंतरराष्ट्रीय जर्नल में वैज्ञानिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली जानकारी/शोधपत्र को प्रसार के लिए प्रकाशित किया जाता है। ऑप्टिमाइज्ड ट्रांसमिशन सिस्टम नेटवर्क डिजाइन फॉर एफिशिएंट पावर इवैक्यूएशन फ्रॉम 250 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पार्क शीर्षक के इस शोध पत्र में 250 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पार्क से उत्पादित विद्युत ऊर्जा के कुशल, विश्वसनीय एवं किफायती पावर निकासी के लिए एक ऑप्टिमाइज्ड ट्रांसमिशन सिस्टम नेटवर्क का खाका प्रस्तुत किया गया है।

### इकोक्लब द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन

**इंदौर।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में इकोक्लब प्रभारी डॉ. पूजा जैन द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. देवेन्द्र मिश्रा, सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, शासकीय होलकर साइंस कॉलेज इंदौर रहे। डॉ. मिश्रा ने छात्राओं को पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने व्याख्यान में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों (जैसे वायु, जल, मिट्टी, वन और जीव-जंतुओं) को प्रदूषण से बचाना और उनका संतुलित उपयोग करना ताकि पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित रहे। यह मानव अस्तित्व और भविष्य की पीढ़ियों के लिए बेहद आवश्यक है। हम अपने दैनिक जीवन में कुछ छोटेझ्छोटे बदलाव करके पर्यावरण की रक्षा में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, ऊर्जा संरक्षण, वर्षा जल का संचयन करना, बिजली, पेट्रोलियम का सीमित उपयोग करना, प्लास्टिक का बहिष्कार और कपड़े के थैलों का उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना एवं निजी वाहनों का कम से कम उपयोग करके प्रदूषण स्तर को कम करना आदि के बारे में जानकारी दी।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायत पर 15 मिनट में कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत के आधार पर सिल्वर मॉल के पास स्थित मधुर गर्ल्स हॉस्टल में खराब भोजन परोसे जाने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत प्राप्त होते ही खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंची एवं निरीक्षण कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गर्ल्स हॉस्टल में भोजन की आपूर्ति तनुश्री थाली द्वारा की जा रही थी। मौके पर प्रभारी श्री प्रवीण जोशी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान किचन एवं भोजन निर्माण क्षेत्र में अपेक्षित स्तर की साफ-सफाई नहीं पाई गई।

### इंदौर जिले में इस वर्ष होंगे 340 युवा लाभान्वित

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के युवाओं को उद्योग, व्यवसाय तथा सेवा ईकाई स्थापना के लिये 10 हजार रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा। जिले में इस वर्ष इन योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं। जिले में इस वर्ष तीन विभिन्न योजनाओं में 340 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य शासन के मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना क्रियान्वित की जा रही है।

### समान नागरिक संहिता के बारे में 22 जून तक आमंत्रित हैं सुझाव

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समान नागरिक संहिता के संबंध में नीति निर्माण जनसामान्य के सुझावों के आधार पर किया जाएगा। बेहतर नीति निर्माण के लिए बेहतर जनभागीदारी आवश्यक है। प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या सुझाव आमंत्रित करने के लिए सभी जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्राम स्तर तक नागरिकों को अपना अभिमत देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। नगरीय स्तर पर स्कूल-कॉलेजों में गतिविधियां संचालित करें, सामाजिक-व्यापारिक संस्थाओं, बार कॉउंसिल आदि में चर्चा के सत्र आयोजित कर जनसामान्य से अपनी राय प्रकट करने के लिए कहा जाए। शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी समान नागरिक संहिता के संबंध में भी अपने सुझाव दें। ग्राम स्तर पर रोजगार सहायक, पंचायत सचिव आदि इस विषय पर चर्चा को प्रोत्साहित करें। इस संबंध में विशेष ग्राम सभा की बैठक भी आयोजित की जा सकती है।

---

इंदौर में जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण और निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा

## भागीरथपुरा में 60 फीट गहरे कुएं पर बन गया मंदिर, प्रशासन ने लगाई रोक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर के पटेल नगर में हुए बावड़ीकांड के बावजूद शहर में कुएं-बावड़ियों पर निर्माण की लापरवाही जारी है। पहले जो निर्माण हुए, उन्हें तो तोड़ा नहीं जा रहा है, लेकिन अब नए निर्माण भी जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण कर होने लगे हैं। इंदौर के भागीरथपुरा में 80 फीट गहरे कुएं पर मंदिर निर्माण जारी है। इसकी शिकायत जब प्रशासन के पास पहुंची तो अफसरों ने निर्माणकर्ता को नोटिस थमा दिया, हालांकि निर्माण अभी भी जारी है।

मंदिर को लेकर कलेक्टर कार्यालय में हुई शिकायत के बाद एक टीम जांच करने पहुंची थी, तो पता चला कि ग्राम भागीरथपुरा स्थित सर्वे नं. 119 के पैकी भाग पर निर्माणाधीन मंदिर है। वर्तमान खसरे में सर्वे नंबर 119 के 9 बंटांकन दर्ज हैं। यह भूमि निजी मद की है। बजरंग मंदिर सड़क किनारे होने के कारण रोड चौड़ीकरण में मंदिर का अधिकतर हिस्सा जा रहा है। इस कारण पीछे की ओर लगभग 19 बाय 30 वर्गफुट के प्लॉट पर मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है और उसी प्लॉट के पास 5 बाय 5 वर्गफुट गोलाई में बना हुआ कुआं था, जिसे मुरम व लोहे के गार्डर डालकर भर दिया गया है, जिस पर मंदिर बनाया जा रहा है। कुएं से वर्तमान में केवल 1 फुट का पाइप बाहर निकला हुआ है, जिसका उपयोग बोरिंग के रूप में किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर स्लैब डाली जा चुकी है। जांच रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि निर्माण भविष्य में जनहानि का कारण बन सकता है, क्योंकि पुराना कुआं नीचे है और भविष्य में धंसने की संभावना बनी हुई है।

### रामनवमी पर टूटा था स्लैब, लील गया था 36 जिंदगियां



30 मार्च 2023 को रामनवमी के दिन सपना संगीता रोड स्थित बेलेश्वर मंदिर में माता जी के सामने हवन कराया जा रहा था। माता जी की मूर्ति जहां पर विराजमान थीं उसके ठीक सामने ही हवन किया जाना था। यहां पर स्लैब डालकर बावड़ी को बंद किया गया था। हवन कुंड की गर्मी और लोगों की भीड़ से स्लैब टूट गया। लोग बावड़ी के अंदर गिर गए। कई लोग सीढ़ियों और रस्सियों के सहारे बाहर निकाल लिए गए। लेकिन, बावड़ी में पानी और कीचड़ था जिसमें फंसकर 36 लोगों की जान चली गई। सेना की मदद से 24 घंटे चले अभियान के दौरान शव निकाले जा सके थे। बावड़ी में 10-15 फीट गंदा पानी था। यहां कीचड़, बदबू थी। देर रात को रहवासियों ने बताया कि 23-24 लोग नहीं मिल रहे हैं। फिर सुबह 4.30 बजे तक 35 शव निकले। अंतिम शव 31 मार्च को सुबह साढ़े ग्यारह बजे निकला जो सुनील सोलंकी का था। वे वहां लोगों के बचाने में लगे थे। इसके बाद बावड़ी को सील कर दिया गया।

---

ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई

## इंदौर के वन विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल!

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

जिले तथा उससे लगे ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ईंधन और लकड़ी की बढ़ती मांग के बीच नीम, पीपल, बरगद, आम, गोंदी, सहजन (सुरजना), बबूल सहित कई महत्वपूर्ण प्रजातियों के हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश पेड़ नदी-नालों, तालाबों के किनारों, चरनोई भूमि तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्थित थे, जो पर्यावरणीय संतुलन के लिए आवश्यक थे, मिट्टी के कटाव को रोकते थे और साथ ही भूजल संचयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कटाई संगठित और व्यावसायिक स्तर पर की जा रही है। पेड़ों को मशीनों से काटकर उनके छोटे-छोटे टुकड़े किए जाते हैं और बाद में परिवहन के लिए सार्वजनिक स्थानों, तालाबों के किनारों, सड़कों के आसपास तथा कच्चे रास्तों पर अस्थायी रूप से जमा कर दिया जाता है, जिससे कार्रवाई से बचा जा सके। इसके बाद यह लकड़ी विभिन्न माध्यमों से शहर तक पहुंचाई जा रही है। इंदौर जिला पहले ही वन क्षेत्र में लगातार कमी और विकास परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर वृक्ष कटाई का दंश झेल रहा है। लाखों पेड़ों की कटाई के बाद भी उनके स्थान पर पर्याप्त वृक्षारोपण और संरक्षण सुनिश्चित नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीण और वन क्षेत्रों में हजारों पेड़ों की नई कटाई पर्यावरणीय संतुलन, भूजल संरक्षण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गई है।

### अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खुड़ैल क्षेत्र के निकट गोगाखेड़ी तालाब के आसपास, कनाड़िया क्षेत्र के बेगमखेड़ी तालाब, कनाड़िया-सेमल्याचाऊ मार्ग, बुरानाखेड़ी, खाती पिपलिया, बारोदा करा, सेमल्याचाऊ आदि गांवों से देवास जिले की सीमा तक बड़ी मात्रा में कटी हुई लकड़ियों के ढेर देखे जा सकते हैं। इन क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई के स्पष्ट संकेत होने के बावजूद अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। यह सब मुख्य मार्गों और सड़कों के पास स्थित है, और जब यहां पेड़ों की ऐसी दुर्दशा हो रही है, तो आंतरिक क्षेत्रों की क्या हालत होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है।

### संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब भारी मशीनों की मदद से इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है, तब संबंधित विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? वन विभाग, जिला प्रशासन और पंचायत स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में तैनात अमला और निगरानी तंत्र या तो पूरी तरह निष्क्रिय है या फिर इस गतिविधि को रोकने में विफल साबित हुआ है। पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल संयुक्त जांच दल गठित कर मामले की जांच कराने, अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में संरक्षण और पुनर्वनीकरण की ठोस योजना लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की हरियाली, जल स्त्रोतों और वन्यजीवों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

---

## राज्यव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर न्यायमूर्ति विवेक रुसिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय के व्यक्तियों तक अवसर की समानता, समान अधिकार एवं न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुगूंज राज्यव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया, जिसके द्वारा मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ शिविर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने कहा कि न्याय तभी सार्थक है जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान रूप से पहुंच सके। श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय सहित प्रत्येक दिव्यांगजन को सम्मान, अवसर की समानता तथा न्याय तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है तथा ऐसे कार्यक्रम दिव्यांगजनों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

## चार नंबर की लड़ाई को संगठन निपटाने की कोशिश में

### भाजपा और आरआरएस आमने-सामने होने का पहला मामला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



चार नंबर में हुए विवाद के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा में गलियारे निकालना शुरू कर दिए है और कोशिश की जा रही है कि किसी भी तरह का विवाद न हो और लड़ाई का अन्त भी हो जाए क्योंकि लंबे समय से पार्टी में विवाद चला आ रहा है। भाजपा की अयोध्या में संघ पदाधिकारी और भाजपा नेता के बीच हुए विवाद के बाद नई कहानी सामने आ रही है। यहां पर गुटीय राजनीति होने के कारण पूरा माहौल बदला हुआ दिखाई दे रहा है। जानलेवा हमले की धारा लगाने के बाद लड़ाई और बढ़ गई थी ,क्योंकि विधायक के पीए सहित सात लोगों पर केस दर्ज हो गया था। वैसे भी चार नंबर में पिछले कई दिनों से विवाद चला आ रहा है और यहां पर अलग-अलग धड़े राजनीतिक लड़ाई में उलझे हुए है।

ऐसे में इस कहानी को आखिरी मुकाम तक ले जाने के लिए अब संगठन भी सक्रिय हो गया है। बताते है कि विधानसभा 3, 4 और 5 में सबसे ज्यादा भाजपाइयों के बीच झगड़े हुए है और ऐसी स्थिति में संगठन को भी नुकसान हो रहा है अब इस लड़ाई को रोकने के लिए हर तरह की कोशिश चल रही है और इसके लिए संगठन के कई दिग्गज भाजपा की अयोध्या में आने वाले है। जो लड़ाई हुई है उसमें समझौते की बातें होने लगी है ताकि किरकिरी न हो सके और किसी की गिरफ्तारी भी न हो सके। क्योंकि गिरफ्तारी होगी तो विधायक की बदनामी हो सकती है कि अपने समर्थकों को बचा नहीं पाई। संघ के बड़े पदाधिकारी भी इस मामले में कूद गए है वो भी अब विवाद से बचना चाहते है क्योंकि किसी भी तरह से पार्टी को नुकसान न हो इसके लिए प्रयास तेज किए जा रहे है।

---

हाउसिंग बोर्ड ने दिया अल्टीमेटम; 3 नोटिस के बाद निरस्त होगी लीज

## आवासीय मकानों में दुकान खोली तो खैर नहीं

### नोटिस जारी कर 22 जून तक दुकानें और व्यवसाय बंद करने का अल्टीमेटम दिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश में रहने के लिए आवंटित मकानों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों को लेकर हाउसिंग बोर्ड सख्त हो गया है। उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, बड़नगर और नागदा में ऐसे करीब 250 मकान मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिन्होंने आवासीय मकानों में दुकानें और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित कर रखे हैं। बोर्ड ने उन्हें 22 जून तक व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने का अंतिम मौका दिया है। निर्धारित समय सीमा तक नियमों का पालन नहीं करने पर लीज निरस्त करने सहित अन्य कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन खुद मैदान में उतर आए। बोले गलत तो गलत है, पर जब टीएंडसीपी ने 12, 18, 24 मीटर सड़कों के किनारे जमीन को कमर्शियल कर ही दिया है, तो लोग धंधा क्यों न करें? सरकार कैबिनेट से नियम लाए। हम लीज रेंट और कमर्शियल टैक्स लेकर इसे लीगल करेंगे। ये मामला सीधे सीएम डॉ मोहन यादव के सामने रखूंगा।

### हाउसिंग बोर्ड भी कार्रवाई के दायरे में आ सकता

मप्र हाउसिंग बोर्ड ने टीएंडसीपी से नक्शा पास कराने के बाद ही कॉलोनी कटाई है। आवासीय, स्कूल, गार्डन व व्यावसायिक समेत लिए जगह तय की है। आवासीय क्षेत्र में व्यवसाय होने से अमृत नक्शे का उल्लंघन होगा और इसे अमल कराने वाला हाउसिंग बोर्ड भी टीएंडसीपी की कार्रवाई के दायरे में आ जाएगा। ऐसे में विभाग भवनों की लीज निरस्त की तैयारी में है।



### 15 जून को ऑन द स्पॉट न्याय

ओम जैन ने ऐलान किया कि 15 जून को उज्जैन में हाउसिंग बोर्ड का मेगा शिविर लगेगा। वहीं शिकायत सुनेंगे, वहीं निपटारा करेंगे। नए नियम की जरूरत पड़ी तो उसकी फाइल भी वहीं बनेगी।

### तीन नोटिस होंगे जारी

अभी 250 को नोटिस दिया जा चुका है। उज्जैन की 12 कॉलोनियों में अकेले 36 लोग रडार पर हैं। 3 बार नोटिस, फिर सीधा लीज निरस्त। भोपाल मुख्यालय से आदेश आ चुका है। अफसर घर-घर सर्वे कर रहे हैं।

**पहले आप वाली नीति लागू-** कॉलोनी काटते वक्त टीएंडसीपी से पास नक्शे में घर, स्कूल, पार्क और दुकान की जगह फिक्स थी। अब लोगों ने पूरे घर को ही शोरूम बना दिया। कॉलोनी की सूरत बिगड़ रही है। डर ये है कि टीएंडसीपी खुद हाउसिंग बोर्ड को ही नोटिस न थमा दे। इसलिए बोर्ड अब पहले आप वाली नीति पर आ गया है।

---

## ई-केवाईसी नहीं करवाई तो बंद हो सकता है गैस कनेक्शन

### इंदौर। एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अब बेहद जरूरी हो गया है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार जिन उपभोक्ताओं ने अब तक अपने गैस कनेक्शन का - आधार सत्यापन या ई-- केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें 30 जून 2026 तक - यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निर्धारित समयसीमा - तक ई-केवाईसी नहीं - कराने पर 1 जुलाई से गैस सब्सिडी का लाभ बंद कर - दिया जाएगा।

30 जून तक ई-केवाईसी नहीं करवाने पर बंद होगी सब्सिडी - बाद में कभी भी सस्पेंड हो सकता है कनेक्शन नहीं होने पर गैस सिलेंडर की सप्लाई तुरंत बंद नहीं होगी, लेकिन उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी रोक दी जाएगी। साथ ही अगले चरण में ई-केवाईसी लंबित रहने पर ऐसे कनेक्शनों को सस्पेंड या निष्क्रिय करने की भी योजना है। ऐसा होने पर आपको मिलने वाला गैस सिलेंडर तब तक नहीं मिलेगा, जब तक आप इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर लेते। सत्यापन न होने की स्थिति में गैस खाते को स्थायी रूप से बंद भी किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही आधार प्रमाणीकरण या ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है उन्हें दोबारा यह प्रक्रिया करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि जिनका सत्यापन अभी तक लंबित है, उन्हें जल्द से जल्द ई-केवाईसी कराना होगा।



### फर्जी और डुप्लीकेट कनेक्शन पर रोक है मकसद

सरकार ने 2016 से गैस खातों को आधार से लिंक करना अनिवार्य किया था। वहीं पिछले दो सालों से इसका खातों का आधार सत्यापन अनिवार्य किया है। इसका मकसद फर्जी और डुप्लीकेट कनेक्शनों को बंद करते हुए ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर पहुंचाना है। आधार सत्यापन से एक व्यक्ति सिर्फ एक ही कनेक्शन रख पाएगा। एक से ज्यादा कनेक्शन होने पर आधार सत्यापन के समय इसे पकड़ा जा सकेगा और तुरंत एक से ज्यादा कनेक्शनों को बंद किया जा सकेगा।

**उज्जवला योजना में हर साल सत्यापन जरूरी** - एक ओर जहां आम उपभोक्ताओं के लिए आधार सत्यापन की प्रक्रिया सिर्फ एक बार करना है, वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार बायोमेट्रिक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है।

### गैस एजेंसी या घर बैठे भी करें ई-केवाईसी

उपभोक्ता गैस एजेंसी पर जाकर या घर बैठे मोबाइल ऐप के माध्यम से भी ई-केवाईसी कर सकते हैं। इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस के आधिकारिक ऐप पर फेस ऑथेंटिकेशन या ओटीपी के जरिए यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

### घर बैठे ऐसे करें ई-केवाईसी

- गैस कंपनी का आधिकारिक मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉग इन करें।
- प्रोफाइल में जाकर ई-केवाईसी विकल्प चुनें।
- आधार नंबर दर्ज करें।
- फेस ऑथेंटिकेशन या ओटीपी के माध्यम से सत्यापन पूरा करें।

## न्यूज कालम



## विधायक सचिन बिरला ने रविवार को समीपवर्ती ग्रामों का व्यापक दौरा किया

**बड़वाह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बेमिसाल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विधायक सचिन बिरला ने रविवार को समीपवर्ती ग्रामों का व्यापक दौरा किया। विधायक और भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम काटकूट, तारान्या, मेहंदीखेड़ा, कुंडी, बड़ेल, बरखेड़ा,मुंडला,रांजना और लखनपुरा में ग्रामवासियों से चर्चा की और ग्राम विकास तथा समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस दौरान विधायक ने ग्राम परपड़ा में गिरिट वाले हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम परपड़ा में 5 लाख रुपये की लागत से सर्वसमाज के सामुदायिक भवन तथा ग्राम लखनपुरा में 5 लाख रुपये की लागत से नायक समाज के सामुदायिक भवन और 5 लाख रुपये की लागत से गुर्जर समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।

## आतंकवाद से 350 गुना बड़ा खतरा लव जिहाद से- अश्विनी उपाध्याय

**खरगोन।** देश में आतंकवाद से भी बड़ा खतरा लव जिहाद से है। आतंकवाद से हर साल लगभग एक हजार लोग प्रभावित होते हैंए जबकि लव जिहाद के कारण प्रतिवर्ष करीब ३.५० लाख बेटियां गायब या प्रभावित हो रही हैं। यह अप्रत्यक्ष युद्ध है, जिसका सबसे बड़ा केंद्र मध्यप्रदेश का मालवा क्षेत्र है। यह बात सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व पीआईएल मैन ऑफ इंडिया अश्विनी उपाध्याय ने प्रकाश स्मृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला के अंतिम दिवस सहिष्णुता और जिहाद विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्रसिंह पटेल व विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मनोज रघुवंशी थे। अध्यक्षता संस्थान के रणजीतसिंह डंडीर ने की। श्री उपाध्याय ने घुसपैठ और अवैध पहचान पत्र पर कहा देश में लगभग पांच करोड़ घुसपैठिये आ चुके हैं। उन्होंने वर्तमान आधार कार्ड प्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि केवल 182 दिन भारत में रहने पर किसी को भी आधार कार्ड मिल जाना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक है। उन्होंने सुझाव दिया कि आधार केवल उन्हीं का बने जिनके पूर्वजों का रिकॉर्ड हो। धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग पर श्री उपाध्याय ने कहा प्रतिदिन लगभग 1500 परिवारों का धर्मांतरण किया जा रहा है।



## विधायक निधि से 20 ग्राम पंचायतों को मिले पेयजल टैंकर



**खंडवा।** पंधाना विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सार्वजनिक एवं मांगलिक आयोजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पंधाना विधायक छाया मोरे ने विधायक क्षेत्र विकास निधि से 20 ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इनमें से छैगांवमाखन जनपद पंचायत क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों को टैंकर वितरित किए गए, जबकि पंधाना जनपद पंचायत क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों को रविवार को टैंकर वितरित किए जाएंगे। जनकल्याण शिविर के दौरान टैंकर वितरण कार्यक्रम में विधायक छाया मोरे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर पेयजल संकट, सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह समारोहों तथा अन्य सार्वजनिक आयोजनों के दौरान पानी की व्यवस्था चुनौती बन जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक निधि से ग्राम पंचायतों को 5500 लीटर क्षमता के जी.आई. वाटर टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं। इन टैंकरों का संचालन एवं रख रखाव संबंधित ग्राम पंचायतें करेंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## युवा मोर्चा के शक्ति प्रदर्शन पर उठे सवाल, सड़कों पर बिखरा कचरा

**खंडवा।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नगर आगमन पर किए गए स्वागत कार्यक्रम को लेकर शहर में चचाओं का दौर तेज हो गया है। विरोधियों और स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि स्वागत और शक्ति प्रदर्शन की होड़ में सड़कों पर बड़े पैमाने पर पोस्टर, बैनर और सजावटी सामग्री लगाकर स्वच्छता अभियान की भावना को ठेस पहुंचाई गई।जानकारी के अनुसार दीनदयाल प्रतिमा से लेकर दादाजी धाम तक स्वागत मार्ग पर जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए गए। इन्हें खड़ा करने के लिए हाल ही में मरम्मत की गई सड़कों में गड्ढे कर पाइप लगाए गए, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें सामने आई हैं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कई स्थानों पर कागज, फ्लेक्स और अन्य सामग्री बिखरी नजर आई, जिससे दुकानदारों और आसपास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा चलने पर यह कचरा दुकानों और घरों तक पहुंच रहा था।

## श्रीमती रेखा सन्तवानी ने मरणोपरान्त की देहदान की घोषणा

**खण्डवा।**ज्योति नगर खण्डवा निवासी श्रीमती रेखा सन्तवानी ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि राधा स्वामी सम्प्रदाय व सक्षम संस्था, लायन्स क्लब खण्डवा, लियो क्लब खण्डवा, नेत्रदानझ्रदेहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर श्रीमती रेखा सन्तवानी ने पति कमल सन्तवानी भतीजी कंचन सन्तवानी ,पूर्व में देहदान की घोषणा कर चुकी है।

# समाज के नव निर्माण में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण – पंकज पवैया

### आलोट में श्रमजीवी पत्रकार संघ का पत्रकार परिचय-पत्र वितरण एवं सम्मेलन संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



पत्रकार समाज का आईना होता है तथा समाज के नव निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका होती है। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है और यही वह माध्यम है जो शासन, प्रशासन एवं जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। यह बात शुक्रवार को अंबेडकर मांगलिक भवन में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, तहसील इकाई आलोट द्वारा आयोजित पत्रकार परिचय-पत्र वितरण समारोह एवं सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तहसीलदार पंकज पवैया ने कही।

उन्होंने कहा कि पत्रकार और प्रशासन एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं। जहां तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता प्रमाणिकता का वातावरण निर्मित करती है, वहीं प्रशासन उसी प्रमाणिकता के आधार पर समाज एवं क्षेत्र के विकास के नए आयाम स्थापित करता है। उन्होंने स्वच्छता एवं जन-जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नगर में निरंतर सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। जनगणना एवं अन्य शासकीय कार्यों की व्यस्तता के कारण इसकी गति कुछ समय के लिए धीमी हुई है, लेकिन शीघ्र ही जनसहयोग से इसे पुनः गति प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के संभाग अध्यक्ष प्रीतिपाल सिंह राणा ने कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश का ऐसा संगठन है जो भारतीय श्रम अधिनियम के तहत पंजीकृत होकर पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ रहा है। पत्रकार बीमा योजना, अधिमान्यता, पेंशन सहित कई मांगों को पूरा करवाने में संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा वर्तमान में पत्रकार सुरक्षा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर सतत आंदोलनरत है।

सम्मेलन में उपस्थित आलोट प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. सुनील चोपड़ा ने कहा कि आलोट क्षेत्र के पत्रकार आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ सकारात्मक पत्रकारिता कर रहे हैं। उन्होंने श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकार हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों को बधाई दी। जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश में श्रमजीवी पत्रकार संघ पिछले चार दशकों से पत्रकारों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है और प्रदेश के सभी जिलों में संगठन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने आगामी 29 जून को रतलाम में आयोजित होने वाले संभागीय सम्मेलन की जानकारी देते हुए सभी पत्रकारों को उसमें सहभागी बनने का आमंत्रण दिया।

आलोट थाना प्रभारी के प्रतिनिधि के रूप में मनोज पाटीदार ने प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से प्रशासन तक सूचनाएं पहुंचाना तथा शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना अधिक प्रभावी एवं सरल होता है। उन्होंने पत्रकारों से क्षेत्र की समस्याओं एवं सकारात्मक गतिविधियों की जानकारी समय-समय पर प्रशासन तक पहुंचाने का आग्रह किया, जिससे जनहित में प्रभावी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि आलोट एसडीओपी पल्लवी गौर भी कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजन स्थल पर पहुंचीं और उपस्थित पत्रकारों से रूबरू होकर चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की कार्यशैली को समझा तथा पत्रकारों से संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संघ के तहसील अध्यक्ष दुर्गा शंकर पहाड़िया, महासचिव जीतू वरोला एवं पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समारोह में पत्रकारों को संगठन के परिचय-पत्र वितरित किए गए तथा पत्रकार सुरक्षा कानून, मीडिया-प्रशासन समन्वय, संगठन की मजबूती एवं आगामी संभागीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर संभागीय महासचिव विजय मीणा, जिला महासचिव दिनेश दवे, संभागीय सह सचिव योगेंद्र सिंह जाट, राकेश चौहान (पिंटू), विनय निगम, अनिल भरावा, दिनेश शुक्ला, वैभव मंदलीय, सुनील दत्तीया (मंडावल ), कमलेश शर्मा मेलुखेड़ी ,दिनेश त्रिवेदी,नागेंद्र सिंह सोलंकी, दीपक जोशी, राजू टेलर, समरथ शर्मा,कपिल जंगलवा, वाहिद खान पठान (ताल), धर्मेंद्र भट्ट (ताल) पवन सोनी, अतुल वर्मा, ओपन पुरोहित तथा आलोट प्रेस क्लब सचिव निलेश जंगलवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन राकेश चौहान (पिंटू) ने किया। अंत में तहसील अध्यक्ष दुर्गा शंकर पहाड़िया ने सभी अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# बुरहानपुर के 'ऑल इज वेल चिकित्सालय' द्वारा खरगोन में निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर





बुरहानपुर के'ऑल इज वेल चिकित्सालय' द्वारा बीते दिन, 13 जून को खरगोन के नक्षत्र विश्राम गृह (नक्षत्र भवन) में एक विशेष निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) का सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक आयोजन में खरगोन और आस-पास के क्षेत्रों के 29 से अधिक प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**विशेषज्ञों ने साझा किए विचार:**

इस आयोजन के दौरान ऑल इज वेल चिकित्सालय के वरिष्ठ वृक्क रोग विशेषज्ञ (किडनी रोग विशेषज्ञ) डॉ. प्रांजल काशिव एवं डॉ. मधुर मनियार ने उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित किया। दोनों विशेषज्ञों ने अपने-अपने विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जिसके बाद उपस्थित सभी चिकित्सकों के बीच चिकित्सा क्षेत्र की आधुनिक तकनीकों और गंभीर मामलों पर गहन चर्चा व विचार-विमर्श भी हुआ।

इस सफल आयोजन की रूपरेखा ऑल इज वेल चिकित्सालय के संचालक श्री कबीर चौकसे के कुशल दिशा-निर्देशन में तैयार की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में खरगोन भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के सदस्यों का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा।

**मुख्य बदलाव:**

हॉस्पिटल को चिकित्सालय किया गया।
डॉक्टर को चिकित्सक किया गया।
होटल को विश्राम गृह या भवन का रूप दिया गया।
सीएमई को निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम लिखा गया है।
नेफ्रोलॉजिस्ट के लिए शुद्ध हिंदी शब्द वृक्क रोग विशेषज्ञ का उपयोग किया गया है।
एसोसिएशन को संघ बदला गया है।

# रंगवासा शराब दुकान पर लगाए जा रहे आरोपों को प्रबंधन ने बताया निराधार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

पिछले कुछ समय से रंगवासा स्थित लाइसेंसी शराब दुकान विभिन्न चचाओं और आरोप-प्रत्यारोपों के कारण सुर्खियों में बनी हुई है। इस बीच दुकान प्रबंधन ने सामने आकर अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया है कि दुकान का संचालन शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं आबकारी विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप किया जा रहा है तथा कुछ लोगों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर दुकान की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। दुकान के प्रबंधक जगदीश गेहलोत ने बताया कि रंगवासा शराब दुकान का संचालन पूरी पारदर्शिता एवं वैधानिक प्रक्रियाओं के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुकान पर आने वाले ग्राहकों के लिए निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को प्रोत्साहित नहीं किया जाता। इसके बावजूद कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ अथवा अन्य कारणों से मीडिया माध्यमों का उपयोग कर भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आसपास के क्षेत्रों अथवा अन्य स्थानों पर ली गई तस्वीरों और घटनाओं को रंगवासा शराब दुकान से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि उनका दुकान से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ऐसे प्रयासों से न केवल व्यवसाय की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है बल्कि आम लोगों के बीच भी गलत संदेश जाता है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि लाइसेंसी संतोष मालवीय द्वारा दुकान संचालन में अनुशासन, पारदर्शिता और विभागीय नियमों के पालन को प्राथमिकता दी जाती है।

# रंग कर्मी ओमप्रकाश मिश्रा का मालवा विचार मंथन में किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा




समग्र मालवा द्वारा मनाये जा रहे वैचारिक अनुष्ठान मालवा विचार मंथध के अंतर्गत रतलाम के प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं युग बोध संस्था के संस्थापक ओम प्रकाश मिश्रा का शाल प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया

अतिथि समाजसेवी एवं भाजपा नेता चंद्र प्रकाश ओस्तवाल ने कहा कि मालवा विचार मंथन का आयोजन संपूर्ण मालवा क्षेत्र के लिए अनुकरणीय है और इस प्रकार के आयोजन करने से समाज को एक नई दिशा प्राप्त होती है। आपने अटल ग्राम के आयोजन की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। आपने मिश्रा के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न कलाओं को एवं समाज की बुराइयों को मंच पर स्थान प्रदान कर समाज का ध्यान आकर्षित किया है ।

विशेष अतिथि जल सलाहकार आनंद व्यास ने कहा कि यह प्रसन्नता की विषय की जावरा में लगातार समग्र मालवा द्वारा तीसरे वर्ष विचार मंथन का आयोजन किया जा रहा है । आज इस प्रकार के आयोजन से समाज दूर होता जा रहा है जबकि विचारों के आदान-प्रदान से ही समाज का कल्याण होता है तथा उसे एक नई दिशा प्राप्त होती है ।संस्थापक अभय कोठारी के जल संरक्षण के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जलसंरक्षण के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे हैं जो संपूर्ण जिले के लिए अनुकरणीय है।

इस अवसर पर अपने सम्मान के प्रत्योत्तर मे ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि समाज को जागृत करने का सशक्त माध्यम नाट्य मंच है जिसके माध्यम से समाज की अनेक विसंगतियों को सामने लाया जा सकता है। आपने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने की आवश्यकता है और उनकी प्रतिभाओं का उपयोग समाज निर्माण में किया जाना आवश्यक है। स्वागत भाषण जगदीश उपमन्यु एवं अतिथियों का परिचय संस्था प्रमुख कोठारी ने दिया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेंद्र त्रिवेदी ने किया । इस अवसर पर साहित्यिक समापम के अन्तर्गत साहित्यकारो ने काव्य पाठ किया जिसमें डॉ.प्रकाश उपाध्याय, रमेश मनोहर, डॉ. सी एम. मेहता, राजेंद्र श्रोत्रिय ,विजय जैन ,मनोहर सिंह चौहान मधुकर ,सतीश शिकारी, राम चचलानी, फजल हयात , रणजीत सिंह राठोर,राजेंद्र त्रिवेदी ,प्रकाश हेमावत ,आदि ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। अतिथियों का स्वागत संस्था प्रमुख अभय कोठारी ,कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र त्रिवेदी ,सहसंयोजक अभय श्रीवास्तव ,जगदीश उपमन्यु, शिखर धारीवाल ,दिलीप त्रिवेदी, अमित ताम्रकार ,मनोहर भाटी ने किया ।

# किसान ने की निम्न गुणवत्ता वाले बीज की शिकायत, कृषि विभाग ने की जांच

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



मानसून दस्तक देने को है ऐसे में किसान आगामी सोयाबीन की फसल की बुवाई के लिए खेत की तैयारी एवं बीज की खरीदी करने में लग गए हैं।

मध्य प्रदेश शासन के तमाम दावों के बाद भी नगर एवं क्षेत्र में कई बीज विक्रेता अमानक बीज विक्रय करने में लगे हुए हैं नगर के जगदेवगंज से लेकर कारगिल चौराहे तक कई दुकानों से बुवाई का बीज बिक रहा है। जिसमें से अधिकांश बीज अमानक स्तर का पाए जाने की खबर है। आलोट क्षेत्र में कुल 12 से 14 बीज कंपनियां कार्यरत है वहीं लगभग 30 से 35 दुकानदार बीज बेचने के लिए अधिकृत है।

वहीं किसानों को अनगिनत दुकानों व गांव में भी अनाधिकृत लोगों द्वारा बुवाई का बी बचा जा रहा है वहीं रजिस्टर्ड फर्टिलाइजर कंपनी का बीज लेने के बाद भी किसान स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें किसान ने अग्रवाल फर्टिलाइजर नामक दुकान से सोयाबीन बीज खरीदा जो कि उसे कम गुणवत्ता वाला दिखाई दिया।

जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम तालोद के किसान संजय पोरवाल ने जगदेव गंज स्थित अग्रवाल फर्टिलाइजर से नर्मदा एग्रो कंपनी का 30 किलो सोयाबीन बीज का बैग खरीदा किसान ने दुकानदार से पक्का बिल मांगा था जिस पर दुकानदार ने उसे पक्का बिल देने से मना किया वह सादे कागज पर बिल बनाकर दे दिया।

किसान ने घर ले जाकर बैग को बिना फाड़े बंबी लगाकर थोड़े सोयाबीन बीज निकले जो की साइज में छोटे एवं सूकड़े हुए नजर आए जिसकी शिकायत संजय पोरवाल ने कृषि अधिकारियों को दी शिकायत के आधार पर रविवार को वरिष्ठ कृषि विस्तारक अधिकारी नितेश धाकड़ ने रविवार को आलोट पहुंचकर शिकायतकर्ता के यहां बीज की जांच की एवं नमूना लिया तथा अग्रवाल फर्टिलाइजर पर पहुंचकर भी बीज का नमूना एकत्रित कर पंचनामे की कार्रवाई की गई । किसान संजय पोरवाल ने बताया कि उन्होंने अपने यहां कार्यरत जगदीश पिता शंकरलाल को नर्मदा एग्रो कंपनी के जेएस-9560 सोयाबीन बीज खरीदने के लिए भेजा था। जगदीश द्वारा यह बीज अग्रवाल फर्टिलाइजर से खरीदा गया। किसान का आरोप है कि बीज खरीदने के दौरान दुकानदार द्वारा पक्का बिल उपलब्ध नहीं कराया गया और केवल एक पर्ची पर विवरण लिखकर दिया गया।

### नेपानगर पालिका की लापरवाही :

# होटलों के गंदे पानी से बाजार में पसरी सड़ांध, दुकानदारों का बैठना हुआ दूभर

### जुर्माने की खानापूर्ति में जुटा प्रशासन; बीमारी फैलने की आशंका से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



नेपानगर के मातापुर बाजार में नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र में स्वच्छता दावों की पोल खुल गई है। बाजार क्षेत्र में स्थित होटलों द्वारा ड्रेनेज का गंदा पानी और सड़ा हुआ वेस्ट मटेरियल (अनाज) खुले मुख्य चैंबर में बहाए जाने के कारण पूरे इलाके में भारी गंदगी और असहनीय बदबू फैल गई है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि स्थानीय व्यापारियों को अपनी दुकानें बंद करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**होटलों पर लगा जुमार्ना, पर समाधान नहीं**

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा होटल संचालकों पर दंडात्मक कार्रवाई तो की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पालिका द्वारा बीते 11 जून को 3 हजार रुपये तथा 12 जून को 5 हजार रुपये की 'विशेष रसीद' काटकर जुमार्ना वसूला गया। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन महज कागजी कार्रवाई और जुमार्ने की वसूली तक सीमित है, समस्या का कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

**व्यापार ठप, पनप रहे हैं मच्छर**

स्थानीय खाद-बीज व्यवसाई रघुनाथ यादव ने बताया कि खुले चैंबर के कारण पूरा रास्ता ब्लॉक हो जाता है। होटलों का सड़ा हुआ अनाज यहाँ जमा होने से उठने वाली बदबू दूर मुख्य मार्ग और दवा दुकानों तक पहुँच रही है। रविवार को हुई आंशिक सफाई के बाद बदबू इतनी बढ़ गई कि दुकान खोलना भी मुश्किल हो गया। दूषित वातावरण के चलते क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे महामारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

**अधिकारियों के दौरे भी बेअसर**

पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि पूर्व में सीएमओ सहित नगर पालिका का अमला और प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा धरातल पर कुछ नहीं बदला। व्यापारियों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस ड्रेनेज लाइन को तत्काल पूरी तरह से भूमिगत किया जाए ताकि क्षेत्र को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

## न्यूज -कॉलम

### विश्व रक्तदान दिवस पर पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान



**उज्जैन।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में लगाये गये 3 दिवसीय शिविर में 50 से अधिक आरक्षकों और अधिकारियों द्वारा स्वैच्छा से रक्तदान किया गया। शिविर में सौ यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर का आयोजन लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक और तेजनकर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। पुलिसकर्मियों ने मानव सेवा और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हुए रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया है। पुलिस विभाग की ओर से संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाजहित और मानव सेवा के प्रत्येक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाती है। शिविर आयोजन में सूबेदार स्वाति कामले, लायंस क्लब के संजीव गंगवाल, संध्या श्रीवास्तव,अनुश्रेया श्रीवास्तव, रवींद्र मुले, राजेश श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव के साथ तेजनकर अस्पताल की ओर से बालकृष्ण तेजनकर, अनिश नागर उपस्थित रहे। रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को उनके मानवीय योगदान के लिये प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बाथरूम में मृत मिला अधेड़ हार्ट अटैक की आशंका

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र की कंचन विहार कालोनी में रहने वाला मूलचंद पित पूरणलाल 50 साल रेलवे में गैंगमेन था। शनिवार रात पुत्री रश्मि ने उन्हे बाथरूम में बेसुध पडा देखा और अस्पताल लेकर आई। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई गई कि हार्ट अटैक हुआ था, बावजूद संदेह के आधार पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। रविवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह सामने आ पायेगी। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किये है। जिसमें किसी प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप होना सामने नहीं आया है।

### पुरानी रंजिश में 2 युवकों को बदमाशों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर में रहने वाला कुलदीप पिता प्रकाश कुमायु 20 साल सब्जी का ठेला लगाता है। शनिवार रात दोस्त हनी पिता भैरूलाल मालवीय के साथ बाइक से बाजार सामान लेने निकला था। शास्त्रीनगर हनुमान मंदिर के सामने दोनों का रास्ता बदमाश पृथ्वी चौहान निवासी शुभम परिसर और मोहित ठाकुर निवासी बागपुरा ने रोक लिया। कुलदीप का दोनों से पुराना विवाद था, इसी के चलते दोनों बदमाशों ने चाकू से हमला किया। कुलदीप का बचाने दोस्त हनी आया तो बदमाशों ने उसे भी चाकू मार दिये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। दोनों घायल दोस्तों को क्षेत्रवासियों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल दोनों बदमाश फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

### मामा ने समझाने बुलाया तो भांजे ने लाठी से पीटा

**उज्जैन।** नरवर में रहने वाले कमल पिता कन्हैयालाल राठौर की बहन पति को छोड मायके आ गई थी। कमल ने अपने घर के पास ही बहन को मकान दिला दिया था। कुछ दिनों से बहन के घर मिस्त्री का काम करने वाला नंदू आने-जाने लगा। पति को छोड चुकी बहन के घर नंदू के आने पर गांव में लोगों ने बाते करना शुरू कर दिया। जिस पर कमल ने बहन के पुत्र मोहित को अपने घर बुलाया और समझाईश दी कि नंदू को घर आने से मना कर, गांव में बदनामी हो रही है। जिस पर भांजा मोहित गुस्सा हो गया और मामा कमल के साथ लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। कमल को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने कमल की शिकायत पर मामला जांच में लिया है।

### भाई का कत्ल करने वाला दूसरे दिन भी नहीं पकड़ाया

**उज्जैन।** शुक्रवार-शनिवार रात हीरामिल की चाल में रहने वाले मनीष टटवाल शराब के लिये अपनी मां शगुनबाई से विवाद कर रहा था। छोटे भाई सागर उर्फ नाना ने बडे भाई मनीष को विवाद करने से मना किया। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हो गया और छोटे भाई ने सीने में चाकू घोंपकर बडे भाई की हत्या कर दी। देवासगेट पुलिस ने मां और आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद सागर उर्फ नाना के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की, लेकिन दूसरे दिन भी रविवार शाम तक कत्ल करने वाला भाई पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था। एसआई राधेश्याम आवंलिया ने बताया कि मृतक पर 24 अपराध दर्ज थे और कत्ल करने वाले पर भी 8 अपराध दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम लगातार उसके ठिकानों पर तलाश कर रही है।

# महंगी पड़ी स्टंटबाजी, पुलिस ने ठोंका जुर्माना

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हरिफाटक ब्रिज पर कार सवार युवकों को स्टंटबाजी करना महंगा पड गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों के बाद नीलगंगा पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया। जिनके खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने और खुद के साथ लोगों की जान जोखिम में डालने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि हरिफाटक ब्रिज से गुजरती कार क्रमांक एमपी 13 सीई 0723 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें एक युवक कार चला रहा था और दूसरा स्टंटबाजी करता हुआ कार की छत पर लेटा हुआ था। ब्रिज पर महाकाल मंदिर आने-जाने वाले देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन होता है। कार सवार युवकों द्वारा स्टंटबाजी करते हुए आमजन की जान को जोखिम में डाला जा रहा था, वहीं खुद के लिये उनकी करतूत खतरनाक साबित हो सकती थी। दोनों के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन भी किया जा रहा था। वायरल वीडियो के आधार पर कार नम्बर ट्रेस किया गया और रविवार को आजादनगर के रहने वाले हेमेन्द्र पिता विजयसिंह पाटीदार और अर्थव पिता नितेश पाटीदार निवासी पार्श्वनाथ सिटी को हिरासत में लिया गया। छत पर हेमेंन्द्र लेटा हुआ था, कार अर्थव चला रहा था। दोनों को नियमों का पाठ पडाया गया तो कान पकडकर कहने लगे कि आगे से ऐसा नहीं करेगें। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आमजन की जान को जोखिम में डालने के मामले में 3 हजार रूपये जुर्माने की कार्रवाई की गई है। दोनों हिदायत देकर छोडा गया है। विदित हो कि शहर में तीन और चार पहिया वाहन चालकों द्वारा खुद के साथ आमजन की जान को जोखिम में डाल वाहन दौडाये जा रहे है। पूर्व में भी पुलिस ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। बावजूद शहर के मार्गो पर आये दिन ऐसे नजारे दिखाई दे रहे है। जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल होने पर पुलिस के संज्ञान में आ रहे है।



## सोमवती अमावस्या आज- पुलिस अधीक्षक पहुंचे रामघाट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में आज सोमवती अमावस्या का नहान करने देशभर से श्रद्धालु मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी के रामघाट स्थित सोमकुंड पहुंचेगें। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए रविवार को एसपी रामघाट और सोमकुंड का जायजा लिया।

सोमवती अमावस्या और शनिचरी अमावस्या का धार्मिकग्रंथों में विशेष उल्लेख है। बाबा महाकाल की नगरी में दोनों अमावस्या का नहान महत्वपूर्ण माना गया है। आज सोमवती अमावस्या होने पर रविवार से ही श्रद्धालुओं का धार्मिक नगरी में पहुंचा शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसपी प्रदीप शर्मा शाम को क्षिप्रा नदी के रामघाट पहुंचे और सोमकुंड का निरीक्षण किया।



उन्होने घाटों पर श्रद्धालुओं के नहान, दर्शन और आवागनम को लेकर महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को दिशा निर्देश जारी किये। यहीं नहीं सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, भीड प्रबंधन के साथ आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए ड्युटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार, निगरानी और सहायता के निर्देश जारी किये। रात में ही श्रद्धालुओं का रामघाट पहुंचना शुरू हो गया था। सोमकुंड पर फव्वारा स्नान की व्यवस्था की गई है।

### पुराने शहर में जाम के हालत

शनिवार-रविवार का अवकाश होने पर देशभर से श्रद्धालु महाकाल मंदिर के दर्शन के लिये उज्जैन पहुंचे है। वहीं आज सोमवती अमावस्या होने पर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर प्रदेशभर के अंचलों से श्रद्धालुओं का पहुंचा एक दिन पहले ही शुरू हो गया था। जिसके चलते रविवार शाम पुराने शहर के अधिकांश मार्गो पर जाम के हालत बने हुये थे। सिंहस्थ निर्माण कार्यो के चलते महाकाल मंदिर और रामघाट जाने वाले मार्गो पर काफी भीड दिखाई दे रही थी।

### रेलवेकर्मी का कई टुकडों में मिला शव

## वीडियो वायरल कर ट्रेन के सामने लगाई छलांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे कर्मी ने रविवार दोपहर मोबाइल से वीडियो बनाने के बाद वायरल किया और ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन ड्रायवर से सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारियों ने पुलिस को अवगत कराया। पटरियों से मृतक के टुकडे एकत्रित करने के बाद पुलिस अस्पताल लेकर आई। वायरल वीडियो की जांच शुरू की गई है।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गावडी में रहने वाला भगवानदीन पिता कैलाशचंद्र यादव 45 साल रेलवे कर्मचारी था। रविवार दोपहर करछा और माधवपुरा रेलवे स्टेशन के बीच उसने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव कई टुकडों में बंट गया था। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई घटनास्थल पहुंचे और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि आत्महत्या से पहले उसने मोबाइल से वीडियो बनाया था और वायरल किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक का मोबाइल जप्त किया गया है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतक रेलवे में गैंगमेन था। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले वायरल वीडियो में उसने कुछ लोगों को लाखों रूपये उधार देने की बात कही और बोला कि उसके रूपये वापस नहीं लौटाये जा रहे है। जिसके चलते परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो की जांच शुरू की गई है। परिजनों के बयान दर्ज कर उधार रूपयों लेने वालों की जानकारी जुटाई जायेगी। जिनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## गिरफ्त में आया नाबालिग का पीछा करने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुछ माह से बदमाश नाबालिग का पीछा कर रहा था। 2 दिन पहले उसने नाबालिग को धमकाया और शादी करने का दबाव बनाया। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। बदमाश चाकू के साथ गिरफ्त में आया है।

तराना थाना एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि 11 जून को कस्बे में रहने वाली नाबालिग ने परिजनों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ महिनों से बजरंग कालोनी में रहने वाला कुंदन पिता प्रेमगिरी उसका पीछा कर रहा था। आज रास्ता रोका शादी करने का दबाव बनाने लगा और कहा कि कहीं ओर शादी की तो जान से मार दूंगा। मामला नाबालिग से जुडा और गंभीर होने पर तत्काल धारा 78 (1), 351 (3) बीएनएस और 11/12 पॉक्सो एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी कुंदन की तलाश शुरू की गई। जिसे शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया।




गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से चाकू भी बरामद हुआ है। एसआई अंगोरिया के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में मारपीट और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल नाबालिग की शिकायत पर गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### आज उज्जैन उत्तर में नहीं होगा जलप्रदाय

**उज्जैन।** ढाबा रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान रविवार को गंभीर डैम की ओर से आने वाली 750 एमएम की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से तेज दबाव के साथ पानी सड़क पर बहने लगा, जिससे आसपास के गड्ढे और नालियां पानी से लबालब भर गईं। सड़क पर पानी और कीचड़ फैलने से राहगीरों एवं क्षेत्रीय रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**गड्ढों में भरा पानी, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें**-ढाबा रोड पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके तहत मकानों के हिस्से हटाने के साथ पुरानी नालियों को तोड़कर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। इसी दौरान मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटते ही बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बहने लगा और खुदाई वाले हिस्सों में भर गया। घटना की जानकारी मिलते ही (पीएचई) के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया। हालांकि पाइपलाइन फूटने से काफी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बह गया। मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण रविवार को शहर की जलप्रदाय टंकियां नहीं भर सकीं। इसके चलते सोमवार को उज्जैन उत्तर क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं किया जाएगा।

## प्लाट विवाद में रिश्तेदारों ने किया परिवार पर हमला

**उज्जैन।** प्लाट विवाद में रविवार को रिश्तेदारों ने परिवार पर हमला कर दिया। चार लोग घायल हुये है। जिन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इंगोरिया के ग्राम पलवा में रहने वाले आशुतोष पिता सत्यनारायण डोडिया, पत्नी सोनाली डोडिया, मां मानकुवंर डोडिया के साथ नानी सागरबाई पति भैरूलाला गेहलोत निवासी बडनगर को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने चारों को उपचार के लिये भर्ती किया है। परिजनों ने बताया कि परिवार पर आशुतोष के बडे पापा रामनारायण डोडिया ने अपने पुत्र दिनेश, महेश, गणेश, पोते लोकेन्द्र और महिलाओं के साथ सब्बल, डंडे से हमला किया है। हमला करने वालों ने आशुतोष के प्लांट पर लगे खंबे उखाडकर कब्जा करना शुरू कर दिया था। जिसकी जानकारी लगने पर परिवार विरोध करने पहुंचा था। आशुतोष का आरोप था कि हमले के बाद पुलिस को कॉल किया गया था लेकिन काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची। परिवार ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। हमले में घायल नानी मिलने आई थी, विवाद होने पर वह भी बीच-बचाव में घायल हुई है। परिवार का आरोप था कि बडे पापा ने पूर्व में खेत पर भी कब्जा करने का प्रयास किया था, उस दौरान विवाद हुआ था, लेकिन बाद में समझौता हो गया था। प्लाट 35 बाय 50 का है। जिस पर उनकी नजर है।

## रेलवे स्टेशन पर शाजापुर के युवक को मारे चाकू, हालात गंभीर

### आरपीएफ ने कराया भर्ती

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर रात में शाजापुर के युवक को चाकू मार दिए गए। लहूलुहान हालत में घायल आरपीएफ थाने तक पहुंचे। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। मामले की जांच जीआरपी को सौंपी गई है। सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जा रहे हैं।

आरपीएफ एसआई यशपाल सिंह ने बताया कि रात में एक युवक लहूलुहान हालत में थाने तक पहुंचा और चाकू मारने की बात कही उसकी हालत काफी गंभीर दिखाई दे रही थी उसे तत्काल उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रारंभिक पूछताछ में उसका नाम दीपक पिता इंदर सिंह 28 साल निवासी महूपुरा शाजापुर होना सामने आया। वह सिर्फ इतना ही बता पाया था कि उसे पुरानी रंजिश में चाकू मारे हैं। हालात गंभीर होने की वजह उसे तत्काल भर्ती किया गया। मामले की जांच जीआरपी को सौंपी गई है। एसआई यशपाल सिंह के अनुसार घायल रेलवे स्टेशन परिसर से प्लेटफार्म की ओर आया था। प्लेटफार्म के बाहर परिसर में पहले लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं फिलहाल परिसर में कहीं कोई चाकूबाजी होना सामने नहीं आया है। प्लेटफार्म पर लगे कैमरो को भी देखा जा रहा है। घायल की हालत में सुधार होने और जीआरपी द्वारा बयान दर्ज किए जाने के बाद ही उसके साथ हुई घटना स्पष्ट हो पाएगी।



### युवा कांग्रेस कलेक्टर को सौंपेगी ज्ञापन

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के वीआईपी और प्रोटोकॉल पास की कथित दलाली के मामले में युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह डोडिया की अगुवाई में सोमवार दोपहर 12 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और एडीएम अतेंद्र गुर्जर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी संपत्तियों की जांच करने की मांग की गई है। हाल ही में समाचार पत्रों के माध्यम से भस्म आरती प्रवेश पास दो से तीन हजार रुपए या उससे अधिक में बेचे जाने का मामला सामने आया था।


**कोटा ⇌ चौमहला मेमू उज्जैन तक विस्तारित**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | डब्ल्यू.ई.एफ. यात्रा प्रारंभ (लागू होने की तिथि) | प्रस्थान समय | आगमन समय |
|---|---|---|---|---|
| 61623 | उज्जैन – कोटा | 15.06.2026 | 12:30 बजे (दैनिक) | 19:05 बजे (उसी दिन) |
| 61624 | कोटा – असलावदा – उज्जैन | 15.06.2026 | 05:40 बजे (दैनिक) | 12:00 बजे (उसी दिन) |

ठहराव: नईखेड़ी, असलावदा, पलसोड़ा मकड़वान, उन्हेल, पिपलौदा बागला, भाटीसुडा, नागदा रोहल खुर्द, महिदपुर रोड, लुनी, रिछा, विक्रमगढ़ अलोट, थुरिया, तालवली, चौमहला, सुवासरा, शमगढ़, गरौठ, कुरलासी, भवानी मंडी, धुआँखेड़ी, झालावर रोड, रामगंज मंडी, मोरक, कनवालपुरा, दारा, रावतधा रोड, अलनिया, दाददेवी तथा **न्यू कोटा स्टेशन दोनों दिशाओं में।**

एन रूट स्टेशनों पर समय, ठहराव एवं संरचना (कम्पोज़िशन) संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर विजिट करें।

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

# किसी काम में खुद को झोंकने से पहले नतीजों पर करे विचार



गरमियां आईं, तो गांव में जल संकट पैदा हो गया। दो व्यक्तियों को जल सप्लाई का काम सौंपा गया। उनमें से जो शरीर से ताकतवर था, वह मटकी-गगरी भर-भरकर गांव तक पानी पहुंचाने में फौरन जुट गया, दूसरे ने अक्ल लगाई। उसने जल स्रोत से गांव तक पाइप एक बिछाई और उसके जरिए वहां झर-झर पानी पहुंचा दिया। ताकतवर व्यक्ति जहां जल्दी ही थककर चूर हो गया। वहीं अलग सोच और तैयारी से युक्त दूसरे व्यक्ति ने बिना थके गांव वालों को पानी भी मुहैया करा दिया, बल्कि इसके जरिए पैसा भी खूब कमाया। अलग दृष्टिकोण और तैयारी वालों को आधी कामयाबी काम शुरू करने से पहले ही मिल जाती है। ऐसा हुनरमंद ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ने की रफ्तार बढ़ाता है। नेपोलियन बोनापार्ट ने कहा था, अपनी महानता को बनाए रखने के लिए काम करने के अपने तरीकों में बदलाव करते रहें।... बड़ी कामयाबी के लिए असाधारण उपाय किए ही जाने चाहिए। बहादुर शाह जफर का एक मशहूर शेर है, उम्र-ए-दराज मांगकर लाए थे चार दिन, दो आरजू में कट गए दो इंतजार में। हाथ पर हाथ धरकर बैठने से कोई फायदा नहीं। टोटल विक्टरी में करण सोंधी ने लिखा है, जो आने वाले कल को भांपकर अचूक नीति अपनाने में माहिर है, वही जीतेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति और चिंतक अब्राहम लिंकन के शब्दों में, अगर मुझे किसी पेड़ को काटने के लिए छह घंटे दिए जाएं, तो मैं पहले चार घंटे अपनी कुल्हाड़ी की धार तेज करने में लगाऊंगा। यानी किसी काम में खुद को झोंकने से पहले बेहतर नतीजों के लिए पूरी तैयारी ज्यादा जरूरी है।



सम्पादकीय

## बाजार में अच्छे संकेत

एक ओर, जहां भारतीय शेयर बाजार में उछाल देखी गई, वहीं डॉलर के मुकाबले रुपये के भाव में भी बढ़त का क्रम बना है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट को लेकर चिंता बढ़ रही थी और गिरावट को रोकने के लिए भारत सरकार व भारतीय रिजर्व बैंक ने बीते दिनों कुछ मौद्रिक उपाय किए थे। इसके अलावा अमेरिका-ईरान युद्ध के भी समापन की संभावना जताई जा रही है। कुल मिलाकर, दुनिया में निवेश अनुकूल माहौल बना है, जिसका फायदा भारत और भारतीय शेयर बाजार को भी मिलता दिख रहा है। शुक्रवार को मुंबई शेयर बाजार का सूचकांक सेंसेक्स 75,527.95 अंकों पर बंद हुआ और निफ्टी ने 23,600 के आंकड़े को पार कर लिया। मुंबई शेयर बाजार में 1,695.40 अंकों की उछाल के पीछे विश्व स्तर पर कच्चे तेल की गिरती कीमत भी एक बड़ा कारण है। क्रूड ऑयल की कीमतों में चार से पांच प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 86 से 90 डॉलर प्रति बैरल तक आ गया है। कच्चे तेल के घटते भाव से अर्थव्यवस्थाओं को निश्चित ही बल मिलेगा और निवेशकों का मनोबल बढ़ेगा।

यह हम अच्छे से जानते हैं कि विश्व स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जब गिरावट आती है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था पर अच्छा असर पड़ता है। जब तेल आयात का हमारा खर्च बचेगा, तब रुपये को भी बल मिलेगा। हालांकि, यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी कि युद्ध वाकई खत्म होने वाला है और भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार का क्रम तेज होने वाला है। ध्यान रहे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले भी युद्ध विराम के संकेत दे चुके हैं, लेकिन इस बार ऐसा लग रहा है कि युद्ध समापन की ओर बढ़ेगा। संकेत मिल रहे हैं कि जी 7 की आगामी बैठक के दौरान ही कोई समझौता हो जाएगा। जी 7 की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति भी जा रहे हैं और भारतीय प्रधानमंत्री भी वहां रहेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री और विश्व के अन्य आला नेताओं को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पश्चिम एशिया में फिर अमन-चैन बहाल हो जाए। दुनिया इस फिजूल युद्ध को ज्यादा समय तक नहीं झेल सकती। आज के हालात में दुनिया का कोई देश महंगाई या मंदी झेलने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका की स्थानीय राजनीति में खुद डोनाल्ड ट्रंप की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। अनेक लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि ट्रंप ऐसे युद्ध में संसाधन क्यों खर्च कर रहे हैं? ऐसे में, जिन शक्तिशाली देशों के हाथों में अमन-चैन की कमान है, उन्हें विशेष रूप से सजग होना पड़ेगा।

संदर्भ:- पीओके में चुनाव पाकिस्तान का फरेब

# पाक अधिकृत कश्मीर में चुनाव को लेकर बवाल

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में क्षेत्रीय विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। ये चुनाव 27 जुलाई को होने हैं। चुनावों में कुल 45 सीटों में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। किंतु गुलाम जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) को शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटें मंजूर नहीं है। इसलिए जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग जबरदस्त विरोध पर उतर आए हैं। इस विरोध के चलते अब तक 46 प्रदर्शनकारी मारे जा चुके हैं, 200 से अधिक घायल हैं और करीब 1100 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। पाक आर्मी और पुलिस के इस दमन एवं नरसंहार से आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क गया है। इस जोश और नाराजगी को दबाने के लिए पूंछ, मीरपुर एवं मुजफ्फराबाद में बड़ी संख्या में अतिरिक्त अर्ध सैनिक बल तैनात कर दिए हैं। दरअसल लोगों का गुस्सा इसलिए फूट रहा है, क्योंकि ये चुनाव अंतरराष्ट्रीय समुदाय एवं मानवाधिकार आयोग को यह दिखाने के लिए कराए जा रहे हैं कि पाकिस्तान लोकतंत्र का पैरोकार है। लेकिन यह पूरा नाटक फरेब की नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। भारत भी इस चुनाव के विरोध में है।



प्रमोद भार्गव (दैनिक अवन्तिका)

इस विरोध का प्रमुख कारण पीओजेके में विधानसभा की 45 निर्वाचित सीटों में से 12 सीटों का शरणार्थियों के लिए आरक्षित करना है। जेएएसी का आरोप है कि इन सीटों के कारण स्थानीय लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। संगठन लंबे समय से इन सीटों को समाप्त करने की मांग कर रहा है। चुनाव के ठीक पहले यह मुद्दा राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बन गया है। इस मुद्दे के साथ-साथ आमजन बढ़ती महंगाई, गेंहू और आटे की उपलब्धता में कमी, बिजली की दरों में वृद्धि, बेरोजगारी तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारों की मांग को भी आगे बढ़ा रहा है। दरअसल शरणार्थियों के लिए सीटें आरक्षित करने का मतलब, स्थानीय लोगों को जनप्रतिनिधित्व से बहिष्कृत करने का संवैधानिक उपाय पाकिस्तान ने मान लिया है। अतएव ये चुनावी फरेब पीओजेके पर अवैध कब्जे को वैध ठहराने का उपाय भर है। पाकिस्तान इस चुनाव के जरिए यह जताने का उपक्रम कर लेता है कि वह लोकतंत्र का पक्षधर होने के साथ भू-राजनीतिक शक्ति भी है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत को इस चुनावी हथकंडे को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के परिदृष्य में इसे एक बड़े मुद्दे के रूप में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेष करने के साथ हस्तक्षेप की मांग करने की जरूरत है। हालांकि पीओके में हुई हिंसा को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाक पर करारा हमला बोला है। कहा है कि पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी ठहराना चाहिए। पाकिस्तान अपनी आंतरिक विफलताओं को छुपाने और मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान भटकाने के लिए झूठी खबरों और फर्जी वीडियो का सहारा ले रहा है। जबकि पीओजेके में आर्मी और पुलिस ने बर्बर कार्यवाही की है। हम उम्मीद करते है कि विश्व समुदाय पाक के इन कृत्यों के लिए उसे जवाबदेह ठहराएगा।

इसी बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से ऐसी खबर आई है, जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की एक साझा बौर बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह से असफल कर दिया। इन दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड को वैष्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया है। जबकि दिलचस्प बात है कि खुद अमेरिका ने 2019 में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फॉरेन टेररिस्ट आर्गेनाइजेशन सूची में शामिल किया था। बावजूद वैश्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना एक बड़ा कूटनीतिक संदेश है। यह वही चीन है, जिसने अतीत में भारत और अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक प्रतिबंधित आतंकवादी सूची में डालने से जुड़े कई प्रस्तावों पर वीटों लगा दिया था। सुरक्षा परिषद् का यह घटनाक्रम संकेत देता है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरहदों पर ही नहीं बल्कि बंद कमरों में भी कुटिल कूटनीति के लिए लड़ी जाती है। पीओजेके में वर्तमान नरसंहार को लेकर ब्रिटेन के 50 सांसदों ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदायों के समक्ष चिंता जताई है। भारत को पीओजेके में उभरे इस आंतरिक संकट और नरसंहार से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि धूर्त पाकिस्तान इस ओट में अपनी पुरानी और नापाक चालें चलते हुए प्रशिक्षित आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने की चाल चल सकता है। हालांकि भारतीय खुफिया एजेंसी आईबी ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ इस अराजकता और खून-खराबे की आड़ में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कश्मीर तथा भारत के अन्य नगरों में हिंसा व अशांति फैलाने की दृश्टि से आत्मघाती हमले करा सकती है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

पीओजेके की परिधि में आने वाले गिलगित-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दषक तक यहां षांति रही। लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर अवैध कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है।

## मुख्य अतिथि बनने के अचूक उपाय

साहित्यिक आयोजनों की सबसे बड़ी और कड़वी खूबी यह होती है कि वहाँ मुख्य अतिथि का चयन ज्ञान के तराजू पर तौलकर नहीं, बल्कि आयोजकों द्वारा अपने स्वार्थ की मलाई चाटने के उपक्रम से तय किया जाता है। मंच पर बैठे उस तथाकथित मसीहा को बुलाने के पीछे एक पूरा व्यापारिक गणित छिपा होता है। मसलन यदि वह सरकारी गलियारों में तगड़ी पैठ रखता है, तो आयोजक मंडल उसके तलवे इस उम्मीद में चाटता है कि भविष्य में उनके कई रुके हुए सरकारी टेंडर, जमीन के कागजात और अवैध निर्माण के काम मक्खन की तरह पूरे हो जाएँगे। यदि वह मुख्य अतिथि किसी बड़ी धनराशि वाले साहित्यिक सम्मान की मानद समिति में बैठा है, तो आयोजक उसे पान-इलायची खिलाकर मन ही मन उस मलाईदार पुरस्कार और उसकी मोटी रकम को हथियाने का चक्रव्यूह रच रहे होते हैं। अगर मुख्य अतिथि महोदय किसी नामचीन अखबार या पत्रिका के बड़े संपादक निकल गए, तो मंच पर उनकी आरती इस लालच में उतारी जाती है कि अगले रविवार के अंक में आयोजकों की दो कौड़ी की घिसी-पिटी रचनाएँ पहले पन्ने पर सज जाएँगीं। और यदि वह व्यक्ति ज्ञान से पूरी तरह पैदल लेकिन नोटों से लबालब भरा कोई धनाढ्य सेठ हुआ, तो उसे मंच पर केवल इसलिए बिठाया जाता है ताकि कार्यक्रम के तंबू, कुर्सियों, समोसों और मुख्य अतिथि के खुद के बुके का खर्च 'स्पॉन्सर' के रूप में उसी की जेब से हँसते-हँसते झटक लिया जाए। आज की शाम भी कुछ ऐसी ही स्वार्थ-गंगा में गोता लगाने वाली थी, जहाँ हिंदी जगत के महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की स्मृतियों में एक विराट गोष्ठी का आयोजन किया गया था, जहाँ मुख्य अतिथि को निराला के 'छंद' से ज्यादा अपनी 'साख' और आयोजकों के 'धंधे' से सरोकार था। लब्बोलुआब यही है कि मुख्य अतिथि का चयन उसके रुतबे के वजन को देखकर किया जाता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 जून 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:36 सूर्यास्त 19:09
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - अमावस्या 08:24 उपरांत एकम 04:30 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - मृगशिरा 19:07 उपरांत आर्द्रा
योग - शूल 08:55 उपरांत
गण्ड 08:38 वृद्धि
करण - नाग
चन्द्रमा - वृषभ में है। 08:41 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 28 तारिख

**मेष-** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृषभ-** किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा।

**मिथुन-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा।

**कर्क-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी।

**सिंह-** किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कन्या-** आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे।

**वृश्चिक-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा।

**धनु-** नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। धन लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

**मकर-** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है।

**कुंभ-** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

व्यंग्य

## प्रभु श्री ट्रम्प के नाम एक निवेशक की विनय-पत्रिका

हे कृपानिधान, सदैव वंदनीय, लोकतंत्र-मुकुट, विश्व-विजय-पताका-धारक, श्री श्री 1008 ट्रम्प महाराज!

आपको मेरा सादर चरण-स्पर्श पहुँचे।

बाद खैरियत के मालूम हो कि मैं एक अदना-सा लेखक हूँ। ऐसा लेखक, जिसे उसका पड़ोसी तक लेखक नहीं मानता। अखबार वाले छापते नहीं, पुरस्कार वाले पूछते नहीं और सोशल मीडिया वाले पढ़ते नहीं। फिर भी न जाने क्यों आज आपको पत्र लिखने का दुस्साहस कर बैठा हूँ। शायद इसलिए कि हम सदियों से भगवान को चिट्ठियाँ लिखते आए हैं और अब राजनीति में भगवान तथा नेता के बीच का अंतर कहने भर का रह गया है।



कमलेश कंवल (दैनिक अवन्तिका)

प्रभु, सबसे पहले तो आपके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूँ। आपने हमें यह सिखाया कि ट्रम्प केवल ताश का पत्ता नहीं होता, वह जीवन जीने की एक शैली है।

बचपन में हम ट्रम्प कार्ड बचाकर रखते थे, लेकिन आपने समझा दिया कि ट्रम्प कार्ड बचाकर रखने के लिए नहीं होते, बल्कि हारी हुई बाजी जीतने के लिए होते हैं। ट्रम्प की चाल ऐसी होती है कि उसका तमाशा पूरे संसार को देखना पड़ता है।

वैसे महाराज, आपकी विजय में हमारा भी थोड़ा-बहुत योगदान रहा है। भारत के कोने-कोने में आपके लिए यज्ञ हुए थे। कहीं घी जला, कहीं नारियल फूटा, कहीं मंत्र पढ़े गए। यह सब निःस्वार्थ नहीं था। यह तो सीधा-सीधा निवेश था। जैसे किसान बीज बोता है, वैसे हमने आपकी जीत बोई थी। अब यदि फसल हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप न निकले तो शिकायत तो बनती है।

पर मेरे प्रिय मित्र फुरसतिया प्रारंभ से ही इस पूरी प्रक्रिया के विरोध में थे। उनका कहना था कि ट्रम्प सामने वाले के पास भी हो सकता है। लेकिन उनकी कौन सुनता! जब आपके समर्थन में यज्ञ हो रहे थे, तब फुरसतिया का चेहरा ऐसा था मानो मैच का रेफरी प्रतिद्वंद्वी टीम के कोच का चाचा निकल आया हो। उसकी हालत बिल्कुल किसी छोटे देश जैसी थी, जो किसी महाशक्ति से न लड़ सकता है, न उसका समर्थन कर सकता है, बस मन ही मन कुढ़ सकता है।

प्रभु! जिस दिन चुनाव हारने के बाद भी आपने अपने भक्तों को विश्वास दिला दिया कि आप चुनाव जीत गए हैं, उसी दिन हमने आपको राजनीति का महर्षि मान लिया। हमारे लोग भी इन मामलों में कम सिद्धहस्त नहीं हैं, पर उनको अभी भी आपसे बहुत कुछ सीखना बाकी है। आशा है, शीघ्र सीख लेंगे।

प्रभु, आप जानते थे कि आप निर्दोष हैं। फिर अदालत की क्या जरूरत? और सत्ता मिल जाए तो फैसले की क्या जरूरत? सच बताइए, यह ज्ञान आपने हमारे यहाँ के किसी गुरु से ही प्राप्त किया होगा।

याद आता है, एक समय ऐसा भी था जब आपका मन रमैया, मैं तो चंद-खिलौना लैहौं की मुद्रा में था। चंद्र-खिलौना आज भी आपसे उतना ही दूर है जितना मध्यम वर्ग से टैक्स के लाभ। पर उसके बाद आपने जो किया, वह अनुपम है। आज भी विश्व एक हाथ से अपने घाव सहला रहा है और दूसरे हाथ से आपकी पीठ थपथपा रहा है।

प्रभु, भारतीय संस्कृति में ऋण केवल आर्थिक नहीं, आध्यात्मिक विषय भी है। हम पितृ ऋण, गुरु ऋण और देव ऋण चुकाते-चुकाते जीवन बिता देते हैं। आपकी कृपा से अब एक नया ऋण और जुड़ गया है—ट्रम्प-ऋण।

वैसे ऋणी होना हमारे लिए कोई नई बात नहीं।

नई बात यह है कि किसान और आम आदमी लोन लेने के लिए बैंक के पास जाते हैं, जबकि धन्ना सेठों के पास बैंक स्वयं जाता है।

# पोषक तत्वों का हैं भंडार पपीता, पत्ते से लेकर बीज होते हैं उपयोग

कई स्वास्थ्य लाभों से भरा हुआ है। क्या आप जानते हैं पीले-नारंगी फल औषधीय गुणों और पोषक गुणों से भरपूर होते हैं। अब सर्दियों के मौसम की शुरूआत के साथ, इस हेल्दी और पौष्टिक भोजन को अपनी डाइट में शामिल करना सबसे अच्छा है।



पपीता हेल्दी और पौष्टिक माना जाता है क्योंकि यह शरीर की गर्मी को बढ़ाता है और वात और कफ को प्रभावी ढंग से संतुलित करता है। साथ ही अगर आप सर्दी के मौसम में कब्ज की समस्या से जूझ रहे हैं तो पपीता काफी मदद कर सकता है। पपीता दो एंजाइमों से भरा होता है। पपैन और काइमोपैपेन। ये दो एंजाइम पाचन में मदद करते हैं। इतना ही नहीं पपीता आपके दिल के लिए अच्छा है, यह दिल की बीमारियों के खतरे को कम करता है। इसमें फोलेट, मैग्नीशियम, विटामिन ए, पोटेशियम और फाइबर होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट (बीटा कैरोटीन) में भी भरपूर है जो इसे त्वचा रोगों और कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी, ई और ए जैसे खनिजों के लिए अद्भुत बनाता है।

फल की तरह, इसके पत्ते पपैन और काइमोपैपेन जैसे एंजाइमों से भरपूर होते हैं, जो पाचन में सहायता करते है। सूजन और अन्य पाचन विकारों को रोकती हैं। पाचन के अलावा, करपैन जैसे मजबूत अल्कलॉइड यौगिक रूसी और गंजेपन से लड़ने के लिए प्रभावी ढंग से काम करते हैं। पपीते के पत्तों में विटामिन ए, सी, ई, के, और बी और कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम मैग्नीशियम और आयरन जैसे खनिज भी उच्च मात्रा में होते हैं।

### पपीते के पत्ते और बीज भी स्वास्थ्य लाभ से भरे हैं

इसकी पत्तियां प्लेटलेट काउंट बढ़ाने के लिए सबसे अच्छी होती हैं और मलेरिया-रोधी गुणों से भी भरपूर होती हैं, जिससे यह डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों से लड़ने के लिए सबसे अच्छा घरेलू उपाय है।

### पपीते के कुछ फायदे इस प्रकार हैं:

- पाचन में सुधार करता है।
- खांसी और सर्दी में उपयोगी।
- मासिक धर्म के दर्द को कम करता है।
- सूजन को कम करता है (दर्द और ऑटोइम्यून बीमारियों के लिए सबसे अच्छा)
- डायबिटीज रोगियों के लिए अच्छा है।
- विषहरण के लिए सर्वश्रेष्ठ।
- दिल के लिए अच्छा है।
- कब्ज के लिए सर्वश्रेष्ठ है।

धर्म-आस्था

# विभिन्न देवताओं द्वारा धारण की गई वस्तुओं की उपयोगिता

सनातन धर्म में प्रायः सभी भगवान कोई न कोई वस्तु धारण करते हैं। सामान्यतः ये वस्तुएँ उन्हें विशेष प्रिय लगती हैं और ये उनके व्यक्तित्व का निर्धारण भी करती है। इस लेख में कुछ प्रमुख देवताओं की प्रिय वस्तुओं का ही वर्णन किया है।



डॉ. शारदा मेहता (दैनिक अवन्तिका)

1. ब्रह्माजी - वेदग्रंथ, अक्षमाला

वेदग्रंथ - ये ज्ञान का प्रतीक है। वेद ग्रंथ सनातन धर्म के प्राचीनतम ग्रंथ हैं। सम्पूर्ण संसार में ज्ञान का प्रचार प्रसार इनके आधार पर ही हुआ है।

अक्षमाला - यह अनन्त ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। जीवन के अन्तहीन चक्र का संकेत इस माला से प्राप्त होता है। जिस प्रकार माला का चक्र चलता रहता है उसी प्रकार जीवन चक्र भी पृथ्वी पर विद्यमान है।

2. विष्णुजी - शंख, चक्र, गदा, पद्म

शंख - शंख ध्वनि, यह शुभता का प्रतीक है। इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रसारण होता है। इसकी ध्वनि ज्ञान का प्रतीक भी कही जाती है।

चक्र - यह समय के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। यह इस बात का संकेत देता है कि प्रत्येक कार्य समय से पूर्ण करना ही सार्थकता है।

गदा - यह शक्ति का प्रतीक है।

पद्म - कमल कीचड़ में रहकर भी सुन्दरता और पवित्रता से अपनी छबि बनाए रखता है। यह मानव को यह संदेश देता है कि विपरीत परिस्थिति में जन्म लेकर जलकमलवत जीवन-यापन किया जा सकता है।

3. महेश (शंकर) - डमरू, त्रिशूल, गले में नाग, सिर पर अर्द्ध चन्द्र, जटा में गंगा आदि।

डमरू - यह ब्रह्माण्ड के सृजन का प्रतीक है। यह ध्वनि और नाद को इंगित करता है। नृत्य संगीत और संस्कृत व्याकरण सूत्र का प्रणेता डमरू की ध्वनि को ही माना जाता है।

त्रिशूल - धार्मिक ग्रंथों का कथन है कि त्रिशूल व्यक्ति के कर्म के अनुसार दंडित करता है। दैहिक, दैविक और भौतिक शक्तियों पर नियंत्रण रखता है। सनातन धर्मावलंबियों के घरों के मुख्य द्वार के ऊपर मध्य में त्रिशूल बनाने की परंपरा रही है।

गले का नाम - शंकरजी के गले के नाग का नाम वासुकी है। यह अहंकार पर नियंत्रण का प्रतीक है। यह इस बात की ओर भी इंगित करता है कि मृत्यु पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है। गले में धारण कर विषैले सर्प को भी मित्रवत धारण किया जा सकता है।

अर्द्धचन्द्र - अर्द्धचन्द्र मानसिक शान्ति और समय चक्र पर नियंत्रण रखने का प्रतीक है। यह शुभता का प्रतीक भी है।

गंगा नदी - मानव जीवन का प्रवाह निरन्तर बना रहे। इस बात का यह प्रतीक है। अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ने का सन्देश भी देती है।

तीसरा नेत्र - यह नेत्र आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है। संसार की मोह माया का त्याग करके अध्यात्म की ओर अग्रसर होते रहो यही इसका सन्देश है।

भस्म - भस्म से यह शिक्षा प्राप्त होती है कि अन्त में सभी को राख में परिवर्तित होना है।

मृग चर्म - यह सन्देश देता है कि शिव का आधिपत्य जीवित प्राणियों पर भी है।

नन्दी - आदर्श भक्तों का प्रतिनिधि है। वह शिवजी का द्वारपाल है।

4. श्री गणेशजी - अंकुश, मोदक, पाश, वरमुद्रा, मूषक

अंकुश - मन पर नियंत्रण रखने का संकेत देता है।

मोदक - मोदक आनन्द का प्रतीक है। घरों में जब आनन्दोत्सव होता है तो लड्डू बाँटे जाते हैं। भगवान को भी मिष्ठान्न का भोग लगाया जाता है।

पाश - यह अपने आप पर बंधन रखने की ओर संकेत करता है। मनुष्य को हमेशा अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

वरमुद्रा - गणेशजी का वरमुद्रा वाला हाथ भक्तों को आशीर्वाद देता है।

मूषक - यह गणेशजी का वाहन है। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखता है। यह ज्ञान का भी प्रतीक है।

5. श्रीराम - धनुष बाण, श्याम वर्ण, तरकश, सूर्य, हृ, कोविदार वृक्ष, अंकुश, कमल, वज्र, रामराज्य।

धनुष बाण - वीरता, न्याय का प्रतीक, बुराई पर विजय, दायें हाथ में धनुष, बायें में बाण, पीछे तरकश।

सूर्य - श्रीराम के सूर्यवंश का चिह्न है। यह चारों ओर धर्म का प्रकाश फैलाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,48,600 रवा- 1,48,500 चांदी- टंच- 2,42,200 पाट- 2,41,500।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# 1 करोड़ की चोरी के विरोध में व्यापारियों का चक्काजाम, अकोदिया में 4 घंटे तक प्रदर्शन

## एएसपी के जल्द कार्रवाई के आश्वासन पर माने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में पूर्व विधायक के पुत्र पूर्व पार्षद राहुल मंडलोई के निवास पर करीब एक माह पहले हुई लगभग एक करोड़ रुपये की चोरी का खुलासा नहीं होने से अकोदिया में लोगों का आक्रोश सामने आया। शुक्रवार को पुलिस की धीमी कार्रवाई के विरोध में नगर पूरी तरह बंद रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने स्टेट हाईवे-41 पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।



### एक माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

करीब एक माह पहले हुई इस बड़ी चोरी में नकदी और आभूषण चोरी हुए थे। इतने समय बाद भी पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है, जिससे नगर में असंतोष बना हुआ है और लोग जांच की प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं।

### हाईवे पर चार घंटे तक बाधित रहा यातायात

आंदोलन के दौरान हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब चार घंटे तक सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान व्यापारी, सामाजिक संगठन, ग्रामीणजन और विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चोरी के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

कुछ स्थानों पर वाहन चालकों और प्रदर्शनकारियों के बीच बहस की स्थिति भी बनी, लेकिन आंदोलनकारियों ने एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहनों को पहले निकलने दिया।

### पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी

स्थिति को देखते हुए जिले के विभिन्न थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय, शुजालपुर एसडीएम राजकुमार हालदार और एसडीओपी निमेष देशमुख सहित प्रशासनिक अधिकारी लगातार मौके पर मौजूद रहे और लोगों से बातचीत करते रहे।

### प्रतिनिधि मंडल बनाने का सुझाव

प्रदर्शनकारियों से बातचीत के दौरान एडिशनल एसपी ने कहा कि पुलिस चोरी के मामले की जांच कर रही है और प्रयास जारी हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नगरवासी एक प्रतिनिधि मंडल बनाएं, जो पुलिस टीम के साथ समन्वय बनाए रखे और जांच से जुड़ी जानकारी साझा करता रहे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जांच में किसी तरह की ढिलाई नहीं होगी।

### आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

प्रशासन के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे से जारी चक्काजाम और धरना समाप्त कर दिया गया। इसके बाद हाईवे पर यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो गया। हालांकि नगरवासियों ने कहा कि यदि जल्द खुलासा नहीं हुआ तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



## नजर बिगड़ी तो मन बिगड़ा और मन बिगड़ा तो जीवन बिगड़ जाता हैं-आचार्य

**सारंगपुर।** जब हमारी नजर में नकारात्मकता आती है, तो हमारे विचार और मन दूषित हो जाते हैं। इससे हमारे निर्णय गलत हो जाते हैं और अंततः पूरा जीवन प्रभावित होता है। नजर बिगड़ी तो मन बिगड़ा और मन बिगड़ा तो जीवन बिगड़ जाता हैं। उक्त कथन श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी सारंगपुर मे चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार रात्रि को कथा वाचक श्री श्री 108 मण्डलेश्वर आचार्य रामप्रसाद व्यास ने कहे। इससे पूर्व मुख्य यजमान समाज सेवी विष्णु प्रसाद जोशी ने सपरिवार भागवतजी की आरती उतारी। इसी कड़ी मे आचार्य व्यास ने श्रीकृष्ण बाल लीला, समुद्र मंथन के प्रसंग का विस्तार के वर्णन किया। साथ ही कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत की पूजा की गईं। उन्होंने आगे बताया कि वाणी ही सब कुछ हैं।आपके शब्द, आपका लहजा और आपका उच्चारण न केवल आपके व्यक्तित्व को दशार्ते हैं, बल्कि आपके बनते या बिगड;ते काम भी निर्धारित करते हैं। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुपल प्रमोद सादानी, वरिष्ठ पेंसनर प्रेम शंकर पाण्डेय, जयहिंद प्रकाश दुबे, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी, समाज सेवी राजेंद्र पालीवाल, केशव लाल राठौर, प्रकाश तिवारी, संजय शर्मा, पूर्व पार्षद हर्षा पालीवाल, ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा पालीवाल सहित कई महिलाओ व पुरुषो ने भागवत कथा का श्रवण किया।17

## मकान की छत पर भैंस को देखकर आश्चर्यचकित हो गए लोग

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम डेंडी में दिलीप पाल कि भैंस रात करीब 1:30 बजे को अपने खूटी से छूटकर छत पर जा चढी। सुबह खूटी पर जब भैंस नहीं दिखी तो भैस मलिक घबरा गए। भैस के बोलने की आवाज सुनी तो ऊपर छत पर जाकर देखा भैंस उतरने का प्रयास कर रही थी जिसको देखने पूरे गांव वाले इकट्ठे हो गए। सभी ने इसे आश्चर्य माना। बडी मुश्किल से समस्त प्रयासों के बावजूद जब भैंस नीचे नहीं उतरी तो जेसीबी बुलाकर भैंस को नीचे उतारा गया।



### अवैध शराब पर कार्रवाई के दौरान हंगामा

## बिक्री रोकने गई टीम से की अभद्रता, धक्का-मुक्की, दो आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** देवास औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने और पुलिस दल से अभद्रता करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एक महिला के कब्जे से देशी शराब भी बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में जिले में अवैध शराब कारोबार और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण और सूचना संकलन के दौरान गांगरदी चौराहा क्षेत्र पहुंची, जहां संदिग्ध अवस्था में मिली एक महिला की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक अन्य महिला द्वारा भी अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन और तलाशी के लिए जब पुलिस दल मौके पर पहुंचा तो कुछ लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। इसी दौरान संबंधित महिला और उसके परिजनों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज, धक्का-मुक्की की और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। मामले में थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करण सिसोदिया उर्फ संतोष शर्मा (25 वर्ष) और संतोष शर्मा पिता मांगीलाल शर्मा (56 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम भाड़ा पिपल्या, जिला देवास को गिरफ्तार कर लिया है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

सारंगपुर पुलिस की बडी कामयाबी :

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के आरोपित दो बदमाशों से 4 बाईक जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड किया है। मामले में पुलिस ने एक पूर्व फरार आरोपित सहित कुल 2 शातिर चोरों को दबोचा है, जिनके कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

### घर के बाहर से चोरी हुई थी बाइक

सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि फरियादी धर्मेंद्र पिता नारायण अहिरवार निवासी बालोडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 मार्च 2026 को उनके घर की दलान से अज्ञात बदमाश उनकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एमपी 39 जेडजी 4926 चोरी कर ले गए थे। शिकायत पर सारंगपुर थाने में अपराध बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

### 110 सीसीटीवी कैमरे खंगाले

थाना प्रभारी रघुवंशी ने बताया कि चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानीजी के निर्देश एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में हमारे द्वारा दो विशेष टीमों का गठन किया गया। प्रथम टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देने और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने में जुटी। तथा दूसरी टीम इलाके के लगभग 110 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में लगी रही।

तकनीकी साक्ष्य और साइबर सेल से मिली सटीक लोकेशन के आधार पर हमने ने देवास जिले के पीपलरावा थाना क्षेत्र के कंजर डेरा में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए आरोपित देवास जिले के शातिर अपराधी हैं, जो राजगढ और आसपास के जिलों में सक्रिय थे जिसमें मिथुन पिता अम्बाराम हाडा कंजर, उम्र 26 साल, तथा पूर्व में फरार आरोपित ध्रुव पिता सुनेर कंजर, उम्र 19 साल दोनो निवासी थाना पीपलरावा, जिला देवास थे। दोनो आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने सारंगपुर व अन्य थानों के कुल 4 मामलों का खुलासा करते हुए अपराध क्र. 245/26, हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 39 जेडजी 4926, अपराध क्र. 143/26 काले रंग की नीले पट्टेदार एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 42 एमएन 7187, अपराध क्र. 134/26: लाल पट्टे वाली काले रंग की होंडा शाइन क्रमांक एमपी 42 जेडएफ 8049 तथा अपराध क्र. 760/25 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू करने की मांग को लेकर एबीवीपी का उग्र प्रदर्शन

**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा इकाई द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू करने की मांग को लेकर शासकीय पीजी कॉलेज, ब्यावरा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया, प्रदर्शन के दौरान परिषद कार्यकताओं ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग की, किंतु लंबे समय तक कोई जिम्मेदार अधिकारी प्रदर्शन स्थल पर नहीं पहुंचा, अधिकारियों की उदासीनता से नाराज एबीवीपी कार्यकर्ता कॉलेज परिसर से बाहर निकलकर सड़क पर बैठ गए और शांतिपूर्ण धरना देकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय एवं प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है, जिसके कारण छात्रों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है, सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा तथा परिषद पदाधिकारियों से चर्चा की, इसके पश्चात एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू करने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई, नगर मंत्री राकेश सोंधिया ने कहा कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

## रगों में रक्त बहाकर दूसरे लोगों को दी नई जिंदगी

### सुसनेर के रक्तदानवीर हर समय रहते हैं तैयार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के उन रक्तदानवीरों को सम्मानपूर्वक याद किया जा रहा है जो जरूरतमंद मरीजों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। बीमारियों से पीड़ित मरीजों, प्रसूता महिलाओं तथा सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में क्षेत्र के युवा लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सुसनेर में ऐसे कई रक्तदाता हैं जिन्होंने दर्जनों बार रक्तदान कर अनगिनत लोगों को नया जीवन देने का कार्य किया है। दिन हो या रात, रक्त की आवश्यकता पड़ते ही ये रक्तदानवीर बिना किसी स्वार्थ के अस्पताल पहुंचकर मानवता का परिचय देते हैं।

विश्व रक्तदाता दिवस पर क्षेत्रवासियों ने नियमित रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की है।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। मुझे जब भी किसी जरूरतमंद के लिए रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलती है, मैं यथासंभव मदद के लिए पहुंचता हूं। अब तक 6 से अधिक बार रक्तदान कर चुका हूं और आगे भी मानव सेवा के इस कार्य में योगदान देता रहूंगा।

**अभिजीत बजाज, सुसनेर**

मैं अब तक 7 बार रक्तदान कर चुका हूं। आज आवश्यकता है कि हम स्वयं रक्तदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यदि हमारे द्वारा दिया गया एक यूनिट रक्त किसी की धड़कनें फिर से चला सकता है तो इससे बड़ा मानव सेवा का कार्य और क्या हो सकता है। रक्तदान वास्तव में जीवनदान है।

**जितेंद्र पाटीदार लटूरी गेहलोत**

रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। वर्ष 2016 से हमारी टीम रक्तदान जागरूकता और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। मैं स्वयं 11 बार रक्तदान और 2 बार प्लेटलेट्स दान कर चुका हूं। मेरा प्रयास है कि हर स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आए।

**कपिल वेदिया रक्तदाता सुसनेर**

## 16 से 18 जून तक लगेगा विशाल जनकल्याण शिविर

**सारंगपुर।** विधानसभा सारंगपुर क्षेत्र की जनता को शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आगामी 16 से 18 जूनतक तीन दिवसीय विशाल जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कृषि उपज मण्डी सारंगपुर में प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक आयोजित होगा। शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटने और कागजी कार्रवाई में लगने वाले समय व श्रम को देखते हुए इस शिविर की रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं मिल सकें। प्रथम दिवस 16 जून को आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुकिंग कॉम्पटीशन, 'स्कूल चले हम' अभियान के तहत प्रवेश उत्सव और साइकिल वितरण। जबकि ऊर्जा विभाग, सामान्य प्रशासन, राजस्व विभाग के जाति प्रमाण पत्र एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के कार्य होंगे।

## नशे के खिलाफ अभियान के तहत 700 ग्राम अवैध डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार

**मक्सी।** मक्सी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक व्यक्ति को 700 ग्राम अवैध डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शिवधाम कॉलोनी क्षेत्र में की गई, जहां से आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत पकड़ा गया है। मक्सी पुलिस ने इस फ्री कार्रवाई का खुलासा शनिवार दोपहर 2 बजे किया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि मक्सी स्थित शिव मंदिर के पीछे शिवधाम कॉलोनी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर शुक्रवार को पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। टीम ने ग्राम रडमा खेड़ी, वार्ड क्रमांक 11, थाना अफजलपुर, जिला मंदसौर निवासी सीताराम गायरी को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के बाएं हाथ में रखे प्लास्टिक के झोले से केसरिया रंग की पॉलीथिन में रखा ग्रे रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला, जिसकी जांच में डोडा चूरा होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने 700 ग्राम डोडा चूरा और झोला जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1800 रुपए बताई गई है। एसआई मनोहर चौहान ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने डोडा चूरा किसी साधु-संत से खरीदना बताया है। पुलिस मामले में सप्लाई नेटवर्क और अन्य संबंधित पहलुओं की जांच कर रही है।

## परमार को भारत पीएसयू मंथन एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ग्राम बरखेड़ा खुर्रम संडावता निवासी एवं राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एनपीटीआई में उपनिदेशक तकनीकी के पद पर कार्यरत डॉ. के.पी.सिंह परमार को भारत पीएसयू मंथन एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान आर एंड डी एक्सीलेंस इन एमेर्जिंग टेक्नोलॉजीज श्रेणी में अनुसंधान, नवाचार एवं ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जहां डॉ. परमार को अरविंद कुमार, महानिदेशक, एसटीपीआई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पर्क्स ऑफ इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देशभर के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों, उद्योगों एवं संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। डॉ. परमार ऊर्जा प्रबंधन, विद्युत प्रणाली संचालन एवं नियंत्रण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विद्युत क्षेत्र में अनुप्रयोगों पर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनके अनेक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं तथा वे कई तकनीकी पुस्तकों के लेखक एवं सह-लेखक भी हैं।

## कथा समापन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भावुक हुए भक्त



**बड़ौद।** नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक संत अभिराम दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार का प्रेम, आपसी विश्वास और संस्कार कभी समाप्त नहीं होने चाहिए। परिवार में प्रेम और सद्भाव बना रहे, यही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कृष्ण-सुदामा के अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण की कथा सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा पंडाल भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का रसपान करते रहे। समापन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत भी कथा स्थल पर पहुंचे और कथा का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने धार्मिक आयोजनों को समाज में संस्कार एवं सद्भावना बढ़ाने का माध्यम बताया। कथा समापन के बाद महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया। श्रीकृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में क्षेत्रीय विधायक गेहलोत एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि लववंशी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ सूचनाकर्ता एहमद शेख पिता मोहम्मद हुसैन आयु 27 वर्ष जाति मुस्लिम निवास पुरानी कोटा फाटक राम मंदिर के पीछे, नागदा जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा नगर पालिका सीमा नागदा के वार्ड कं. 7 भूमि सर्वे नंबर 601/1 की भूमि में स्थित गृह क्रमांक 118-ए, मोहल्ला चंबल सागर कॉलोनी (नाले से घाटी एवं खाचरोद तक) नागदा तहसील नागदा जिला उज्जैन म. प्र. में स्थित तीन मंजिला मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 37.21 वर्गमीटर है को मेरे द्वारा मुबारिक हुसैन पिता शकुर मोहम्मद आयु 69 वर्ष, जाति मुस्लिम, निवासी- 234, चंबल सागर कॉलोनी, नूरानी मस्जिद के सामने, नागदा जिला उज्जैन म.प्र. से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 17/10/2025 को क्रय किया गया है तथा उपरोक्त सम्पत्ति पुर्व में रईसा बी पति मुबारिक हुसैन के स्वामित्व व आधिपत्य की रही थी जिनकी मृत्यु पश्चात प्रथम श्रेणी के वैध वारिसान के रूप में मुबारिक हुसैन द्वारा नगर पालिका में अपने नामांतरण करवाते हुए मुझ सूचनाकर्ता को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त सम्पत्ति विक्रय की है तथा विक्रय दिनांक से मैं सूचनाकर्ता उपरोक्त सम्पत्ति पर आधिपत्यधारी हूँ तथा मेरे नाम से नगर पालिका नागदा में नामांतरण भी दर्ज किया जा चुका है।

मुझ सूचनाकर्ता द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति / मकान को अन्यत्र व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को आपत्ति हो तो वह 3 दिवस के मध्य मुझ सूचनाकर्ता को लिखित में सूचित करें अन्यथा बाद अवधि मेरे द्वारा उपरोक्त मकान को अन्यत्र व्यक्ति को विक्रय किये जाने हेतु मैं सूचनाकर्ता स्वतंत्र रहूगा। सो सूचित हो। दिनांक- 14/06/2026

**सूचनाकर्ता**
**एहमद शेख पिता मोहम्मद हुसैन आयु 27 वर्ष जाति मुस्लिम**
**निवासी- पुरानी कोटा फाटक राम मंदिर के पीछे, नागदा जिला उज्जैन**

In The Court Of V Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्री पंकज गोंडू भलेराव**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(EX A/0000010/2026)

**राजेश राठौर-----वादी**

**Vs**

**श्रीमती सुशीला बाई----प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक: 30/06/2026**

**प्रेषिती**

(1) श्रीमती सुशीला बाई पति स्वर्गीय राधेश्याम राठौर पता-9-10 अर्चना परिसर नानाखेडा उज्जैन

यह कि प्रार्थी राजेश राठौर पिता मोहनलाल राठौर, आयु-52 वर्ष, निवासी-66, नागेश्वर धाम कॉलोनी कानीपुरा रोड उज्जैन म प्र द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का अधीनस्थ न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक आरसीएसए/111/2018 में पारित निर्णय व जयपत्र दिनांक 25/10/2025 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08 जून 2026 को मेरे मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**(पंकज गोंडू)**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री खण्डेलवाल ब्राम्हण समाज न्यास पता- 06 सतीमार्ग उज्जैन पंजीयन कमांक 31/2019 द्वारा अध्यक्ष गजेन्द्रकुमार पिता स्व. रघुनाथ जी शर्मा पता 6 गीताभवन गोलामण्डी उज्जैन ने मानाजी राव पिता श्री सरदार शिवाजीराव आंग्रे आदि निवासी 16 लक्ष्मी निवास मंगलनाथ मार्ग ग्राम भीतरी जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 345 रकबा 1.536 हे. में से सडक से लगी हुई पूर्व दिशा की रकबा 0.627 हे. भूमि ग्राम भीतरी तहसील घटिया जिला उज्जैन पर स्थित है, को क्रय करने का तय करते हुये अग्रिम विक्रय मूल्य की राशि भुगतान कर दी है। भविष्य मे मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में कराना चाहता है। यदि इस विक्रय पत्र मे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक शासकीय व अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में मेरे कार्यालयीन पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा इसके उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का संपादन करा लेगा और कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी।

**पंखुरी समदानी हाईकोर्ट, एडवोकेट**
**स्थित-92, गोंदा चौकी, गुरू मंदिर के पास, उज्जैन**
**फोन नंबर- 0734-2551822, मोबा. 76940542.92**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने दीपक कृष्ण पिता स्व. चंद्रभान शर्मा निवासी-50 दशहरा मैदान क्षपणक मार्ग फीगंज उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्युनिसिपल क्रमांक 03 के उत्तर दिशा का भाग स्थित वराहमिहिर मार्ग माधवनगर फ्रीगंज उज्जैन क्षेत्रफल 87.43 वर्गमीटर जो खण्डहर स्थिति में है, जिसके पूर्व में- सरकारी रोड, पश्चिम में- कट चौक सरकारी, उत्तर में-गली 5 फीट वाली, तथा दक्षिण में- श्रीमती अंजली व अमन जैन का मकान स्थित है, को क्रय करने का तय करते हुये अग्रिम विक्रय मूल्य की राशि भुगतान कर दी है। भविष्य मे मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में कराना चाहता है। यदि इस विक्रय पत्र में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक शासकीय व अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में मेरे कार्यालयीन पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा इसके उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का संपादन करा लेगा और कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी।

**पंखुरी समदानी हाईकोर्ट, एडवोकेट**
**स्थित-92, गोंदा चौकी, गुरू मंदिर के पास, उज्जैन**
**फोन नंबर- 0734-2551822, मोबा. 76940542.92**

# जाति प्रमाण पत्रों में फर्जीवाड़ा, कार्यवाही की मांग

**गुना।** जिला मुख्यालय पर जहां पहले कलेक्टर साहब बैठते थे वहां आज कल अनुविभागीय कार्यालय बन जाने से एसडीएम साहेबा बैठती हैं। यहां से ठीक कुछ कदम पर ही एक संयुक्त बिल्डिंग में कलेक्टर साहेब बैठते हैं, फिर भी लोगों को एक पल का भी डर भय नही है। विभागों में कुछ भी चल रहा है मानो अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी चल रही है, ठीक वैसा ही जिले के तमाम विभागों में फर्जीवाड़ा और धांधली चल रही है। इससे एक ओर जहां शासन की छवि धूमिल हो रही है तो वहीं प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

दरअसल ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं कि जिला मुख्यालय पर बीचों-बीच शहर में कागजों की हेराफरी कर कार्यालय लोकसेवा केन्द्र से लेकर एसडीएम कार्यालय तक दस्तावेज वैरिफाई होते हुए पहुंचते हैं और कुछ दिन बाद कुशवाह से आदिवासी/सहरिया जनजाति के प्रमाण पत्र जारी हो जाते हैं जिन्हें कोई पकड़ भी नही पाता। बड़ा सवाल ये है कि जब जिला मुख्यालय पर स्थिति ये है तो फिर गुना जिले की तहसीलों में क्या स्थिति बन रही होगी। जानकारी मिली है कि लोकसेवा से लेकर एसडीएम कार्यालय तक गांधी की चमक चलती है और सब कुछ हो जाता है। उस चमक के आगे अधिकारी-कर्मचारी और अफसर तक अंधे हो चुके हैं। इसी का नतीजा है कि मुहालपुर रोड निवासी कन्हैयालाल कुशवाह के बेटा-बहू और नाथी अब आदिवासी बन गए हैं। इसके चलते एक ओर जहां गरीबों के हक पर सरेआम डकैती डाली जा रही है तो वही दूसरी ओर सहरिया समाज के विकास के लिए आरक्षित बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को तहस-नहस किया जा रहा है। इसका खुलासा करने वाले जागरूक आदिवासी समाज के लोगों ने फिलहाल मीडिया के माध्यम से प्रशासनिक पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा है कि आखिर कुशवाह समाज के लोगों को किस आधार पर सहरिया जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे सभी दोषी जो कागजों में हेराफेरी करने वालों के अलावा कुंभकर्णी नींद के आघोष में बैठे अधिकारी-कर्मचारी सहित अफसरों के साथ लोकसेवा केन्द्र पर शीघ्र कार्यवाही करें। जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल न हो और पारदर्शिता बनी रहे, अन्यथा की स्थिति में उन्हें सडक पर उतरना पड़ेगा।

**कागजों में भिन्नता फिर भी बना डाले आदिवासी के प्रमाण पत्र**

जाति प्रमाण पत्र के इस बड़े खुलासे में मिले सुबूतों के आधार पर कन्हैयालाल कुशवाह पुत्र ऊमकारलाल की मृत्यु 4 जून 2012 को हो चुकी है। इनकी जमीन भी है जो उनके बेटे जगदीश कुशवाह, प्रमोद कुशवाह और योगेश कुशवाह के नाम पर है। वहीं योगेश की बात करें तो उसने अपना आधार कार्ड योगेश आदिवासी के नाम बनवा कर जाति प्रमाण पत्र भी सहरिया जनजाति का हांसिल कर लिया। जबकि योगेश का एक जाति प्रमाण पत्र पिछड़ा वर्ग का भी सामने आया है और उसका बिजली बिल योगेश कुशवाह के नाम से है। उनके पुत्र का आधार कार्ड केशव कुशवाह के नाम पर है और जाति प्रमाण पत्र आदिवासी का है। उक्त जाति प्रमाण पत्र में केशव की माता का नाम भी शीतल आदिवासी लिखा है। हालांकि आधार कार्ड शीतल कुशवाह के नाम से है। इनमें वाकायदा शिवानी पाठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के डिजीटल हस्ताक्षर हो रहे हैं। इन सुबूतों में जो समग्र परिवार आईडी हमारे हाथ लगी है वह 48946650 है जिनकी सदस्य आईडी भी जाति प्रमाण पत्र और स्थाई निवास से मैच नही खा रहीं। इस आधार पर दस्तावेजों में भी भिन्नता आ रही है, इसलिए आदिवासी समाज ने शासन-प्रशासन से जाति प्रमाण पत्रों की बारीकी से जांच कर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है ...**

जाति प्रमाण पत्र का मामला आपने मेरे संज्ञान में लाया है, उक्त प्रकरण की हम बारीकी से जांच कराएंगे। चूकि हो सकता है फर्जी हों तो आप मुझे व्हाट्सअप करो, हम दिखवाते हैं। जाति प्रमाण पत्र एसडीएम कार्यालय से जारी हुए हैं कि नहीं।

**किशोर कुमार कन्याल**
**कलेक्टर गुना**

**बारीकी से जांच होनी चाहिए**

श्योपुर के करहाल तहसील के अंतर्गत आने वाले भील, भिलाला, पटेलिया को आज तक आदिवासी का प्रमाण पत्र नहीं मिला। जबकि गुना में कुशवाह समाज के एक पिता-पुत्र को आदिवासी का प्रमाण पत्र कैसे जारी कर दिया इसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए कि किस आधार से जाति बनाए गए हैं। यह आदिवासी, सहरिया समाज के निर्धारित नियमों का हनन है।

**रणविजय भूरिया**
**जयस जिलाध्यक्ष गुना**

## पीएम के विदेश दौरों की उपलब्धियां जनता के सामने रखे

**इंदौर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार की विदेश नीति, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और अयोध्या राम मंदिर से जुड़े मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरते हुए कई सवाल उठाए। उन्होंने मामलों में स्पष्ट जवाब देने और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। रविवार को मीडिया से चर्चा के दौरान संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों के दौरान देशहित से जुड़े मुद्दों और उपलब्धियों की जानकारी जनता के सामने रखी जानी चाहिए। हाल की कुछ अंतरराष्ट्रीय घटनाओं में भारतीय नागरिकों की मौत के बावजूद केंद्र सरकार की ओर से अपेक्षित स्तर पर प्रतिक्रिया नहीं दिखाई दी। उन्होंने कहा कि भारत को अपने नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अधिक मजबूती से पक्ष रखना चाहिए। साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर के प्रयासों का उल्लेख करते हुए भारत के हितों की रक्षा के लिए और सख्त कूटनीतिक रुख अपनाने की जरूरत बताई।

## नाबालिग बालक के लापता होने पर पुलिस की कार्यवाही

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के संवेदनशील, मानवीय एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में आरोन थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालक के लापता होने के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिला दिया है। गौरतलब है कि दिनांक 05 जून 2026 को आरोन थाने पर एक महिला द्वारा अपने 14 वर्षीय नाबालिग पोते के दिनांक 28 मई 2026 से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर से आरोन थाने में अपराध क्रमांक 164/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा बालक की तलाश प्रारंभ की गई।

## शुजालपुर से 196 श्रद्धालु माता वैष्णों देवी रवाना हुए

**शुजालपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत शनिवार देर रात शुजालपुर रेलवे स्टेशन से 196 श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। 13 से 18 जून तक आयोजित इस धार्मिक यात्रा में शुजालपुर नगरीय क्षेत्र के 36 श्रद्धालु भी शामिल हैं। स्टेशन परिसर में श्रद्धा, उत्साह और भावनाओं से भरा माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में परिजन और शुभचिंतक यात्रियों को विदा करने पहुंचे। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। हालांकि तेज हवाओं के चलते लगाए गए टेंट हटाने पड़े, लेकिन मौसम सुहावना रहने से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। रात करीब 11.30 बजे विशेष व्यवस्था के तहत सभी यात्री ट्रेन में सवार होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। यात्रियों को शुभकामनाएं देने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, तहसीलदार किरण धाकड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनकी मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

## डॉ. किशोर विश्वकर्मा के योगदान को किया याद

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सामाजिक समरसता एवं सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में आठ वर्षों तक सेवाएं देने वाले डॉ. किशोर कुमार विश्वकर्मा का सम्मान कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सरस्वती वंदना वैष्णवी मालवीय ने प्रस्तुत की। समारोह में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने डॉ. विश्वकर्मा के शैक्षणिक, सामाजिक एवं संस्थागत योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बने

**शुजालपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के अकोदिया ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. सुशील कुमार गेहलोत का खाटू श्याम सेना ट्रस्ट द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर आयोजित समारोह में उन्हें बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ. गेहलोत लंबे समय से सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी कार्यनिष्ठा और समाजहित के प्रति समर्पण को देखते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. गेहलोत अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई दिशा देंगे। सम्मान के दौरान डॉ. सुशील कुमार गेहलोत ने संगठन के वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उन्हें सौंपे गए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने इस सम्मान के लिए खाटू श्याम सेना ट्रस्ट का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्याम प्रेमी तरुण कुशवाह, रमेश थानेरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# दान से धन और मन दोनों पवित्र होते है



**शाजापुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर पुलिस लाइन रोड स्थित श्री राम मंदिर में विगत नौ दिनों से बह रही रामकथा की ज्ञान-गंगा का भव्य विश्राम हो गया। इस मौके पर नगर के प्रख्यात कथावाचक पंडित लाल शंकर मेहता ने दान, त्याग और सेवा की महिमा का मार्मिक वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित मेहता ने व्यासपीठ से धर्मोपदेश देते हुए कहा कि दान से धन पवित्र होता है और इस संसार में दान से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य कर्म नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दान सदैव अहंकार शून्य होकर देना चाहिए। सेवा के तीन प्रकारों— तन, मन और धन का गहराई से वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि तन से सेवा करने पर व्यक्ति का देहाभिमान (अहंकार) नष्ट होता है। धन से सेवा करने पर माया, ममता और मोह का नाश होता है, जबकि मन से सेवा करने पर सीधे परमात्मा से असीम प्रेम स्थापित होता है। दान की व्यापकता को समझाते हुए पंडित जी ने कहा कि यह धारणा गलत है कि दान केवल धन का ही होता है। कन्यादान, अन्नदान, अभयदान, क्षमादान और विद्यादान जैसे इसके अनेक श्रेष्ठ रूप हैं। अपनी आवश्यकता से अधिक जो भी हो, उसे दूसरों के कल्याणार्थ अर्पित कर देना और संकटग्रस्त प्राणियों की निस्वार्थ भाव से सहायता करना ही वास्तविक दान है।

कथा के दौरान पंडित मेहता ने राम मंदिर निर्माण के प्रसंग का विस्तार करते हुए श्रोताओं से करबद्ध निवेदन किया कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने मंच से त्याग की एक अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक घोषणा की, 卐हमें इस रामकथा से जो भी दक्षिणा प्राप्त होगी, वह सम्पूर्ण राशि राम मंदिर निर्माण के सहयोगार्थ समर्पित की जाएगी।

?उन्होंने श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह किया कि वे उन्हें दक्षिणा के रूप में केवल तुलसी पत्र और पुष्प ही भेंट करें। प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक चलने वाली इस कथा में पंडित जी द्वारा सुनाए गए प्रासंगिक दृष्टांतों और सुमधुर भजनों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता भाव-विभोर होकर पांडाल में झूमने व नृत्य करने लगे।

### भाजपा का विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जीतू जिराती एक दिवसीय प्रवास पर गुना आ रहे हैं जहां वे मोदी सरकार के बारह वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

इसी क्रम में पार्टी द्वारा विकसित भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने के उद्देश्य से सम्मेलन का आयोजन दोपहर पवन श्री मांगलिक भवन में आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग, चिकित्सक, अधिवक्ता, केमिस्ट, सामाजिक संगठन एवं समाज जीवन से जुड़े प्रतिष्ठित नागरिकों की सहभागिता रहेगी। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती सोमवार को नगरपालिका प्रांगण में आयोजित जनकल्याण शिविर में सम्मिलित होंगे। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में भाग लेंगे।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑनलाइन योग अभियान में आयुष विभाग शाजापुर की सहभागिता

**शाजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय भारत सरकार, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं Habuild Healthtech Pvt. Ltd. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हेतु सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र में आयुष विभाग शाजापुर द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई।

यह आयोजन 14 जून 2026 को प्रात: 6:15 से 7:15 बजे तक आयोजित किया गया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकतम संख्या में लोगों को एक साथ ऑनलाइन योग से जोड़कर स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम के निर्देशन में जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आयुष औषधालयों एवं आयुष विंग में ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किए गए। साथ ही आयुष विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों को नियमित योग अभ्यास हेतु प्रेरित किया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी प्रदान की गई 7 विशेष रूप से शाजापुर एवं शुजालपुर क्षेत्र में नागरिकों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा बड़ी संख्या में ऑनलाइन योग सत्र से जुड़कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। जिलेभर के योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

इसी क्रम में आयुष विभाग की टीम ने योग आयोग की टीम के साथ नगर पालिका परिसर, शाजापुर में ऑनलाइन योग कार्यक्रम में सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश गुर्जर, डॉ. राय सिंह, दिनेश पंवार, गोपाल कुम्भकार, सत्यनारायण पाटीदार, बी.एल. गोयल, कैलाश जामलिया, पन्नालाल गवली, गोपाल कुशवाह, करण कुशवाह, सुनील शर्मा, कमला नागर सहित जिले के अनेक योग साधकों ने सहभागिता करते हुए योग के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। आयुष विभाग शाजापुर ने जिलेवासियों से आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## शांति वन में किया पौधारोपण

**शुजालपुर।** केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को शुजालपुर मंडी स्थित शांति वन में उच्च शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक इंदरसिंह परमार के नेतृत्व में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मुक्तिधाम समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुक्तिधाम समिति के सदस्यों एवं सामाजिकजनों की सक्रिय सहभागिता रही।

### नेशनल हाईवे-52 पर ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की जोरदार भिड़ंत

**शाजापुर।** जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर तेज रफ्तार ट्रक और लकडियों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

भेरू डूंगरी के पास हुए इस हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। वहीं, टक्कर के कारण सड़क पर लकड़ियां बिखरने से हाईवे का यातायात कुछ देर के लिए पूरी तरह से थम गया। घटना के बाद ट्रक में सवार लोग मौके से फरार हो गए। लालघाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच घटी। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली शाजापुर की एक टाल से लकड़ी लेकर किसी ढाबा संचालक को सप्लाई देने के लिए जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक मज्जू पिता रईस खान, निवासी शाजापुर, घायल हो गए।

# खेत की मेढ़ को लेकर खूनी संघर्ष

**शाजापुर।** खेत की मेड को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चली। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना रविवार सुबह घटित हुई। पीडित पक्ष के कुछ लोग अपने खेत पर मौजूद थे और वहां साफ-सफाई का कार्य कर रहे थे। घायलों ने बताया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपना काम कर रहे थे, तभी शंकरसिंह नामक व्यक्ति अपने 10 से 12 अन्य साथियों के साथ अचानक वहां आ धमका। शंकरसिंह ने खेत की मेढ़ को लेकर अकारण ही विवाद शुरू कर दिया। जब तक पीड़ित पक्ष कुछ समझ पाता, बात बढ़ गई और आरोपियों ने एकजुट होकर उन पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हिंसक झडप और मारपीट में बहादुर सिंह 50 वर्ष, कृपाल सिंह 40 वर्ष, अजय 22 वर्ष और संधव सहित कई अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिसके बाद लहूलुहान अवस्था में सभी घायलों को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी का चिकित्सालय में सघन उपचार जारी है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि घायलों और पीडितों की शिकायत के आधार पर आरोपी शंकरसिंह और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# शाजापुर में भाजपा प्रदेश प्रभारी का भव्य स्वागत किया गया

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी का शाजापुर दौरा चर्चाओं में रहा। जिला कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद के दौरान कार्यकर्ताओं का ऐसा उत्साह देखने को मिला कि मना करने के बावजूद उन पर फूलों की बारिश होती रही। हालांकि, जब बात प्रदेश की राजनीति और हालिया विवादों की आई, तो डॉ. सिंह ने सीधे जवाब देने के बजाय केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर फोकस करना ही बेहतर समझा।

रविवार दोपहर 1 बजे डॉ. महेंद्र सिंह के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, स्थानीय विधायक अरुण भीमावद व घनश्याम चंद्रवंशी और जिलाध्यक्ष रवि पांडे सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। मंच से उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया और संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य सौंपा।




### सवालों पर खामोशी और मोदी सरकार का जिक्र

कार्यक्रम के दौरान जब मीडिया ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का नामांकन निरस्त होने और नीट परीक्षा से जुड़े तीखे सवाल किए, तो डॉ. महेंद्र सिंह ने संभलकर जवाब दिया। उन्होंने किसी विवाद में पढ़ने के बजाय कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने भाजपा की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 के मुकाबले आज भाजपा 22 राज्यों में अपने दम पर या सहयोगियों के साथ सत्ता में है, जो जनता के भरोसे का प्रमाण है।

**लस्सी की होड़ ने खींचा ध्यान**

राजनीतिक चर्चा के बाद कार्यक्रम का समापन नाश्ते के साथ हुआ, लेकिन वहां का नजारा थोड़ा अलग था। कचौरी और लस्सी का लुत्फ उठाने के लिए कार्यकर्ताओं में ऐसी जल्दबाजी दिखी कि लस्सी वितरण स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। पहले लस्सी लेने की होड़ में कार्यकर्ताओं का जोश, कार्यक्रम की औपचारिकताओं पर भारी पड़ता नजर आया।


## जाहिर सूचना / सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण एवं आमजन को एतद्द्वारा विधिवत सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी श्रीमती रामकन्या पति श्री मांगीलाल पाटीदार , जाति कुलमी निवासी ग्राम करमदी तहसील व जिला रतलाम (म.प्र.) की स्वामित्वाधीन कृषि भूमि स्थित ग्राम बड़गाँवा तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.), सर्वे क्रमांक 689/4 रकबा 1.01 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 689/5 रकबा 0.66हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 1.67 हेक्टेयर मेसे रकबा 0.80. हेक्टेयर को क्रय करने हेतु विधिवत विक्रय सौदा तय किया गया है। उक्त सौदे के अंतर्गत निर्धारित विक्रय मूल्य में से बयाना राशि विक्रेतागण द्वारा साक्षियों की उपस्थिति में प्राप्त कर ली गई है तथा शेष विक्रय मूल्य प्राप्त होने पर विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है। अत: उक्त भूमि / संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी का किसी प्रकार का ऋणभार, बंधक, हक, दावा, स्वत्व, भागीदारी, कब्जा, कर्जा, विक्रय अनुबंध, उत्तराधिकार संबंधी दावा अथवा किसी न्यायालय / प्राधिकरण में कोई वाद, प्रकरण, स्थगन आदेश या अन्य कोई विवाद विचाराधीन हो, तो संबंधित व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त मूल एवं प्रमाणित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उसका विधिसम्मत निराकरण किया जा सके। निर्धारित समयावधि में कोई दावा / आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पूर्णत: निर्विवाद एवं समस्त प्रकार के भारों से मुक्त है तथा तत्पश्चात प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा मेरे पक्षकार के विरुद्ध मान्य एवं बाध्यकारी नहीं होगा तथा ऐसी आपत्ति शून्यवत एवं अवैध मानी जाएगी।

इति दिनांक 15/06/2026

**अर्जुन राठौड़ (पटेल) अभिभाषक**
**कार्यालय = कोर्ट परिसर, बड़नगर जिला उज्जैन**
**मो. 7000749457**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ईश्वरसिंह, लीना, तरुणा पिता श्री सुरेन्द्र सिंह, श्रीमती मनोरमा पति श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासीगण नीमनवासा कोठी महल उज्जैन (म.प्र.), श्रीमती पुष्पा बाई पति प्रेमसिंह पता टॉककला उज्जैन (म.प्र.) के सयुंक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 425/1/1/2 रकबा 0.4220 हैक्टेयर, एवं कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 425/1/2 रकबा 0.6310 हैक्टेयर, कुल किता 02, कुल रकबा 1.0530 हैक्टेयर, स्थित नीमनवासा गाईड लाईन अनुसार वार्ड नंबर 41, तहसील व जिला उज्जैन में हैं को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है यदि उक्त संपूर्ण भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो। दिनांक 11.06.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग,फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827228461**

## न्यूज-कॉलम

### बाल कटिंग करवा रहे युवक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला

**नीमच।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े युवक पर चाकू से हमले की घटना से सनसनी फैल गई। एक सैलून में बाल कटवाने गए 24 दर्षीय युवक मोहसिन पर दूसरे युदक ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक के पैर में दो गहरे घाव हुए हैं। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार जाती है । जानकारी के अनुसार, स्कीन नंबर-9 अचानक चाकू निकालकर मोहसिन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान चाकू मोहसिन के पैर में लगा, जिससे उसके पैर में दो गहरे घाव हो गए और वह लहूलुहान होकर गया। घटना के बाद आरोपी समीर व साथी मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में अस्पताल जाकर घायल के बयान दर्ज किए। पुलिस ने प्रकर दर्ज कर लिया है तथा फरार आरो समीर कुरैशी की तलाश की जा रही है।

### मंदसौर जिले की बहनों के खातों में अंतरित किए 39 करोड़ रुपये

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए संचालित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 37वीं किश्त जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से माह जून 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा। जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. विश्नोई ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री द्वारा मंदसौर जिले की कुल 2 लाख 60 हजार 383 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में कुल 39 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। कार्यक्रम में शामिल हुई लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मासिक सहायता से उन्हें अपने परिवार की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में संबल मिल रहा है।

### श्री जगदीश मन्दिर जीवागंज में 56 भोग महोत्सव

**मन्दसौर।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में जीवागंज स्थित श्री जगदीश मंदिर में मंदिर ट्रस्ट एवं गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकूपुरा पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में भव्य 56 भोग महोत्सव का आयोजन किया गया। सायंकाल मन्दिर चौक में 56 भोग सामग्री का नैवेद्य लगाने के बाद महाआरती की गई। इस पावन अवसर पर भगवान जगदीश का अद्भुत श्रृंगार किया गया था, जिसके दर्शन के लिए रात्रि 11 बजे तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस महोत्सव में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जिससे जीवागंज में किसी बड़े तीर्थ जैसा वातावरण निर्मित हो गया। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए महिला और पुरुषों के लिए अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष पं. कुबेरकांत त्रिपाठी और समाज अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध जनों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

### सेवानिवृत्त श्री सोमदेव शर्मा का निधन



**नीमच।** नीमच के प्रतिष्ठित और सेवानिवृत्त अध्यापक श्री सोमदेव जी शर्मा का 12 जून को देवलोकगमन हो गया । वे स्वर्गीय कन्हैया लाल जी शर्मा के दामाद, अरुणदेव शर्मा के काका जी और देवांश एवं गौरांग के दादाजी थे। उनके निधन से शिक्षा जगत और स्थानीय समाज में शोक व्याप्त हो गया। वे तन्मय शर्मा (जिला शिक्षा कार्यालय), कपिलदेव शर्मा, विश्वदेव शर्मा (बबलू - अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, पीजी कॉलेज नीमच) एवं समस्त शर्मा परिवार (उज्जैन) द्वारा रविवार को आयोजित शोक सभा में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज, शिक्षक गण, राजनीतिक क्षेत्र से क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार सहित नगर पालिका पार्षद गण, पत्रकार आदि ने भी उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# 17 जून को महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर निकलेगी शौर्य यात्रा

## 16 जून को वैदिक मंत्रोच्चार से दुग्धाभिषेक एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में श्री हिन्दू वीर शिरोमणी श्री महाराणा प्रताप के 486 वें जन्मोत्सव पर भव्य शौर्य यात्रा 17 जून बुधवार को सायं 4 बजे महलवाड़ा परिसर (राजमहल) से निकलेगी । श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति एवं श्री राजपूत समाज द्वारा सर्वप्रथम महलवाड़ा परिसर में राज राजेश्वरी पदमावती माता मंदिर एवं जागनाथ महादेव मंदिर पर 4 बजे पूजा-अर्चना कर माता को चुनरी अर्पण एवं महाआरती कर रतलाम संस्थापक महाराजा श्री रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राजमहल (महलवाड़ा) परिसर से जय महाराणा, जय भवानी, जय शिवाजी के जयघोष के साथ शौर्य यात्रा प्रारम्भ होगी।

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति के नरेंद्र सिंह चौहान बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 16 जून 2026 को प्रातः 8 बजे श्री महाराणा प्रताप चौक (सैलाना बस स्टैंड चौराहा) स्थित हिन्दू वीर शिरोमणी श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर वैदिक मंत्रोच्चार से दुग्धाभिषेक एवं पंचामृत से अभिषेक कर किया जाएगा । इसके पश्चात दिं. 17 जून को सायं 4 बजे बजे महलवाड़ा से शौर्य यात्रा प्रारम्भ होगी।

**इन मार्गो से निकेलेगी भव्य शौर्य यात्रा**

भव्य शौर्य यात्रा राजमहल पैलेस रोड़ से प्रारम्भ होकर डालुमोदी बाजार, माणक चौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल,गणेश देवरी, धानमंडी, शहीद चौक से होते हुए श्री महाराणा प्रताप चौक (सैलाना बस स्टैंड चौराहा) पर यात्रा समापन होगी ।

**शौर्य यात्रा में यह रहेंगे आकर्षण का केन्द्र**

शौर्य यात्रा में सर्वप्रथम प्रचार रथ, उसके पीछे बुलेट वाहन पर राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज एवं भगवा ध्वज लेकर युवा चलेंगे । इनके पीछे घुड़सवार, बैंड, क्षत्रिय सरदार, ढोल नगाडे, दुर्गा वाहिनी, क्षत्राणियां एवं चार रथ रहेंगे । वहीं करीब 250 से अधिक समिति सदस्यों की टीम शौर्य यात्रा का मोर्चा संभालेगी, जिसमें पार्किंग से लेकर यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी भी रहेगी। शौर्य यात्रा में 300 से अधिक बालिकाएं केसरिया साफा धारण कर सम्मिलित होगी। शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा जय महाराणा-जय शिवाजी के जयघोषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। शौर्य यात्रा में चार भव्य रथ रहेंगे जिसमें सर्वप्रथम रथ में महाराणा प्रताप का चित्र, दूसरे रथ में महाराजा रतनसिंह का चित्र, तीसरे रथ में शिवाजी महाराज का चित्र एवं चौथे रथ में महाराजा छत्रसाल बुंदेला की चित्र । शौर्य यात्रा में क्षत्रिय - क्षत्राणियाँ अपनी पारंपरिक वेशभूषा में यात्रा में सम्मिलित होगी ।

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों ने समाजबंधुओं, सामाजिक संगठनों, नगर की जनता से विनती है कि भव्य शौर्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर शौर्य यात्रा को सफल बनावें ।

### 238 किलो अफीम तस्करी मामले में बड़ा फैसला

## तीन तस्करों को 17 साल की सजा, 2 लाख का जुर्माना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) नीमच द्वारा पकड़ी गई 238.619 किलोग्राम अफीम तस्करी के बहुचर्चित मामले में एनडीपीएस विशेष न्यायालय नीमच ने शनिवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया।विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन ने बताया कि

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र कुमार बाजोलिया ने आरोपी सुखराम माचरा, जगदीश सियाग और हेतराम विश्नोई को 17-17 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 2-2 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं भरने पर प्रत्येक को अतिरिक्त एक वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना होगा। सीबीएन को 14 नवंबर 2022 को गुप्त सूचना मिली थी कि राजस्थान के कुछ तस्कर मणिपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में अफीम लेकर ट्रेलरों के माध्यम से जोधपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि तस्करी गिरोह का संचालन राजस्थान पुलिस के तत्कालीन सहायक उपनिरीक्षक मोहनलाल भादू के संरक्षण में किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सीबीएन की टीम जयपुर-आगरा हाईवे स्थित राजाधौक टोल प्लाजा पहुंची, जहां ट्रेलर को रोका गया। वाहन में मांगीलाल, सुखराम और जगदीश सवार थे।

जांच के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि ट्रेलर में अफीम छिपाकर रखी गई है। टीम ट्रेलर को लेकर नीमच आ रही थी, तभी रास्ते में चालक सुखराम ने कथित रूप से भागने की नीयत से सीबीएन की सरकारी स्कॉर्पियो को पीछे से दो बार जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रेलर को हाईवे किनारे खड़ी हार्वेस्टर मशीन से भिड़ा दिया गया। दुर्घटना में सरकारी वाहन और ट्रेलर दोनों क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन सीबीएन टीम ने आरोपियों को काबू में रखा और वाहन को नीमच लाया।

नीमच कार्यालय में तलाशी के दौरान ट्रेलर के टूल बॉक्स और विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चैंबर से कुल ९५ पैकेट बरामद हुए। जांच में इनमें से 102.910 किलोग्राम अफीम एक ट्रेलर से तथा बाद की कार्रवाई में अन्य ट्रेलरों से 135.709 किलोग्राम अफीम जब्त हुई। कुल बरामदगी 238.619 किलोग्राम अफीम रही, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत वाणिज्यिक मात्रा से कई गुना अधिक है।

विशेष न्यायालय ने माना कि आरोपी सुखराम, जगदीश और हेतराम का अफीम के परिवहन और अवैध कब्जे में सीधा संबंध साबित हुआ है। न्यायालय ने यह भी माना कि हेतराम ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र और दुष्प्रेरण में भूमिका निभाई।

सजा पर बहस के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपियों की पारिवारिक परिस्थितियों, वृद्ध माता-पिता और पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा की मांग की। वहीं विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन ने तर्क दिया कि जब्त अफीम में लगभग 16 प्रतिशत मॉर्फिन पाई गई है, जिससे करीब 24 किलोग्राम हेरोइन तैयार की जा सकती है।



## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने पर युवा कांग्रेस ने डिगांव चौपाटी पर किये तीन पुतले दहन

**मंदसौर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुश्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में धुंधडका ब्लॉक की डिगांव चौपाटी पर युवा कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं चुनाव आयोग का पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में मल्हारगढ़ विधानसभा प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया ने कहा कि नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र के चेहरे पर तमाचा और विपक्ष की आवाज को दबाने की सोची-समझी साजिश है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल और युवा कांग्रेस नेता सोमिल नाहटा ने भी केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जनता के सच्चे प्रतिनिधियों से डर गई है। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप दास बैरागी एवं जिला महासचिव जीवन चौहान, धुंधडका ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश धाकड़, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, किशोर गोयल, मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष विजेश मालेचा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद पटेल, युवा कांग्रेस मल्हारगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल अहीर, युवा कांग्रेस धुंधडका ब्लॉक अध्यक्ष संदीप दास बैरागी, शहर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, युवा कांग्रेस जिला महासचिव जीवन चौहान, मंडलम अध्यक्ष गजराज सिंह, गणेशाराम, परमानंद पाटीदार, पप्पू गुर्जर, नरेंद्र आंजना, संदीप धनगर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईएमए,चिकित्सकों, मेडिकल छात्रों व आमजन ने किया 54 यूनिट रक्तदान

**नीमच।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) नीमच द्वारा आयोजित 15 दिवसीय डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज का शुभारंभ रविवा चोरड़िया हॉस्पिटल स्थित डी-लाइफ ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में चिकित्सकों, मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कुल ५४ यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन ढ्ढरू नीमच शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया के नेतृत्व में किया गया। रक्तदान अभियान में डॉक्टरों ने स्वयं रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में डॉ. मनीष चमड़िया, डॉ. योगेन्द्र धाकड़, डॉ. नितेश शर्मा, डॉ. नितिन जैन, डॉ. अर्नव चंदेल, डॉ. अंकित माहेश्वरी एवं डॉ. आशीष देवधर सहित कई चिकित्सकों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में मेडिकल कॉलेज नीमच के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सम्राट गोयल, मलय काले, मेहुल कोड़िया और संस्कार सिंह राजपूत सहित कई मेडिकल छात्रों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इसके अलावा शहर के अनेक नागरिकों ने भी रक्तदान कर कार्यक्रम में सहभागीता निभाई। इस मौके ढ्ढरू नीमच शाखा के सचिव डॉ. आदित्य भंडारी, डी-लाइफ ब्लड बैंक के संचालक डॉ. मनीष छाबड़ा आदि भी मौजूद थे। शिविर के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया ने सभी रक्तदाताओं, मेडिकल छात्रों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का सघन जनसम्पर्क व संवाद कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸ मंदसौर



केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को खानपुरा क्षेत्र में भाजपा दक्षिण मण्डल द्वारा जनसम्पर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने वार्ड क्र. 30, 31 व 32 के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया।

इस दौरान नेताओं ने केंद्र व प्रदेश की मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान नागरिकों ने भू-अधिकार पत्र (पट्टे) न बनने जैसी जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया, जिस पर राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र पट्टे दिलाने का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, शिवराजसिंह राणा घटावदा, जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली, विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, जिला मंत्री रानू भावसार, भाजपा मण्डल महामंत्री अमन फरक्या, धर्मेन्द्र जटिया, पार्षदगण माया भावसार, युसुफ गौरी, श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, विक्रम भैरवे, राकेश भावसार, राजेश सोनी ऐरावाला सहित बड़ी संख्या में पार्षद और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

# छात्रावासों में शतप्रतिशत सीटो पर प्रवेश सुनिश्चित करें-श्री मालवीय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

12 जून म.प्र.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय ने नीमच के सर्किट हाउस में शुक्रवार को आयोजित अधिकारियों की बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, अ.जा.क.थाना प्रभारी सुश्री शब्बी मेव, अ.जा.कल्याण क्षेत्र संयोजक श्री प्रियतम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय ने जिले में संचालित अ.जा. छात्रावासों में निर्धारित सीट, विद्यार्थियों का प्रवेश एवं रिक्त सीटों की जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए, कि इस सत्र में सभी छात्रावासों में निर्धारित सभी सीटों पर प्रवेश दिलाया जाए। उन्होने आ.जा.क.वि.के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे शालाओं और घर-घर सम्पर्क अभियान चलाकर छात्रावासों की सभी सीटो पर विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें। आयोग के सदस्य ने अ.जा.अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या और उन पर की गई कार्यवाही, राहत स्वीकृति आदि की भी जानकारी ली। आयोग के सदस्य श्री मालवीय ने कहा, कि अ.जा.वर्ग के विद्यार्थियों की आधार लिंकेज, अपडेशन आदि कारणों से लंबित छात्रवृत्ति का त्वरित भुगतान करवाया जाए।बैठक में बताया गया, कि जिले में अ.जा.अत्याचार निवारण राहत योजना के तहत वर्ष २०२६ में ८७ प्रकरणों में ५६.२१ लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राहत स्वीकृति का काई भी प्रकरण लंबित नहीं है।उन्होने बडवाह के एक आवेदक आशाराम वर्मा की शिकायत के प्रकरण में एक माह में जांच पूरी कर आयोग को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में 9 चिकित्सकों की हुई पदस्थापना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयासों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरन्तर सफलता मिलती जा रही है।इन्ही प्रयासों के चलते विधानसभा क्षेत्र में 9 चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है।इस सौगात से क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष व्याप्त है।


सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया, सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी, डा पवन पाटीदार सीबीएमओ पिपलौदा, प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र में हॉल ही में स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा जारी डाक्टरों की नियुक्ति आदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव, स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय की अनुशंसा पर 9 चिकित्सको के नियुक्ति आदेश जारी किये

विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय लंबे समय से चिकित्सको की पद स्थापना के लिए प्रयत्नशील होकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के निरंतर सम्पर्क में थे। उसी के परिणाम स्वरूप 9 चिकित्सको की नियुक्ति आदेश विधानसभा में हुए। विधायक डॉ पांडेय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संवेदनशील रहकर निरंतर स्वास्थ्य सेवाओ के विस्तार के लिए प्राथमिकता से प्रयास कर रहे है।

इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप पिपलौदा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिविल हॉस्पिटल उन्नयन, रिंगनोद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,जावरा में ब्लाक मेडिकल यूनिट के अलावा डेढ़ दर्जन उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण की स्वीकृति मिल पाई। विधायक डॉ पांडेय ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सदैव प्राथमिकता दी है। विधानसभा क्षेत्र के चिकित्सालयो में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए लंबे समय समय से प्रयास किये जा रहे है।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विधायक डॉ पांडेय को चिकित्सको की पदपूर्ति के लिए आश्वस्त किया था।उसी अनुसार लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी पदस्थापना सूची में विधानसभा क्षेत्र को 9 चिकित्सक की नियुक्ति की गई।जिसमें पिपलौदा सिविल हॉस्पिटल में डा राज खराड़ी, डा सोनिया डामोर, डा मनीष परमार, डा मयंक सिसोदिया, जावरा सिविल हॉस्पिटल में डा भूमिका शर्मा,, ढोढर में डा शीतल चौहान, सुखेडा में डा वर्षा जाट, कालूखेड़ा में डा वीरेंद्र डोडियार, एवं पंचेवा में डा आर्या नीमा की नियुक्ति हुई है। विधायक डा पांडेय के प्रयासों से चिकित्सको की नियुक्तियों से आमजन में हर्ष व्याप्त है।

## न्यूज कालम



### शिवना शुद्धिकरण अभियान में 101 बालिकाओं ने किया श्रमदान

**मंदसौर।** विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 129वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने पूरे उत्साह के साथ शिवना नदी की स्वच्छता में योगदान दिया। अभियान के मीडिया प्रभारी श्री राजनारायण लाड़ ने बताया कि छोटी पुलिया के दोनों ओर स्थित घाटों की साफ-सफाई कर नदी से लगभग एक ट्रॉली गाद एवं कचरा निकाला गया। इस बार अभियान में विशेष रूप से गायत्री परिवार के कन्या कौशल शिविर की 101 बालिकाओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं ने भी इस स्वच्छता अभियान की सराहना की।लाड़ ने समस्त मंदसौर वासियों से प्रति रविवार प्रातः 7 से 9 बजे के बीच इस अभियान में जुड़ने का आह्वान किया है। इस दौरान गायत्री परिवार से योगेश सिंह, बापूलाल पाटीदार पवन गुप्ता,कैलाश पटेल,निशा धनोतिया, हेमराज खाबिया,रमेश सोनी, बालकृष्ण दवे, राकेश जैन सहित अनेक कांग्रेसजन, महिला नेत्रियाँ और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### लदूसा नरेश सांवलिया सेठ मंदिर के दानपात्र से निकले 10 लाख रुपये

**मंदसौर।** मालवा क्षेत्र की अगाध आस्था के केंद्र प्रसिद्ध भगवान लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठ) मंदिर (लदूसा नरेश) में रविवार को मंदिर समिति और ग्रामीणों की मौजूदगी में दानपात्र खोला गया, जिसमें कुल 10 लाख 251 रुपये की राशि प्राप्त हुई।मंदिर समिति के ट्रस्टी महेश व्यास ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में 4 हजार वर्ग फीट क्षेत्र पर आधुनिक डोम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे भक्तों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। इसके साथ ही दूर-दराज से आने वाले यात्रियों के ठहरने के लिए मंदिर समिति ने सीधे सांवलिया सेठ के नाम पर 34 लाख रुपये की अनुमानित लागत से 2 बीघा से अधिक कृषि भूमि क्रय की है, जहाँ भविष्य में सर्वसुविधायुक्त भव्य धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा।इस अवसर पर मंदिर के पुजारी भगवान दास बैरागी और समिति अध्यक्ष रामेश्वर पपोण्डिया सहित कई ट्रस्टी उपस्थित थे। वहीं आज 15 जून, सोमवार अमावस्या के पावन अवसर पर सायं 8 बजे महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त होकर लौटे सीआरपीएफ इंस्पेक्टर हरिप्रसाद का हुआ अभिनंदन



**मंदसौर।** ग्राम नयाखेड़ा निवासी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जांबाज सैनिक इंस्पेक्टर श्री हरि प्रसाद जी के 32 वर्षों की गौरवशाली राष्ट्रसेवा के बाद सेवानिवृत्त होकर गृह क्षेत्र लौटने पर भव्य सैनिक स्वागत और नगर अभिनंदन रैली का आयोजन किया गया। दशपुर नगरी में संचालित सैनिक सम्मान अभियान के अंतर्गत 789वें सैनिक के रूप में उनका साफा, पुष्पमाला और श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। यह रैली भारत माता चौराहा से प्रारंभ होकर विभिन्न चौराहों से गुजरती हुई ग्राम नयाखेड़ा पहुंची, जहाँ मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर देशप्रेम का परिचय दिया। इसी कार्यक्रम में भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत हाल ही में अग्निवीर के रूप में चयनित युवा प्रिंस सोलंकी का भी विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं ने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए इसे युवाओं में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति जगाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।अभियान के संयोजक विनय दुबेला और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी सामाजिक व धार्मिक संगठनों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रीमती चोपड़ा ने किया इको शीतल प्रतीक्षालय का निरीक्षण



**नीमच।**नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा व मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में नवाचार करते हुए प्राइवेट बस स्टैंड स्थित दीनदयाल रसोई योजना परिसर मैं भोजन करने वाले हितग्राहियों को गर्मी से बचाने के लिए इको फ्रेंडली शीतल प्रतीक्षालय का रूप प्रदान किया गया है। नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने उक्त इको फ्रेंडली शीतल प्रतीक्षालय का निरीक्षण निरीक्षण किया और वहां आने वाले हितग्राहियों के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी व व्यवस्थापकों को प्रदान किये। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने लोक कल्याण मेला अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 10 से 25 हजार ऋण के पश्चात तृतीय चरण में 50 हजार का ऋण पूरा कर चुके हितग्राहियों हेतु प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई स्वनिधि 2.0 अंतर्गत दो हितग्राहियों ओम प्रकाश व पंकज कुमार को निशुल्क स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का वितरण कर उनके अनुभव सुने जिसमें उन हितग्राहियों ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से हम अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने मैं सफल हुए हैं. अब हमें क्रेडिट कार्ड मिलने से व्यवसाय करने में और भी सुविधा प्राप्त होगी। श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि दीनदयाल रसोई योजना परिसर में आने वाले हितग्राहियों व वहां के स्टाफ को भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु पर्यावरण अनुकूल टाट व पानी के फव्वारे से दीनदयाल रसोई योजना का परिसर ठंडा किया जा रहा है ताकि वहां आने वाले हितग्राही सुकून के साथ भोजन ग्रहण कर सके।



## गांव लखमनखेड़ी में 103 से अधिक झंडा मंडलियों का भक्तिमय समागम गांव हुआ धर्ममय

**तनोडिया ।** समीपस्थ ग्राम लखमन खेड़ी के खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार रात खेड़ापति हनुमान मंदिर झंडा मंडली ने झंडा मंडली मिलन समारोह रखा। जिसमें आगर और उज्जैन से 103 से अधिक गांवों से झंडा लेकर आई मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं।इन भंजनो पर उपस्थित लोगों ने थिरकने से नहीं रुक पाये। झंडा सम्मेलन को लेकर पुरा गांव धर्ममय हो गया था। खेड़ापति सरकार का श्रृंगार किया और टीन शेड में मंच बनाकर मंडलियों का स्वागत किया गया। शाम 7 बजे से ही मंडलियों का गांव में पहुंचना आरंभ हो गया था। सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मंदिर परिसर में भंडारा रखा गया। इसमें गांव सहित क्षेत्र से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। भजन संध्या एवं भंडारा देररात तक चला। मंडलियों को सुनने के लिए मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा, खासकर युवकों में खासा उत्साह देखा गया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दी बिदाई




**जगोटी।** समीपस्थ ग्राम बरखेड़ी बाजार में विगत 36 वर्षों से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीषा बी की सेवानिवृत्ति पर ग्रामवासियों द्वारा समारोह पूर्वक बिदाई दी। गांव की उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने उनका पचास से अधिक साड़ी व शाल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अतिथि कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा ने कहा कि सेवा व समर्पण की भावना से किए कार्यों को सदैव याद किया जाता है। विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्य प्रेरणादाई है। कार्यक्रम को सरपंच गोपाल सिंह डाबी, भारत मालवीय , शिक्षक योगेश शर्मा, अनिता दिवाकर ने भी संबोधित किया। उनका सम्मान समाजसेवी विजय सिंह गौतम व सहकारी समिति जगोटी के पूर्व अध्यक्ष यशवंत सिंह बापू द्वारा भी किया गया। इस अवसर पूर्व उपसरपंच शिवनारायण चौहान, सेवाराम परमार, शितलेश्वर मालवीय कान्हा चौहान, किशन नैतिक सहित गणमान्य नागरिक गण व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। संचालन पंचायत सचिव जालम सिंह तोमर व आभार आयोजक नंदकिशोर चौहान ने व्यक्त किया।

## मौसम ने करवट बदली, तेज आंधी तूफान में पेड़ हुए धराशाही



**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर में आज शाम को मौसम ने अचानक कर-वट बदली तेज आंधी तूफान के साथ चली हवाओ का रूद्र रूप देखने को मिला तेज हवाओं के कारण कुछ समय के लिए यातायात और घंटो विद्युत व्यवस्था बाधित रही टीम की चद्दर और छतो पर रखे सामान के साथ साथ कुछ पेड़ भी धराशाही हो गए, तापमान में आई गिरावट के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। उक्त धराशाही पेड़ यदि अपोजिट साइड गिर जाता तो एक झोपड़ी को न केवल चकनाचूर कर देता बल्कि बड़ा हादसा भी हो सकता था लेकिन एक कहावत है जाको राखे साइयां मार सके ना कोई बाल ना बांका कर सके जो जग बेरी हो वाली कहावत को चरितार्थ हुई।

**दिन में गायब हो जाती है सड़क रात में लौटता है असली स्वरुप**

## अतिक्रमण के कारण आए दिन हो लग रहा जाम, रहवासियों में रोष



**तनोडिया।** नेशनल आगर - उज्जैन रोड पर टूलेन सडक निर्माण होने के बाद पिपलिया के पास टोल से बड़े और चार पहिए वाहनों तनोडिया से रुपाखेडी,तराना होकर उज्जैन और देवास जा रहे है। तो कोई दुरी कम होने के कारण माकडोन होते हुए शाजापुर भी इस चौराहा से जा रहे। इस कारण नगर में माकडोन चौपाटी के मुख्य मार्गों पर वाहनों का ज्यादा दबाव बढने से आम तौर बार बार जाम लग रहा है। इसका कारण अतिक्रमण एवं दोनों और अतिक्रमण पसरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जिससे नागरिकों में रोष व्यक्त है। यहां का स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में भी अतिक्रमण नगर में हटाया गया था बाकी अतिक्रमण राजनीतिक दबाव के कारण यथावत हैं। इसी प्रकार तनोडिया, माकडोन, शाजापुर व रुपाखेडी, तराना रोड पर बसा माकडोन चौपाटी या चौराहा पर दुकानदारों द्वारा भारी अतिक्रमण होने से खुबसूरती भी गायब होकर सडके भी सिकुडती जा रही है। दिन में तो गायब हो जाती है।चौडी सडके और रात में लौटता है,उनका असली स्वरूप। हालात इतने खराब हो चुके है कि इन अतिक्रमणकारियों के कारण वाहनों को सडक किनारे खडे करने की जगह ही नही मिल पाती।पैदल चलने वालों को भी आगे बढने के लिए बीच सडक का ही सहारा लेना पडता है। आलम यह है कि चौपाटी पर फैल रहे अतिक्रमण के मकडजाल ने पुरे चौपाटी का हुलिया बिगाड़ रखा है। रात में चौडी दिखने वाली चौपाटी का आकार इतना सिकुड जाता है।

# वन अमले पर हमले के 48 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं, जब्त वाहन का हिस्सा अब तक गायब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



मध्य प्रदेश में वन संपदा की सुरक्षा को चुनौती देने वाले वन माफिया के हौसले लगातार बुलंद होते दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान वन विभाग के अमले पर हुए हमले को 48 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन अब तक मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए वाहन का मुख्य हिस्सा भी अब तक बरामद नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में अवैध रूप से परिवहन की जा रही लकड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका था। कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और आरोपियों ने वन अमले का विरोध करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों ने जब्त सामग्री को छुड़ाने के लिए आक्रामक रवैया अपनाया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### जब्त वाहन का हिस्सा लेकर फरार

घटना का सबसे गंभीर पहलू यह रहा कि आरोपियों ने वन विभाग की कार्रवाई को चुनौती देते हुए जब्त वाहन का मुख्य हिस्सा अपने कब्जे में लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के दो दिन बाद भी संबंधित वाहन का हिस्सा बरामद नहीं हो सका है। इससे न केवल वन विभाग की कार्रवाई प्रभावित हुई है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी उजागर हुए हैं।

### खुले में पड़ी रही जब्त लकड़ी

घटना के बाद जब्त की गई लकड़ी का कुछ हिस्सा अब भी घटना स्थल के आसपास पड़ा हुआ बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी कार्रवाई और विवाद के बाद भी लकड़ी को पूरी तरह सुरक्षित स्थान तक नहीं पहुंचाया जा सका है। इससे उसकी सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रह सकती है।

### आवेदन के बाद भी दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

वन विभाग द्वारा घटना के संबंध में थाना पुलिस को लिखित आवेदन सौंपकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट तथा अन्य गंभीर बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की गई है। इसके बावजूद समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं होने की जानकारी सामने आई है। इससे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। वन विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता रहा है लेकिन इसके बावजूद अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है।

**इनका कहना**

वन विभाग की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अक्षय सिंह बेस**
**थाना प्रभारी सुसनेर**

वन विभाग की टीम ट्रैक्टर की तलाश कर रही है। मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई है। दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग के द्वारा लगातार कारवाई की जाती है। मौके से लकड़ियां जब्त कर ली गई है।

**चंद्रर सिंह पंवार**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी सुसनेर**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वन अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और प्रभावी निगरानी की आवश्यकता है, ताकि जंगलों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लग सके।

### उठ रहे हैं कई सवाल

घटना के बाद कई सवाल चर्चा का विषय बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग के अमले पर हमला होने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होना चिंता का विषय है। वहीं जब्त वाहन का हिस्सा भी बरामद नहीं हो सका है। ऐसे में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और शासकीय कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

महिला ने उद्योग-लोन के नाम पर ठगी की

# बीएनपी पुलिस ने 20 महिलाओं से 1 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में बीएनपी थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। उस पर ग्रामीण महिलाओं को उद्योग स्थापित करने और लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में 20 से अधिक महिलाओं से 1 लाख रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी सामने आई है।

आरोपी महिला लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय थी। वह महिलाओं को उद्योग स्थापित करने और आसान शर्तों पर लोन दिलाने का भरोसा देकर उनसे पैसे वसूलती थी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित महिलाओं ने बीएनपी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और शनिवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी महिला से पूछताछ जारी

बीएनपी थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ जारी है। अब तक की जांच में 1 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। पुलिस इस ठगी के नेटवर्क में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है। आशंका है कि पीड़ितों की संख्या और ठगी की रकम बढ़ सकती है।

पुलिस ने आम जनता से अपील की कि वे ऐसी योजनाओं, लोन या रोजगार के नाम पर पैसे जमा करने से पहले संबंधित संस्था या व्यक्ति की पूरी जानकारी की जांच-पड़ताल करें और सतर्क रहें।

## सरपंच पति ने की खुदकुशी, पेड़ पर लटका मिला शव

**देवास।** जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया लोहाड़ गांव में शनिवार सुबह सरपंच पति लक्ष्मण कर्मा का शव एक पेड़ से लटका मिला। पुलिस के अनुसार, उन्होंने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह परिजन जंगल की ओर गए थे, जहां उन्होंने लक्ष्मण कर्मा को पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका देखा। इस खबर के फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। पंचनामा बनाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों ने भी फिलहाल किसी प्रकार की आशंका या कारण को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। क्षेत्र में पंचायत के कार्यों और वित्तीय दबाव से जुड़ी चर्चाएं सामने आ रही हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उदयनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि आत्महत्या के कारण अज्ञात हैं और परिजनों ने भी कोई जानकारी नहीं दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## हज यात्रा से लौटे नजीर अहमद का किया सम्मान

**आगर मालवा।** हज यात्रा से लौटने के बाद त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष हाजी नजीर अहमद का शहर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। हाजी नजीर अहमद अप्रैल माह में मक्का-मदीना की हज यात्रा पर गए थे और हज के सभी अरकान पूर्ण कर 47 दिनों बाद 8 जून को आगर लौटे। नगर आगमन के बाद उनके निवास स्थान एवं स्वागत स्थल पर बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक पहुंचे। इस दौरान शहर काजी वसिउद्दीन, काजी जियाउल हक कुरैशी, अंजुमन सदर शमीउल्लाह कुरैशी, हाजी फरमान लाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता गुड्डू लाला, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रियाज खान, हज कमेटी जिला अध्यक्ष जफर खान सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सम्मान किया।

## डीओसी से भरे ट्रक में लगी आग : मोड़ी चौराहे पर पाया काबू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



आगर मालवा जिले के सुसनेर नगर में रविवार सुबह मोड़ी चौराहे पर डीओसी (डी-ऑयल केक) से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चौराहे से गुजर रहे ट्रक से पहले धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते ट्रक के एक हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। आग लगने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद सुसनेर की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया।

समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। आग की चपेट में आने से ट्रक को आंशिक नुकसान हुआ है, लेकिन किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। ट्रक में बड़ी मात्रा में डीओसी भरा होने के कारण आग के तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास खड़े वाहनों और दुकानों तक नुकसान पहुंच सकता था। घटना के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जानकारी जुटा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे करेंगी वर्चुअल शुभारंभ, सांसद अनिल फिरोजिया दिखायेगे हरी झंडी

# कोटा-उज्जैन के बीच सीधी मेमू सेवा का शुभारम्भ आज से

### महिदपुर रोड के रेल्वे स्टेशन पर फिलहाल स्टॉपेज नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड




कोटा मंडल के रेल इतिहास में 15 जून सोमवार का दिन के रूप में दर्ज होने जा रहा है। इस दिन पहली बार कोटा से उज्जैन तक सीधी मेमू रेल सेवा का संचालन प्रारंभ होगा। गाड़ी संख्या 61624/61623 कोटाझ्रचौमहला मेमू सेवा के उज्जैन तक विस्तार के उपलक्ष्य में चौमहला एवं विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशनों पर उद्घाटन समारोह आयोजित किये जायेगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि प्रथम उद्घाटन कार्यक्रम प्रातः चौमहला रेलवे स्टेशन पर आयोजित होगा। इस अवसर पर झालावाड़-बारां के माननीय सांसद दुष्यंत सिंह तथा राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं झालरापाटन विधायक वसुंधरा राजे दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में विधायक, डग कालूराम उपस्थिति रहेंगे।

उन्होंने बताया कि दूसरा उद्घाटन समारोह विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें आलोट उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया हरी झंडी दिखाकर सेवा विस्तार का शुभारंभ करेंगे। इसमें विधायक ,आलोट डॉ. चिंतामणि मालवीय उपस्थित रहेंगे।

नई समय-सारिणी के अनुसार गाड़ी संख्या 61624 कोटा से प्रातः 5:40 बजे प्रस्थान कर रामगंज मंडी (07:05 बजे), भवानी मंडी (07:33 बजे), शामगढ़ (08:05 बजे), चौमहला (08:38 बजे), विक्रमगढ़ आलोट (09:13 बजे) एवं नागदा (10:30 बजे) होते हुए दोपहर 12:00 बजे उज्जैन पहुंचे गी। वापसी में गाड़ी संख्या 61623 उज्जैन से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर नागदा (14:10 बजे), चौमहला (15:25 बजे), शामगढ़ (15:53 बजे), भवानी मंडी (16: 28 बजे) एवं रामगंज मंडी (16:58 बजे) होते हुए सायं 19:05 बजे कोटा पहुंचेगी। श्री जैन ने बताया कि आगामी सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों की आवश्यक ताओं को ध्यान में रखते हुए यह सेवा विस्तार किया गया है। इससे कोटा मंडल के यात्रियों को धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर उज्जैन तक बिना ट्रेन बदले सीधी यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारि यों, किसानों एवं आम नागरिकों को आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी तथा नागदा जंक्शन पर बीना तथा मध्य प्रदेश के अन्य प्रमुख गंतव्यों के लिये बेहतर रेल संपर्क भी प्राप्त होगा।

## युवा कवि राहुल कुम्भकार का प्रथम कृति प्रकाशन योजना में चयन



**ब्यावरा।** क्षेत्र के युवा कवि एवं साहित्यकार राहुल कुम्भकार ने साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी पाण्डुलिपि का चयन मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा संचालित प्रतिष्ठित प्रथम कृति प्रकाशन योजना के अंतर्गत प्रकाशन हेतु किया गया है। प्रदेश भर से प्राप्त अनेक पाण्डुलिपियों में से चयनित श्रेष्ठ 40 पाण्डुलिपियों में राहुल कुम्भकार की पाण्डुलिपि को भी स्थान मिला है। गौरतलब है कि प्रथम कृति प्रकाशन योजना का उद्देश्य नवोदित एवं प्रतिभाशाली साहित्यकारों को मंच प्रदान करना तथा उनकी रचनाओं को पुस्तक रूप में प्रकाशित कर व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचाना है। इस अवसर पर राहुल कुम्भकार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद का प्रतिफल है जिन्होंने उनकी साहित्यिक यात्रा में निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन दिया। उन्होंने विशेष रूप से अपने माता-पिता, गुरुओं, साहित्यकार मित्रों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**बस स्टैंड के सामने ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर**

## सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में शहीद भरथरे बस स्टैंड के सामने सुबह करीब साढ़े 6 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसने लोगों के दिलों को झंझोर कर रख दिया मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम बापची (अरन्या) निवासी मांगीलाल सोंधिया की बाइक को पीछे से आ रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मांगीलाल नीचे गिर गया, ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक अनियंत्रित होकर आगे बढ़ता रहा, जिसकी चपेट में आया दो पहिया वाहन चालक मांगीलाल हादसे का शिकार हो गया और उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई बस स्टैंड परिसर पर अफरा तफरी मच गई ट्रक चालक फरार हो गया दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार मांगीलाल करीब सौ फीट दूर तक घिसाता हुआ चला गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और उसके बिखरे हुए अवशेषों को सिविल अस्पताल पहुंचाया बस स्टैंड के सामने हुए इस हादसे ने ना केवल सड़क दुर्घटना की कहानी लिखी बल्कि शासकीय विभागों से जुड़ी व्यवस्थाओ, जवाबदेही और सड़क सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए, यह सड़क हादसा प्रशासन के लिए चेतावनी जरूर है कि सड़क पर चलने वाले भारी वाहनों की निगरानी, व्यवस्था और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है साथ ही सुठालिया नवीन बायपास चालू होने के बावजूद भारी वाहनों को शहर के अंदर से क्यों प्रवेश दिया जा रहा इसे सड़क हादसों का इंतजार कहे या गंभीर लापरवाही कुंभकर्णीय नींद में सोए जिम्मेदार अधिकारी ही बता सकते हैं।

## करंट से युवक की हुई दर्दनाक मौत-मृतक की बेटियों की व पत्नी का बुरा हाल



**महिदपुर रोड।** शनिवार की शाम को अपने घर के आगे के गंदे पानी के निकास की नली की सफाई कर रहे हैं ग्राम बपैया के तीस वर्षीय एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। पुलिस तथा ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के राहुल पिता मोहनलाल की शनिवार को घर के बाहर गंदे पानी के निकास की नली में जमा कचरे को निकालने के दौरान लोहे का सरिया बिजली के तारों को छूने से करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक राहुल निजी कंपनी में कार्यकर्ता था तथा मृतक की तीन बेटियां हैं तथा उसकी पत्नी चंदा गर्भवती है इस घटना से उसकी पत्नी चंदा का रो-रोकर बुरा हाल है रविवार की सुबह निज निवास से निकली अंतिम यात्रा में शामिल सभी लोगों के की जबान पर एक ही बात थी कि नियति के क्रूर कॉल चक्र से एक हंसते-खेलते परिवार की तीन बेटियों पर पिता का साया इस तरह उठ गया तथा उसकी पत्नी के सारे सपने बिखर कर चूर चूर हो गये।

## सारंगपुर के रामगोपाल सोनी बने स्वर्णकार समाज जिला अध्यक्ष

**सारंगपुर।** स्वर्णकार समाज के जिला संगठन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के लिए जिला कोर कमेटी के द्वारा जिला निर्वाचन समिति का गठन किया था, जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में सुरेश चंद्र सोनी बनाए गए और सहयोगी निर्वाचन अधिकारी के रूप में संजय सोनी पांचम को नियुक्त किया गया। प्रक्रियानुसार निर्वाचन अधिकारी सुरेश चंद्र सोनी की निगरानी में जिला अध्यक्ष के लिए समाज के प्रबुद्धजनों से नामांकन सहित आवेदन स्वीकार किए गये थे,जिसके लिए सूचनाएं विविध माध्यमों से पूरे जिले में पहुंचाई गई। प्राप्त आवेदन में एक ही उम्मीदवार का आवेदन प्राप्त होने पर जांच समिति द्वारा सही पाया जाने पर रामगोपाल सोनी सारंगपुर को जिला अध्यक्ष के लिए निर्वाचित किया। निर्वाचन अधिकारी सोनी द्वारा निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र उम्मीदवार को उपस्थित समाज जनों, पदाधिकारियों, नगर अध्यक्षों के समक्ष दिया। इस अवसर पर कोर कमेटी सदस्य कैलाशचंद्र सोनी,घनश्याम सोनी, इंजी.मुकेश सोनी, बनवारीलाल सोनी, मोहन सोनी, यशवंत पटेल, संतोष सोनी, प्रकाशचंद्र सोनी, सुरेश सोनी, अत्तु सोनी, अजय सोनी, अंकुर सोनी, दीपक सोनी, कैलाश चंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे। 1415



## 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां, सरकार ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में 100% शुद्ध इथेनॉल को बतौर ईंधन इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार, 13 जून को नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से जुड़े नियमों और रेगुलेशंस को अंतिम रूप देने वाली फाइल पर उन्होंने साइन कर दिए हैं। इस कदम का मुख्य उद्देश्य देश की कच्चे तेल (फॉसिल फ्यूल) के इम्पोर्ट पर निर्भरता को कम करना और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से होने वाले प्रदूषण को रोकना है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर ने इस बदलाव को स्वीकार कर लिया है और कई बड़ी कंपनियां 100% इथेनॉल से चलने वाले वाहन बाजार में उतारने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

गडकरी के मुताबिक, टोयोटा , सुजुकी, टव्र्‌ और हुंडई सहित अन्य कंपनियां अगले 6 हफ्तों के भीतर अपने ऐसे नए मॉडल्स भारतीय बाजार में लॉन्च करने जा रही हैं जो पूरी तरह इथेनॉल पर चलेंगे। नितिन गडकरी ने जोर देकर कहा कि इथेनॉल पेट्रोल के मुकाबले किफायती और टिकाऊ विकल्प बनकर उभर सकता है। भारत अभी अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से क्रूड ऑयल इम्पोर्ट करके पूरा करता है, जिससे देश के खजाने पर वित्तीय बोझ पड़ता है।

100% इथेनॉल के आने से न सिर्फ आम जनता को महंगे पेट्रोल से राहत मिलेगी, बल्कि भारत का भारी-भरकम ईंधन आयात बिल भी काफी हद तक कम हो जाएगा।

### क्या होता है एथेनॉल?

एथेनॉल एक तरह का अल्कोहल है, जो स्टार्च और शुगर के फर्मेंटेशन से बनाया जाता है। इसे पेट्रोल में मिलाकर गाड़ियों में इको-फ्रैंडली फ्यूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है। एथेनॉल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने के रस से होता है, लेकिन स्टार्च कॉन्टेनिंग मटेरियल्स जैसे मक्का, सड़े आलू, कसावा और सड़ी सब्जियों से भी एथेनॉल तैयार किया जा सकता है।


**फर्स्ट जनरेशन एथेनॉल :** फर्स्ट जनरेशन एथेनॉल गन्ने के रस, मीठे चुकंदर, सड़े आलू, मीठा ज्वार और मक्का से बनाया जाता है। सेकेंड जनरेशन एथेनॉल सेल्युलोज और लिग्नोसेल्यूलोसिक मटेरियल जैसे- चावल की भूसी, गेहूं की भूसी, कॉर्नकॉब (भुट्टा), बांस और वुडी बायोमास से बनाया जाता है।

# 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी, फिटमेंट फैक्टर 3 होने पर 45 हजार रुपए हो जाएगी बेसिक सैलरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के नियम और शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब करीब 55 लाख सेवारत कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स की सैलरी, पेंशन और भत्तों में बड़े बदलाव की उम्मीद है। वहीं आयोग को अपनी सिफारिशें सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है।

फिटमेंट फैक्टर वह गुणांक यानी मल्टीप्लायर है जिसका इस्तेमाल केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की बेसिक सैलरी को रिवाइज करने के लिए किया जाता है। नया सैलरी स्ट्रक्चर तय करने में इसकी भूमिका सबसे जरूरी होती है। 7वें वेतन आयोग में 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया गया था, जो 2016 से प्रभावी हुआ था। इसके तहत अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 15,000 थी, तो वह बढ़कर 38,550 हो गई थी। 8वें वेतन आयोग के लिए केंद्रीय कर्मचारी यूनियनों और एसोसिएशनों ने मुख्य रूप से फिटमेंट फैक्टर को बढ़ाने और न्यूनतम बेसिक पे में बड़ी बढ़ोतरी की मांग की है। कुछ यूनियनों ने फिटमेंट फैक्टर को 3 से 5 या उससे अधिक करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, पेंशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इतनी बड़ी मांग वित्तीय वास्तविकताओं के अनुकूल नहीं हो सकती है। पेंशन एक्सपर्ट्स के अनुसार, आयोग न्यूनतम वेतन की गणना के तरीके में बदलाव कर सकता है। इसके लिए परिवार की उपभोग इकाइयों (कंजम्पशन यूनिट्स) को तीन से बढ़ाकर पांच किया जा सकता है और फिटमेंट फैक्टर को 2.64 करने पर विचार किया जा सकता है।



### कब लागू होगा 8वां वेतन आयोग और कब तक आएगी रिपोर्ट?

केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2025 में 8वें वेतन आयोग की शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दी थी और पैनल को रिपोर्ट सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया था। हालांकि 7वें वेतन आयोग की जगह 8वें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू मान लिया गया है, लेकिन आयोग को अपना काम पूरा करने में करीब 18 महीने का समय लगने की उम्मीद है। आयोग ने मेमोरेंडम जमा करने की आखिरी तारीख को बढ़ाकर 15 जून 2026 कर दिया है। इसके बाद सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) के सुझावों की जांच की जाएगी और अंतिम सिफारिशें तैयार होंगी।

### कितनी बढ़ सकती है कर्मचारियों की इनहैंड सैलरी?

सैलरी में होने वाली अंतिम बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि आयोग क्या सिफारिश करता है और सरकार किसे मंजूरी देती है। इसे दो अलग-अलग उदाहरणों से समझा जा सकता है

**पहला उदाहरण (60 प्रतिशत डीए के आधार पर):** मान लीजिए किसी कर्मचारी की बेसिक पे 100 है। 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलाकर उसकी कुल कमाई 160 हो जाती है। नए फिटमेंट फैक्टर के बाद अगर बेसिक पे दोगुनी होकर 200 हो जाती है, तो मौजूदा 160 के मुकाबले उसकी प्रभावी सैलरी में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

**दूसरा उदाहरण (फिटमेंट फैक्टर 3 होने पर):** अगर सरकार मौजूदा फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ाकर 3.0 कर देती है, तो एंट्री-लेवल की बेसिक पे में 15 से 20 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है। इस स्थिति में 15,000 की बेसिक सैलरी सीधे 45,000 हो जाएगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर सरकार कर्मचारी यूनियनों की मांग से कम फिटमेंट फैक्टर भी रखती है, तो भी सरकारी खर्च में बड़ी बढ़ोतरी होगी और कर्मचारियों को अपनी सैलरी में एक सम्मानजनक उछाल देखने को मिलेगा।

### 7वें वेतन आयोग में कितना हुआ था फायदा?

तुलना के लिए 7वें केंद्रीय वेतन आयोग ने सबसे निचले स्तर के कर्मचारियों की न्यूनतम सैलरी को बढ़ाकर 18,000 प्रति महीने किया था। इसके साथ ही नई भर्ती वाले क्लास-क अधिकारियों की सैलरी को 56,100 तय किया गया था। इसके कारण 1 जनवरी 2016 से कुल सैलरी और पेंशन में 14.29 प्रतिशत की कुल बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

वर्तमान में 8वां वेतन आयोग अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहा है। आयोग की टीम वहां कर्मचारी एसोसिएशनों और यूनियनों से मुलाकात कर रही है। इस दौरान कर्मचारियों की मांगों और उनके प्रस्तावों के ज्ञापन (मेमोरेंडम) नोट किए जा रहे हैं। यूनियनों ने मुख्य रूप से सैलरी रिवीजन और रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले फायदों में सुधार की मांग रखी है।

## टाटा की आईफोन-पार्ट्स फैक्ट्री पर प्रदूषण फैलाने का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने आरोप लगाया है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की आईफोन कंपोनेंट्स फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी (वेस्टवाटर) ने पास के खेतों के भूजल यानी ग्राउंडवाटर को दूषित कर दिया है। रेगुलेटर ने कंपनी को चेतावनी दी है कि अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो फैक्ट्री की बिजली काट दी जाएगी और इसे जबरन बंद कर दिया जाएगा।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स का यह प्लांट तमिलनाडु के होसुर में स्थित है, जहां आईफोन के बैक पैनल और अन्य पार्ट्स बनाए जाते हैं। प्लांट के पास मौजूद कृषि भूमि के मालिकों ने प्रदूषण बोर्ड से शिकायत की थी कि फैक्ट्री का वेस्टवाटर उनके खेतों और खुले कुओं के पानी को खराब कर रहा है। किसानों की इस शिकायत के बाद ही प्रदूषण बोर्ड ने मामले की जांच शुरू की थी।

रेगुलेटर के नोटिस के मुताबिक, किसानों की शिकायतों के बाद दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच इस प्लांट का 5 बार राज्य स्तरीय निरीक्षण यानी इंसपेक्शन किया गया। 25 मई 2026 को जारी तीन पन्नों के नोटिस में बोर्ड ने कहा कि टाटा ने अपने परिसर के भीतर बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पोंड (वर्षा जल संचयन तालाब) में गंदा पानी छोड़ दिया था।

यह तालाब ओवरफ्लो हो गया, जिससे आसपास की कृषि भूमि में स्थित खुले कुओं का भूजल दूषित हो गया। इससे पहले 23 दिसंबर 2025 को भी बोर्ड ने कंपनी को निर्देश जारी किए थे, लेकिन टाटा ने उन पर कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया। इस पूरे मामले पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपना रुख साफ किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उन्होंने एक मान्यता प्राप्त लेबोरेटरी से स्वतंत्र रूप से इसकी जांच (इंडिपेंडेंट एनालिसिस) करवाई है। इस स्टडी में सामने आया है कि कंपनी सभी नियामक मानदंडों (रेगुलेटरी नॉर्म्स) का पूरी तरह से पालन कर रही है। कंपनी जिम्मेदार व्यावसायिक तौर-तरीकों, पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने प्रदूषण अधिकारियों को अपना जवाब भेज दिया है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल 4 और डीजल 2 रुपया सस्ता

पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 4 रुपया और हाई स्पीड डीजल के दाम में 2 रुपया की कटौती की है। इससे यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 373.78 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) और डीजल की कीमत 378.78 रुपया प्रति लीटर पर आ गई हैं। नई कीमतें आज यानी 13 जून से लागू हो गई हैं। पांच हफ्तों में पेट्रोल की कीमत कुल मिलाकर 41 रुपया प्रति लीटर कम हो चुकी है।




फीफा वर्ल्ड कप-ब्राजील को मोरक्को ने ड्रॉ पर रोका, ग्रुप सी में टॉप पर

# स्कॉटलैंड ने 44 साल बाद जीता पहला मैच

एजेंसी ▶▶ रदरफोर्ड

दुनिया की 7वें नंबर की टीम मोरक्को ने रविवार को फुटबॉल वर्ल्ड कप में 5 बार की चैंपियन ब्राजील को ड्रॉ पर रोका। ब्राजील की टीम 1934 के बाद से अपना ओपनिंग मैच नहीं हारी है।

ग्रुप-सी के इस मुकाबले में 2022 की सेमीफाइनलिस्ट मोरक्को ने इस्माइल साइबारी के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, स्टार फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर के शानदार गोल से ब्राजील ने वापसी कर एक अंक हासिल किया। इसी ग्रुप के दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने हैती को 1-0 से हराया। बूस्टन स्टेडियम में 28वें मिनट में जॉन मैक्गिन ने गोल दागा। यह निर्णायक गोल साबित हुआ। स्कॉटलैंड ने 44 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की है।

स्कॉटलैंड ग्रुप-सी के पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर है। मोरक्को दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर है। स्कॉटलैंड के 3 अंक हैं, जबकि ब्राजील और मोरक्को के एक-एक अंक हैं। हैती हार के बाद सबसे निचले स्थान पर है। यह पहली बार है, जब विनिसियस जूनियर ने ब्राजील के लिए गोल किया और टीम जीत नहीं सकी है। इससे पहले विनिसियस ने आठ मैचों में ब्राजील के लिए गोल दागे, उन सभी में टीम को जीत मिली। ब्राजील ने वर्ल्ड कप के पहले मैचों में अपना 21 मैचों का अपराजित क्रम बरकरार रखा। ब्राजील आखिरी बार 1934 में स्पेन के खिलाफ वर्ल्ड कप का पहला मैच हारा था।



### साइबारी के गोल से मोरक्को को बढ़त मिली

मोरक्को ने अटैकिंग शुरुआत की और 21वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। नुसैर मजराउई ने ब्राजील के मिडफील्डर लुकास पाकेटा से गेंद छिनने के बाद ब्राहिम डियाज को पास दिया। फिर डियाज की शानदार थ्रू बॉल पर इस्माइल साइबारी ने दौड़ लगाई और गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से गेंद चिप करते हुए गोल दाग दिया।

### विनिसियस जूनियर ने बराबरी का गोल दागा

ब्राजील ने 11 मिनट बाद जवाब दिया। 32वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने ब्रूनो गिमारेस के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाया। बाएं फ्लैंक से अंदर की ओर बढ़ते हुए उन्होंने जोरदार राइट फुट शॉट लगाया, जो मोरक्को के गोलकीपर यासीन बूनू को छकाते हुए गोल में चला गया। यह विनिसियस के इंटरनेशनल करियर का 10वां गोल है।



## वीरेंद्र सहवाग के क्लब में शामिल हुए रोहित शर्मा, बतौर ओपनर 16 हजार रन पूरे किए

एजेंसी ▶▶ पटना

भारत ने पहले वनडे में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। धर्मशाला में कप्तान शुभमन गिल ने 84 रन की पारी खेली। वे वनडे में सबसे तेज 3 हजार रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। वहीं, रोहित शर्मा ने बतौर ओपनर इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे किए। उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग ने यह कारनामा किया था। रोहित भारत के लिए वनडे क्रिकेट खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 39 साल और 44 दिन की उम्र में मैच खेला। रोहित से पहले पूर्व ऑलराउंडर मोहिंदर अमरनाथ ने 1989 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में वनडे मैच खेला था।

रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर 16 हजार रन पूरे किए। उन्होंने 16 रन की पारी के दौरान छठा रन बनाते यह अचीवमेंट हासिल किया। वे ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय और दुनिया के 7वें बल्लेबाज बन गए। श्रीलंका के पूर्व ओपनर सनथ जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 19,298 रन बनाए हैं। गिल ने वनडे में 3,000 रन पूरे किए। वे सबसे कम पारियों में इस आंकडे.तक पहुंचने वाले पहले भारत और दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बने। गिल ने महज 62 पारियों में यह आंकड़ा हासिल किया। साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला पहले नंबर पर हैं। उन्होंने सिर्फ 57 पारियों में यह कारनामा किया था।

भारत के खिलाफ गुरबाज ने 48 गेंद में शतक जड़ा। वे भारत के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पहले स्थान पर पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी हैं।



### विमेंस वर्ल्डकप- वेस्टइंडीज ने डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड को हराया

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार को बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर करियर का 100वां टी-20 भी खेला। साउथैम्पटन में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 162/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में वेस्टइंडीज ने 19.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शेमेन कैंपबेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के अन्य मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 65 रन से और स्कॉटलैंड ने आयरलैंड को 40 रनों से मात दी।


**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**

क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।

चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**

गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।

संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**

स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा

संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)

संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### राऊ में हिंदू युवती के साथ रह रहा था युवक हिंदू संगठन के कार्यकर्ता दोनों को थाने ले गए

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में एक युवक के साथ हिंदू युवती के रहने की सूचना पर शनिवार रात हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों को अपने साथ थाने ले जाया गया। कार्यकर्ताओं ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से चर्चा की। एहतियातन पुलिस ने युवक को रात में थाने में बैठा लिया। मामला कमला नगर क्षेत्र का है। यहां सूफियान उर्फ सैफी अली, निवासी सदर बाजार, एक हिंदू युवती के साथ इकबाल खान के मकान में रह रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर बजरंग दल के राम दागी और हिंदू जागरण मंच के रोहित पटेल कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे। इसके बाद युवक सूफियान को लेकर राऊ थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि सूफियान पहले बाणगंगा क्षेत्र में सैलून संचालित करता था। वहीं उसकी युवती से पहचान हुई थी। बाद में वह युवती को साथ लेकर राऊ के श्रमिक क्षेत्र में सैलून चला रहा था और इकबाल खान के मकान में रह रहा था। बताया गया कि मकान मालिक इकबाल ने भी दोनों के बारे में थाने को कोई सूचना नहीं दी थी। हिंदू संगठनों का आरोप है कि युवक के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था, हालांकि उसकी पहचान सामने नहीं आई है। राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर के अनुसार, युवक के संबंध में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम कर्मचारी हनुमानजी की तस्वीर सीने से लगाकर फांसी पर झूला

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को नगर निगम के एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक नगर निगम की कचरा कलेक्शन गाड़ी का चालक था। घटना के समय उसकी मां सब्जी मंडी गई थीं, जबकि पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई थी। एरोड्रम पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अखिलेश चौहान (35) पुत्र लीलाधर चौहान, निवासी छोटा बांगड़दा, तेजाजी मंदिर के पास के रूप में हुई है। वह नगर निगम के जोन-16, वार्ड-15 में कचरा संग्रहण का काम करता था। बताया जा रहा है कि अखिलेश हनुमानजी के भक्त थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उन्होंने फांसी लगाने से पहले हनुमानजी की एक तस्वीर अपने सीने से लगा रखी थी। घटना के समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। परिजनों ने बताया कि मृतक की मां सब्जी मंडी गई हुई थीं। जब वह वापस घर लौटीं तो बेटे को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। जानकारी के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच कुछ समय से कहासुनी चल रही थी। विवाद के बाद पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई थी और वापस नहीं लौट रही थी। प्रारंभिक तौर पर इसी बात से परेशान होकर अखिलेश द्वारा यह कदम उठाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### जुए के अड्डे पर क्राइम ब्रांच की रेड, 31 जुआरी पकड़े, डेढ़ लाख रुपए जब्त



**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में शनिवार देर रात क्राइम ब्रांच ने जुए के एक अड्डे पर दबिश देकर 31 जुआरियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान करीब डेढ़ लाख रुपए नकद जब्त किए गए। मामला महालक्ष्मी नगर का है, जहां पराग नामक व्यक्ति के मकान में घोड़ी का जुआ संचालित होने की सूचना पर क्राइम ब्रांच ने रात करीब 1 बजे छापा मारा। टीम ने मौके से 31 लोगों को पकड़ा, जबकि मुख्य आरोपी पराग पुलिस टीम के पहुंचने के पहले ही फरार हो गया था। कार्रवाई के बाद क्राइम ब्रांच की टीम सभी आरोपियों को लेकर थाने पहुंची। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकलीं दो महिलाओं से बदमाश मंगलसूत्र और चेन झपटकर हुए फरार

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने दो महिलाओं के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वारदात में एक युवती भी शामिल थी। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, घटना तलावली तालाब के पास की है। शनिवार सुबह अमिता श्रीवास्तव अपनी सहेली सविता, निवासी स्मार्ट होम, के साथ मॉर्निंग वॉक पर गई थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक और एक युवती वहां पहुंचे। बाइक के बीच में और पीछे बैठी युवती ने उनसे बायपास का पता पूछा और बातचीत में उलझा लिया। इसके बाद युवती और एक युवक ने दोनों महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और चेन झपट ली। वारदात के तुरंत बाद बाइक चालक तेज रफ्तार से वाहन लेकर फरार हो गया। जब तक महिलाएं कुछ समझ पातीं, आरोपी मौके से भाग चुके थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इलाके के कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनके आधार पर पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस हीरानगर और परदेशीपुरा क्षेत्र के संदिग्ध बदमाशों की जानकारी भी जुटा रही है। लसूड़िया थाना क्षेत्र में ही एनेक्स ग्रीन व्यू प्रीमियम निवासी कुसुमकली गोस्वामी के घर चोरी की वारदात सामने आई है। पुलिस ने शनिवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के अनुसार, चोर अलमारी से सोने की चेन, चांदी के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### चर्चित रंगदारी और फायरिंग मामले में कोर्ट में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**इंदौर।** शहर के चर्चित रंगदारी और फायरिंग मामले में जिला कोर्ट आरोपी कुलदीप सिंह चौहान की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता, जांच की प्रारंभिक स्थिति और साक्ष्यों को प्रभावित किए जाने की आशंका को देखते हुए राहत देने से इनकार किया। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर शहर के व्यवसायियों और बिल्डरों की रैकी की थी। आरोप है कि आरोपियों ने स्वयं को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर व्यवसायी विवेक दम्मानी से व्हाट्सएप के माध्यम से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं देने पर दम्मानी और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। मामले में एक कारोबारी के घर पर फायरिंग कराने के आरोप भी हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी के खिलाफ संगठित तरीके से रंगदारी, आपराधिक भय उत्पन्न करने और गंभीर अपराधों में संलिप्तता के आरोप हैं। जांच अभी पूरी नहीं हुई है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और पूछताछ शेष है। ऐसे में आरोपी को जमानत देने पर साक्ष्यों और गवाहों को प्रभावित किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट और एससी-एसटी एक्ट सहित दो आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी की पहली नियमित जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया।

अभियान लगातार जारी रहेगा, इंदौर में फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी पर निगम सख्त, निरीक्षण में मिली कमियां

# 8 होटल, अस्पताल और व्यावसायिक भवन सील

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर


इंदौर में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी करने वाले व्यावसायिक भवनों के खिलाफ नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। शनिवार को निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए शहर के 8 व्यावसायिक भवनों और संस्थानों को सील कर दिया।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर यह विशेष अभियान शहर के सभी जोनों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आगजनी जैसी संभावित घटनाओं की रोकथाम करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों ने विभिन्न व्यावसायिक, संस्थागत और बहुमंजिला भवनों में लगे फायर सेफ्टी उपकरणों, अग्निशमन यंत्रों, फायर अलार्म सिस्टम, हाइड्रेंट सिस्टम और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। कई जगह फायर सेफ्टी उपकरण या तो मौजूद नहीं मिले या फिर वे चालू हालत में नहीं पाए गए। निगम ने पहले संबंधित भवन संचालकों को सुधार के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन तय समय सीमा में नियमों का पालन नहीं होने पर अब सीलिंग की कार्रवाई की गई।







#### इन संस्थानों पर हुई कार्रवाई

- शनिवार को जिन संस्थानों को सील किया गया उनमें यासिका होटल, शिवानी होटल, नवलेरी होटल, नर्मदा डायग्नॉस्टिक, होटल ट्रीबो, होटल सफायर, रिवाज फैशन और महावीर हॉस्पिटल शामिल हैं।
- नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने स्पष्ट कहा है कि शहर में संचालित सभी व्यावसायिक और बहुमंजिला भवनों में फायर सेफ्टी के तय मानकों का पालन अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## इंदौर अभिभाषक संघ चुनाव: 25 जून को मतदान

### 55 दावेदार मैदान में, 5411 वकील करेंगे मतदान, अध्यक्ष पद के लिए 7 प्रत्याशियों की दावेदारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन फॉर्म लेने के अंतिम दिन तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी पदों सहित कुल 55 अधिवक्ताओं ने फॉर्म प्राप्त किए हैं। चुनाव के लिए 25 जून को मतदान होगा और उसी दिन शाम 6 बजे से मतगणना शुरू होकर रात 10 बजे तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। अब 15 जून से नियमित कोर्ट लगेगी। इसके चलते चुनावी सरगर्मी और बढ़ेगी।

सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय मेहरा के अनुसार नामांकन पत्र 15, 16 और 17 जून को जमा किए जाएंगे। 18 जून को जांच के बाद 22 जून तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी और उसी दिन उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।



#### कोषाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित

इस बार 5411 एडवोकेट मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कोषाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित है, जहां पांच महिला उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। वहीं कार्यकारिणी के छह पदों में से दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखे गए हैं। शनिवार को भी उम्मीदवारों ने नामांकन फॉर्म लिए।

**अध्यक्ष पद को लेकर कई दिग्गज मैदान में-** अध्यक्ष पद के लिए राजेश खंडेलवाल, रवींद्र सिंह गौड़, राकेश पाल, गोपाल कचोलिया, श्रीराम भदौरिया, मनोज वर्मा और एल.एल. यादव सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता दावेदारी जता चुके हैं। सचिव और उपाध्यक्ष पदों पर भी मुकाबला रोचक होने के संकेत हैं।

सचिव पद के लिए अमित पाठक, रोहित दांतरे, भूपेंद्र साहू, विशाल रामटेके, धर्मेंद्र गुर्जर दावेदार हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए संतोष पांडे, सुनील पटेल, संतोष सिंह ठाकुर, हरीश बंदावड़े, पुरुषोत्तम, सोमानी, सुरेंद्र सिंह गंभीर, जितेंद्र निम मैदान में हैं।

निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव आचार संहिता लागू कर दी है। इसके तहत कोर्ट परिसर में पोस्टर, बैनर, पंपलेट या प्रचार सामग्री वितरित करने पर प्रतिबंध रहेगा। आचार संहिता के पालन की निगरानी के लिए विशेष समिति भी गठित की गई है। वकीलों की प्रमुख मांग है कि नई कार्यकारिणी कोर्ट परिसर में बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दे।

## 22 जोनों में जनकल्याण कैंप लगेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के लोगों के लिए काम की खबर है। अब आपको सरकारी योजनाओं का लाभ लेने या अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, नगर पालिक निगम इंदौर शहर के सभी 22 जोन ऑफिसों पर तीन दिन का जनकल्याण कैंप लगाने जा रहा है। यह कैंप 16 जून से 18 जून तक लगेंगे।

इस कैंप का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और आम जनता की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी निराकरण करना सुनिश्चित करना है। कैंप के माध्यम से केंद्र व राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र लेकिन अब तक लाभ से वंचित लोगों को लाभान्वित करने की विशेष पहल की जाएगी। अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे के मुताबिक 16 से 18 जून तक अलग-अलग झोनल ऑफिसों पर जनकल्याण कैंप लगाए जाएंगे। इनमें - 16 जून को झोन क्रमांक 1 से 8 तक के झोनल ऑफिसों पर। 17 जून को झोन क्रमांक 9 से 15 तक के झोनल ऑफिसों पर। 18 जून को झोन क्रमांक 16 से 22 तक के झोनल ऑफिसों पर।

उन्होंने बताया कि कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी और पात्र हितग्राहियों को आवेदन, पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं सेवा वितरण जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को अलग-अलग ऑफिसों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी और उन्हें त्वरित रूप से योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

## इंदौर का नेट टैक्स कलेक्शन 3600 करोड़



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

आयकर विभाग के इंदौर सर्कल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में हुए टैक्स कलेक्शन के आंकड़े अब तक के सर्वाधिक हैं। वर्ष 2025-26 में विभाग को 2980 करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था, जिसके मुकाबले इंदौर सर्कल का ग्रॉस कलेक्शन 5788 करोड़ रहा, जिसमें से 2187 करोड़ का रिफंड हटा दें तो इंदौर का नेट टैक्स कलेक्शन 3600 करोड़ रहा है, जो टारगेट से 20% ज्यादा रहा है।

इस बार रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी 19 हजार का इजाफा देखने को मिला है। यदि सर्वाधिक टैक्स भरने वालों का आंकड़ा देखें तो 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स भरने वाले लोगों की संख्या 2 पर स्थिर है, लेकिन 50 करोड़ से 100 करोड़ रुपए का टैक्स भरने वाले करदाता दोगुना हो गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इंदौर रीजन में 14 लाख 70 हजार लोगों ने रिटर्न भरा था, वहीं वर्ष 2025-26 में 14 लाख 89 हजार लोगों ने रिटर्न दाखिल किए हैं।

## अनुगूंज राज्यव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय के व्यक्तियों तक अवसर की समानता, समान अधिकार एवं न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुगूंज राज्यव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया, जिसके द्वारा मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ शिविर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए माननीय न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने कहा कि न्याय तभी सार्थक है जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान रूप से पहुंच सके। श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय सहित प्रत्येक दिव्यांगजन को सम्मान, अवसर की समानता तथा न्याय तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है तथा ऐसे कार्यक्रम दिव्यांगजनों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने कहा कि न्याय तक समान पहुंच प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों विशेषकर श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय को न्याय एवं विधिक सहायता तक सहज एवं सुलभ पहुंच उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किया जाना एक विशेष उपलब्धि है।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com